रांची, मंगलवार
29.10.2024
वर्ष : 9, अंक : 325 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### जमशेदपुर में 1.57 करोड़ के आभूषण जब्त

जमशेदपुर। चुनाव ड्यूटी में लगे टाटानगर आरपीएफ की उडनदस्ता टीम ने टाटानगर स्टेशन पर एक व्यक्ति के पास से 1.44 किलो सोना और 51 किलो चांदी सहित अन्य आभूषण जब्त किए हैं। इस संबंध में एक व्यक्ति को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम विवेकानंद झा बताया और बताया कि वह जुगसलाई गोशाला नाला रोड का रहने वाला है। बरामद गहनों की कीमत एक करोड़ 57 लाख 79 हजार 614 रुपये आंकी गई है। मामले की सूचना आयकर विभाग और जीएसटी विभाग को भी दे दी गई है।

### जामा से डॉ लुईस मरांडी ने किया नामांकन



दुमका। भाजपा छोड़ झामुमो में आयी डॉ लुईस मरांडी ने सोमवार को जामा विधानसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल किया। नामांकन करने पहुंची झामुमो प्रत्याशी के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं एवं डॉ लुईस मरांडी के समर्थकों की भीड़ उमड़ी रही। जामा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से झामुमों के प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी ने निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन दाखिल कर बाहर आयी डॉ लुईस मरांडी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उन्होंने जामा विधानसभा सीट के लिए झामुमो की टिकट से नामांकन भरा है। जनता एक संगठन सभी लोगों का मुझे समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि हमारे साथ संगठन के लोग हैं। प्रखंड अध्यक्ष शिवलाल एवं कालेश्वर सोरेन मौजूद हैं। डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि आज उमड़ता हुआ कार्यकताओं का जो उत्साह दिखा निश्चित रूप से जामा अब मेरे लिए नया नहीं है। जनता ने मन से मुझे स्वीकार कर लिया है और हमलोग निश्चित रूप से जामा विधानसभा चुनाव जीतेंगे। एक सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि इतने कम दिनो में क्षेत्र के कार्यकताओं एवं जनता से जो हमारी बातचीत हुई। लोगों ने कहा कि जामा का विकास अभी तक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सड़क, कनेक्टिविटी, पेयजल, स्वस्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में जामा विधानसभा बहुत ही पिछड़ा हुआ है। हम जामा विधानसभा की तमाम जनता को आश्वस्त करते हैं कि जिस तरह से पहले हमने अपने छोटे से कार्यकाल में निष्ठापूर्वक काम किया है। उसी निष्ठा एवं जनता के प्रति आस्था रखते हुए जनता से बातचीत करते हुए एक-एक समस्या का समाधान करेंगे।

### भाजपा ने बरहेट और टुंडी से उतारे उम्मीदवार

रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने दूसरी लिस्ट जारी कर दी है. इस लिस्ट में बीजेपी ने दो सीटों (टुंडी और बरहेट) पर उम्मीदवारों की घोषणा की है. पार्टी ने बरहेट से गमालियल हेंब्रेम को उम्मीदवार बनाया है. वहीं टुंटी से विकास महतो को चुनावी मैदान में उतारा है. इससे संबंधित आदेश भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने जारी कर दी है. बीजेपी ने सभी 68 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. बता दें कि बीजेपी ने राज्य में 68 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है. इससे पहले 19 अक्टूबर को बीजेपी ने पहली लिस्ट जारी की थी. पार्टी ने इस लिस्ट में 66 उम्मीदवारों की घोषणा की थी. इनमें 11 महिला उम्मीदवार शामिल है.

# धनतेरस आज, संध्या काल में होगी धन के देवता कुबेर की पूजा

बिभा संवाददाता



रांची। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 29 अक्टूबर को धनतेरस मनाया जाएगा। इसे धन त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। 29 अक्टूबर को बुध के गोचर से धनतेरस पर लक्ष्मी नारायण योग बनेगा, जिसे बहुत ही शुभ माना जा रहा है। मंगलवार को सुबह से देर रात तक खरीदारी का मुहूर्त है।

इस दिन सोना, चांदी, वाहन, जमीन, घर इलेक्ट्रॉनिक्स आदि खरीदना सुख और समृद्धि का कारक माना गया है। पंडित मनोज पांडेय ने सोमवार को बताया कि अथर्ववेद में बताया गया है कि धन्वन्तरि भगवान विष्णु के तेरहवें अवतार हैं।

ऋषिकेश पंचांग के अनुसार धनतेरस के दिन अभिजीत मुहूर्त दिन के 11.42 बजे से 12.27 बजे तक है। विजय मुहूर्त दोपहर 1.56 से 2.41 तक है। कुंभ लग्न दोपहर 1.29 बजे से 3 बजे तक है। वहीं, वृष लग्न शाम 6.07 बजे से 8.04 बजे तक है। दोपहर से प्रदोष काल 12.36 बजे से शाम 5.33 बजे तक में वाहन जैसे चलायमान सामग्री लेने का शुभ मुहूर्त है।

उन्होंने ने बताया कि संध्या काल में धन के देवता कुबेर की पूजा होगी। धनतेरस के दिन ऐश्वर्य में वृद्धि की कामना से भगवान गणेश, माता लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की विधिवत पूजा की जाएगी। यह पूजा संध्या काल स्थिर वृष लग्न में 6.19 से रात 8.15 बजे के बीच की जाएगी।

## धनतेरस और दिवाली को देखते हुए रांची के ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव



रांची : रांची में धनतेरस और दीपावली (29 व 30 अक्तूबर) को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने यातायात में बदलाव किया है. इसके तहत अपर बाजार में शहीद चौक से किशोरी यादव चौक तक सभी प्रकार के चारपहिया वाहन, ऑटो व ई-रिक्शा का दिन के 12:30 से रात 12:00 बजे तक प्रवेश बंद रहेगा. दोनों तरफ से उक्त वाहनों के आने-जाने पर पूरी तरह पाबंदी लगायी गयी है. इसलिए इन इलाकों से आने जाने वाले लोगों को वैकल्पिक मार्ग की तलाश करनी होगी. इस संबंध में ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया कि इसके लिए पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गयी है. दिवाली और धनतेरस को देखते हुए काली मंदिर (चर्च रोड) से विक्रांत चौक (फतेहउल्लाह रोड) तक दिन के 12:30 से रात 12:00 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा. रेडियम चौक से सुजाता चौक के बीच सभी प्रकार के छोटे-बड़े मालवाहक वाहनों का दिन के 12:30 से रात 12:00 बजे तक प्रवेश बंद रहेगा शहर में सुबह 8:00 बजे से रात 12:00 बजे तक बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा. सामान्य दिनों में नो इंट्री की अवधि रात 10 बजे तक है. जरूरत पड़ने पर अन्य मार्गों को कुछ देर के लिए डायवर्ट किया जायेगा.

### बेबी देवी के समर्थन में वोट मांगने डुमरी पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कहा

# टाईगर के क्षेत्र में कोई लकड़बग्घा न घुस पाए

बिभा संवाददाता

गिरिडीह। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को इंडी गठंबधन प्रत्याशी बेबी देवी के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे वीर शहीद जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी के नामांकन के आप साक्षी बने उसके लिए आपको नमन करता हूं। आज फिर से हमने इस डुमरी विधानसभा क्षेत्र को सेवा के लिए चुना है। बहुत सारे लोग इस चुनावी मैदान में है।

उन्होंने कहा कि आपने हर चुनाव में वोट डाला है। आपको चुनाव में बहुत बताने की जरूरत नहीं है। बड़े भाई जगरनाथ महतो इस दुनिया में नहीं है। किन हालातों में बेबी देवी जी ने चूल्हा से निकलकर जगरनाथ महतो के रास्ते को अपनाया है वो किसी से छिपा नहीं है। हमलोग वोट मांगने आये हैं लेकिन इस बार पूरे अधिकार के साथ वोट मांगने आए हैं। हमारे लिए बहुत बड़ा चुनौती भरा सरकार था। पांच साल में हमलोगों ने उतार-चढ़ाव देखा।

राजद उम्मीदवार संजय यादव के नामांकन में शामिल हुए हेमंत सोरेन और तेजस्वी यादव



उन्होंने कहा कि इस पांच साल में हमें बहुत बड़ी-बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। हमारे दो-दो मंत्री को शहीद होना पड़ा है। जगरनाथ महतो की वजह से डुमरी के लोग अमन चैन से सोता था। आज उनके अधूरे कामों को बेबी देवी ने राह दिखाया है। आज इनको हमलोगों ने मंत्री भी बनाया है। हम महिला दीदी से पूछने चाहते हैं कि इस राज्य की महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना पसंद आया है या नहीं। हमने ये संकल्प लिया है कि हमें और महिलाओं को मजबूत करना है। हमने ये तय किया है कि अगली बार फिर से सरकार बनाएंगे और इस राज्य की हर महिलाओं को एक लाख देंगे। दिसंबर से महिलाओं के खाते में ढाई हजार जाने लगेगा।

हेमंत सोरेन ने कहा कि बहुत सारे लोग चुनावी मैदान में है। लकड़बग्घे की तरह इनको नोचने में लगे हैं। ध्यान रखिएगा ये जगरनाथ महतो का क्षेत्र है। उनके परिवार जनों की रक्षा हमने की है। इनको मंत्री बनाया है। क्षेत्र में इनकी रक्षा आपलोगों की जिम्मेदारी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी नहीं डरा है। भाजपा के सामने तो हम झुके नहीं है तो इन छोटे-छोटे लोगों के सामने क्या झुकेंगे। आप बेबी देवी जी को आशीर्वाद दीजिए।

# हेमंत सरकार ने संथाल परगना को किया घुसपैठियों के हवालेः हिमंत

बिभा संवाददाता



दुमका : दुमका जिले की चार विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया। शिकारीपाड़ा से परितोष सोरेन, दुमका से सुनील सोरेन, जामा से सुरेश मुर्मू और जरमुंडी से देवनंदन कुंवर ने अपने पर्चे जमा किए। इस मौके पर चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नामांकन सभा को संबोधित किया। इस दौरान हिमंत बिस्वा सरमा ने संथाल परगना की डेमोग्राफिक स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में आदिवासियों और हिंदुओं की संख्या लगातार घट रही है, और इस मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट ने भी डेमोग्राफिक बदलाव को लेकर चिंता व्यक्त की है।

सरमा ने अपने पाकुड़ दौरे का जिक्र करते हुए कहा, रकुछ दिन पहले जब मैं पाकुड़ गया था, तब हिंदू बहनों ने मुझसे कहा कि वे अपने ही गांव में सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। उन्होंने बताया कि उन्हें धमकाया जाता है, पीटा जाता है, और मारा जाता है। जो मांस वे नहीं खातीं, उसे उनके घर के सामने फेंक दिया जाता है। यह सिर्फ एक महिला की आपबीती नहीं थी, बल्कि सैकड़ों महिलाओं ने ऐसी घटनाओं की शिकायत की।

सरमा ने आगे कहा कि आदिवासी छात्राओं पर भी अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने बताया, जब मैं एक आदिवासी छात्रावास गया, तो वहां की छात्राओं ने बताया कि पुलिस और घुसपैठियों की मिलीभगत से उनके साथ मारपीट की गई। उन्होंने गायबथान से जुड़े मुद्दे पर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि वे लगातार उत्पीड़न का सामना कर रही हैं।

उन्होंने आगे कहा कि 20 साल पहले असम में घुसपैठ की शुरूआत हुई थी। तब हमारे लोगों ने आवाज नहीं उठाई थी। आज असम में जो घुसपैठ करने की कोशिश करता है, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। लेकिन आज झारखंड में घुसपैठिए संथाल में आते हैं और आदिवासी बेटियों को फंसाकर शादी कर लेते हैं। इन घुसपैठिए की 2-2 पत्नि होती है और तीसरी पत्नी आदिवासी बेटी को जाल में फंसाकर बनाते हैं। फिर मुखिया का चुनाव लड़ते हैं, और जो घुसपैठ करता है वह मुखिया बन जाता है। इसपर हेमंत सोरेन कुछ नहीं करते हैं, क्योंकि उनको वोट का लालच है। हेमंत सोरेन वोटबैंक के कारण घुसपैठिए पर कुछ नहीं बोलेत हैं।

## हेमंत सोरेन ने कविता के अंदाज में भाजपा से पूछे सवाल



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को चार चुनावी सभाओं में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 11 साल देश में सिर्फ और सिर्फ मित्रों को आगे बढ़ाने के बाद आज भाजपा को याद आई है रोटी, बेटी, माटी। इसके बाद उन्होंने कविता के अंदाज में कहा-

रोटी, बेटी, माटी की पुकार
फिर क्यों 11 साल से गरीबों को लूट रही भाजपा सरकार ?
जब है रोटी, बेटी, माटी की बात
फिर क्यों है होता है दलितों/आदिवासियों पर अत्याचार ?
जब है रोटी, बेटी, माटी की बात
फिर क्यों हैं पिछड़े शोषण का शिकार ?
जब है रोटी, बेटी, माटी की बात
फिर क्यों है सिर्फ मित्रों की बयार?
जब है रोटी, बेटी, माटी की बात
फिर कैसे फैल रहा नकली दवाओं का कारोबार ?
जब है रोटी, बेटी, माटी की बात
फिर क्यों नहीं होती झारखंड की 01 लाख 37 हजार करोड़ की बात ?
जब है रोटी, बेटी, माटी की बात
फिर क्यों नहीं होती सरना धर्म कोड पर बात ?

उन्होंने कहा कि मुद्दे बहुत हैं लेकिन मुझे पता है कि ये तानाशाह इस पर कुछ नहीं बोलेंगे।

# प्राकृतिक कृषि को गति देने को देवव्रत कर रहे हैं मिशन मोड में कामः मोदी

एजेंसी

अमरेली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि गुजरात में प्राकृतिक कृषि को गति देने के लिए राज्यपाल आचार्य देवव्रत मिशन मोड में काम कर रहे हैं।

श्री मोदी ने अमरेली जिले में लगभग 4900 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के आज लोकार्पण और शिलायास अवसर पर कहा कि प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में अमरेली को प्रगतिशील बताते हुए कहा कि गुजरात में प्राकृतिक कृषि की अलग यूनिवर्सिटी हालोल में शुरू हुई है और उससे जुड़े प्राकृतिक कृषि के पहले कॉलेज की भेंट अमरेली को मिली है। उन्होंने अमरेली में सहकारिता क्रांति का उल्लेख करते हुए कहा वर्ष 2007 में अमर डेयरी की शुरूआत के समय 25 गांवों में सहकारी समिति थी। आज 700 से अधिक गांवों की सहकारी समितियां डेयरी के साथ जुड़ी हैं और प्रतिदिन सवा लाख लीटर दूध एकत्रित होता है।

उन्होंने कहा कि श्वेत और हरित क्रांति के साथ हमने स्वीट रिवॉल्यूशन शुरू किया था। आज अमरेली जिले के किसान खेतों में शहद उत्पादन प्रोजेक्ट के जरिए खेतों में मधुमक्खी पालन कर शहद के उत्पादन के साथ अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। इसके साथ ही अमरेली के शहद की एक विशेष पहचान भी बन गई है। पर्यावरण के क्षेत्र में बड़े कार्यों को अनिवार्य बताते हुए उन्होंने कहा कि जब हम ह्यएक पेड़ मां के नामह्व अभियान का उल्लेख करते है, तब दुनिया के लोगों की आंखों में एक चमक आ जाती है। उन्होंने कहा कि हमने एक बड़ा अभियान शुरू किया है, जिसके अंतर्गत पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से सामान्य परिवार सालाना बिजली बिल के 25-30 हजार रुपए बचा सकता है और अतिरिक्त बिजली बेचकर कमाई भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए देश भर में डेढ़ करोड़ लोगों ने पंजीकरण कराया है, जबकि गुजरात में दो लाख से अधिक घरों में सोलर पैनल लग भी गए हैं।

श्री मोदी ने ऊर्जा क्षेत्र में अमरेली के अव्वल होने का उल्लेख करते हुए कहा कि सांसद गोविंदभाई धोलकिया ने दुधाला गांव को सोलर गांव बनाने का अभियान शुरू किया है। इससे गांव के लोगों के बिजली बिल के पैसे बचेंगे। दुधाला अब सोलर विलेज के रूप में देश में अपनी पहचान बनाने जा रहा है।









## संक्षिप्त खबरें

### डायन बिसाही में हुई हत्या के फरार आरोपी के घर बेड़ो पुलिस ने चिपकाया इश्तहार



**बेड़ो(बिभा) :** प्रखंड के अन्तर्गत सोमवार को पुलिस ने बेड़ो थाना कांड संख्या 79/20 दिनांक 15/09/20 धारा 147/148/341/323/ 037 /302 भा0द0 वि० एवं 3/4 डायन प्रथा प्रतिबंध अधीनियम के आरोपी महावीर लोहरा पिता- किशुन लोहरा सा0 रोगाडीह पतराटोली के घर पर इश्तिहार चिपकाया। ज्ञात हो कि वर्ष 2020 में रोगाडीह पतटाटोली गांव में इसी गांव की बिरसी उरॉईन व मंगरा उरांव का हत्या हुई थी। कांड में अभियुक्त महावीर लोहरा कांड अंकित होने के बाद से ही घर से फरार है।

### बेड़ो पुरना पानी चेक पोस्ट पर पुलिस ने पिकअप वैन से किया तीन लाख रुपये जब्त



**बेड़ो(बिभा) :** एफएसटी दल व बेड़ो पुलिस ने सोमवार की सुबह लगभग 5:00 बजे गुमला की ओर से आ रहे चार पहिया वाहन से 3 लाख बरामद किया गया। जहां वाहन चालक ने बताया कि वे जशपुर से टेंट का सामान खरीदने जा रहे थे। वहीं एफएसटी दल ने बताया वाहन चेकिंग के दौरान उन्हें तीन लाख रुपया मिला। जिसे जब्त कर अग्रेतर कारवाई के लिए जिला भेज दिया गया है। मौके पर पुरूषोत्तम पटेल चंद्रलोक उरांव एवं सुखराम मिंज व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**माण्डर(बिभा)।** प्रखण्ड स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन सोमवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या दीपाली पराशर ने सभी छात्र-छात्राओं को दीपाली व छठ पूजा की अग्रिम शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों में प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। जिससे विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में अपना योगदान दे सके। प्रतियोगिता के प्रथम विजेता आम्ज ग्रुप द्वितीय प्रतिभा व कृष्णा ग्रुप तथा तृतीय स्थान अटल ग्रुप को प्राप्त हुआ। मौके पर महाविद्यालय के डीन डॉ॰ उपेन्द्र उपाध्याय विभागाध्यक्ष राकेश कुमार राय, आई॰क्यू॰ए॰सी॰ कॉर्डिनेटर मनोज कुमार गुप्ता, व्याख्याता रिभा कुमारी, विवेक राज जायसवाल अमित कुमार, जलीश अहमद, शिव्या सक्सेना, विनित शर्मा, सुबोध शर्मा, इत्यादि मौजुद थे।

### समस्याओं को लेकर छात्र प्रतिनिधियों ने प्राचार्य से की मुलाकात



**मांडर(बिभा)** । मांडर महाविद्यालय मांडर में सोमवार को झारखंड छात्र मोर्चा और एनएसयूआई की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मक्केश्वर महली ने किया। मौके पर बोलते हुए छात्र संघ के प्रतिनिधियों ने बतलाया कि कॉलेज में कुछ विषय में शिक्षकों की कमी है। जिससे पढ़ाई बाधित हो रही है। हमारी माँग है कि शिक्षकों की बहाली जल्द से जल्द किया जाए ताकि विद्यार्थियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। साथ ही उन्होंने मांग की महिला शौचालय का अभाव है। क्लास रूम की भी समस्या है। वहीं झामुमों के प्रखंड अध्यक्ष मक्केश्वर महली के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधियों ने कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर कुमार आदित्यनाथ सहदेव से मिला। प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि आचार संहिता के बाद सारी समस्याओं का हल कर लिया जाएगा। मौके पर मांडर कॉलेज झारखंड छात्र संघ के प्रेसिडेंट मो हमजा, एन एस यू आई प्रतिनिधि राफे अंसारी, मो हसन, अदनान अंसारी, परसुराम प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में राहे और सोनाहातू कस्तूरबा की छात्राओं का उम्दा प्रदर्शन



**सोनाहातू/राहे(बिभा)।** जिला स्कूल अमर शहीद राँची में आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव में झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय राहे की छात्रा प्रतिमा कुमारी ने मूर्तिकला में प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुई है, वहीं पीएम श्री कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय सोनाहातू की छात्रा रिंकी कुमारी और विनीता कुमारी ने पारंपरिक कहानी वाचन में तृतीय और स्थानीय खेल खिलौने में मीरा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है । मौके पर विद्यालय की परमेश्वरी कुमारी , सरोजिनी टोप्पो, बिमला कुमारी ने छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

### एसएस प्लस टू हाईस्कूल ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली



**सोनाहातू(बिभा)।** एसएस प्लस टू हाईस्कूल सोनाहातू की ओर से सोमवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। स्कूल के विद्यार्थियों की जागरूकता रैली अस्पताल चौक से बाजार होते हुए क्रिकेट मैदान से वापस स्कूल तक आयी। छात्र छात्राओं ने मतदान करने एवं मतदाता अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया। सभी बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। इस जागरूकता अभियान में स्कूल के प्रिंसिपल दीपक कुमार,जय प्रकाश महतो ,सुधीर कुमार, आशुतोष महतो,नीलिमा लूसी टोप्पो,प्रतिमा कुमार,नरेश महतो सहित छात्र -छात्राएं मौजूद थे।

#### नामांकन आशीर्वाद सभा आयोजित, रामगढ़ से आजसू पार्टी की प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने किया नामांकन

# राज्य सरकार ने शासन को पंगु बना कर रख दिया है : सुदेश महतो

बिभा संवाददाता



**रांची/ रामगढ़ :** राज्य सरकार चुनाव के समय चार सौ वादों की पोटली लेकर आई थी। उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। इन्होंने शासन को पंगु बना कर रख दिया है। आज कोई भी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर रहा है कोई काम करना भी चाहे तो उसे काम करने नहीं दिया जा रहा है.

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रामगढ़ विधानसभा से एनडीए समर्थित आजसू पार्टी की उम्मीदवार सुनीता चौधरी के नामांकन के बाद बाजार टांड़ स्थित सिदो कान्हु मैदान में आयोजित नामांकन आशीर्वाद सभा में कही।

जेएमएम, कांग्रेस और राजद के शब्दकोश में विकास नामक कोई शब्द ही नहीं है। पांच सालों में सबसे अधिक युवाओं को छला गया है। खाली पड़े पदों पर बहाली करने में नाकाम सरकार को शासन में रहने का कोई अधिकार नहीं है। हमारी तैयारी नाकाम सरकार को उखाड़ फेंकने और राज्य की आवश्यकता को समझने व उसे पूरा करने वाली एनडीए सरकार को लाने की है।

रामगढ़ विधायक ने अपने 18 महीने के अल्पकालीन कार्यकाल में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इन्होंने जो काम किया है वो किसी के बस की बात नहीं है। एनडीए के नेतृत्व में रामगढ़ ने अनुमंडल से जिला बनने तक का सफर तय किया। रामगढ़ ने एनडीए को बड़े अंतर से जिताने का मन बन लिया है। पढ़ाई, दवाई, न्याय और कमाई हमारी प्राथमिकता है।

मौके पर पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि जनता वर्तमान सरकार के क्रियाकलापों से आक्रोशित है। राज्य में इस बार एनडीए की सरकार बनना निश्चित है। रामगढ़ की जनता से हमारा सीधा जुड़ाव है। एनडीए के सभी कार्यकर्ता रामगढ़ में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिए पंचायत से लेकर बूथ स्तर पर दी गई सभी जिम्मेदारियों को निभाएं।

नामांकन आशीर्वाद सभा में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए सुनीता चौधरी ने कहा कि रामगढ़ की जनता ने सेवा का मौका दिया। रामगढ़ की जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता रही है। हर घर बिजली और हर खेत पानी पहुँचाने का काम हमने किया है। जनता अपने प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के साथ सेवा का मौका अवश्य देगी।

कल दिनांक 29 अक्टूबर को एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के उम्मीदवार पाकुड़ और डुमरी विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। पाकुड़ से अजहर इस्लाम और डुमरी से यशोदा देवी एनडीए की उम्मीदवार हैं। दोनों प्रत्याशियों के नामांकन में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से शामिल होंगे।

#### भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो और भाजपा नेताओं ने मांडर मंडल के विभिन्न गांव में ग्रामीणों से किया जनसंपर्क

# भ्रष्टाचार मुक्त विधानसभा बनाना ही मेरा संकल्प :सन्नी

### इस बार अपने क्षेत्र के बेटे को विधायक बनाना है : नीतू कुजूर

बिभा संवाददाता



**मांडर :** जनसंपर्क अभियान के तीसरे दिन सोमवार को भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने ग्रामीणों से संपर्क किया। मलटोटी,ब्रांबेबाजार ढवठा टोली करंज टोली चुंद सेवाडीह बडगड़ी केशकानी मुड़मा आदि गांव में लोगों को संबोधित किया प्रत्याशी की बात सुनने के लिए उनसे मिलने के लिए ग्रामीणों में खासा उत्साह था नारी शक्ति भी भारी संख्या में उपस्थित थी । सन्नी टोप्पो ने अपने संबोधन में कहा कि कमल हमारी समृद्धि का प्रतीक है मांडर में कमल खिलेगा तो यहां के विकास को नई गति मिलेगी सेवा सुशासन और गरीब कल्याण का सपना साकार होगा इस बीच ग्रामीणों ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जैसे नल जल योजना कार्य का अधूरा होना ,जिसके कारण पेयजल की समस्या, सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता के साथ लाभ नहीं मिलना, सड़क की बदहाल स्थिति आदि समस्याओं को सुनकर सन्नी ने कहा कि यह हम सब का दुर्भाग्य है कि झारखंड बनने के 24 साल के बावजूद विधानसभा में हम सबको मूलभूत आवश्यकता भी नहीं मिल पा रही है इसका जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ बाबा और बेबी की जोड़ी है। इसलिए हम सबको इस बार मांडर में परिवर्तन जरूर करना है कमल जरुर खिलाना है। वासी प्रभारी डॉ रामखेलावन ने कहा कि मांडर विधानसभा में सन्नी टोप्पो आप सबके बीच प्रत्याशी के रूप में खड़े हैं यह आप सब का प्यार और उनकी जन सेवा की भावना का समायोजन है,आप सबने जो विकसित मांडर का सपना देखा है उसे आप सबको मिलकर पूरा करना है।इसके लिए आपको मांडर में कमल खिलाना पड़ेगा सनी को जिताना पड़ेगा।

प्रभारी रिपिसुदन जी ने अपने चिर परिचित अंदाज में कहा कि क्षेत्र के बेटे सन्नी को मिल रहा आपका भरपूर समर्थन, मांडर में इस बार जरूर होगा परिवर्तन।

वहीं दूसरी ओर सुरसा नागड़ा कनभिठा उचरी करग हात्मा नयाटोली चटवल सुरसा आदि गांव पर भाजपा नेत्री नीतू कुजूर मंडल अध्यक्ष गोपाल उरांव मनोज ,दीपक करमा उरांव ने अपने लोगों और ग्रामीणों से संपर्क साधा एवं इस बार मांडर में परिवर्तन करके कमल खिलाकर अपने क्षेत्र के बेटे को विजय बनाने का संकल्प दिलाया उन्होंने कहा कि मांडर में कमल खिलते ही झारखंड में भाजपा सरकार आते ही गांव-गांव तक विकास होगा और इस बार हम सभी को अपने क्षेत्र के बेटे अपने विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले प्रत्याशी को जितवाना है ,और बाहरी आतंक से मुक्ति पाना है।मौके पर प्रवासी प्रभारी डॉ राम खेलावन ,प्रवासी प्रभारी रिपिसुदन ,प्रखंड के मुखिया संघ के सभी समर्थित मुखिया गण, करमा उराव ,मनोज किस्पोटा, नीतू कुजूर उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन करमा उरांव ने किया।

### मतदान को लेकर बीडीओ राहुल उरांव ने की बैठक, दिए कई निर्देश



बिभा संवाददाता

**बेड़ो ।** सोमवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव के अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कर्मियों और पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मतदान की तिथि से पूर्व सभी मूलभूत तैयारी पूर्ण कर लेना हम सब की जिम्मेदारी है। मतदान कर्मियों के ठहरने एवं मतदान करने के लिए सभी सुविधा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस बार प्रखंड में सहूलियत और आवश्यकता को देखते हुए चार कलस्टर बनाए गए हैं। बेड़ों, जहानाबाद, ईटा चिल्दरी और लमकाना के विद्यालयों को कलस्टर बनाया गया है। इन क्लस्टर में पानी, बिजली, रहने और खाने की व्यवस्था समय से पूर्ण कर लेने के की हिदायत दी। इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों में मतदान से पूर्व सभी तैयारी पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। जिन बुथों में पोलिंग पार्टी को ठहरना है वहां भी कलेक्टर की भांति सारा इंतेजाम आवश्यक रूप से कर लिए जाएं। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार 13 सेक्टर बनाए गए हैं जहां हर चीजों का पुख्ता इंतजाम लाजमी है। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में 29 अक्टूबर को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जाना है। जबकि बैग कार्यक्रम के तहत सभी मतदान केंद्रों पर आम सभा का आयोजन 30 अक्टूबर को किया जाना है। सभा के माध्यम से संबंधित मतदान केंद्रों के मतदाताओं को वोट के प्रति जागरुक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना इस सभा का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर प्रधान लिपिक फारूक नदीम, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, इलेक्शन प्रभारी राजेश कुमार, मुकेश कुमार, सहित पंचायत सेवक, जनसेवक, रोजगार सेवक एवं अन्य कर्मी व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### देशी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार



**सोनाहातू।** गुप्त सूचना के आधार पर सोनाहातू पुलिस ने रविवार रात चेकिंग अभियान चला कर बरसालडीह मोड़ से एक व्यक्ति को देशी कट्टा और चोरी के हीरो स्प्लेंडर बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने जानकारी से कर बताया कि गुप्त सूचना पर चेकिंग अभियान चला कर बरसालडीह मोड़ से हथियार के साथ बुंडू थाना क्षेत्र के गोसाईडीह गांव के जीतलाल महली को गिरफ्तार किया गया है। व्यक्ति चोरी की बाइक से किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में था। समय रहते व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### वाहन चेकिंग के दौरान हथियार बरामद

बिभा संवाददाता



**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र के दुलमी चेक पोस्ट में वाहन चेकिंग के दौरान सोनाहातू पुलिस ने ईचागढ़ विधानसभा के प्रत्याशी हरेलाल महतो के काफिला में चल रहे एक वाहन से दो लाइसेंसी हथियार और कारतूस बरामद किया गया हैं। मामला रविवार रात की बताई जा रही है। पुलिस ने काफिले में मौजूद दो युवकों को पूछताछ के हिरासत में लिया था। पुलिस ने बताया कि चेकिंग के दौरान सोनाहातू पुलिस ने इन हथियारों को बरामद किया और तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। हालाँकि, देर रात करीब 1 बजे युवकों को रिहा कर दिया गया, लेकिन हथियारों को जब्त कर लिया गया है और इस मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बरामद हथियार आजसू प्रत्याशी हरेलाल महतो के नाम से है और अन्य व्यक्ति के पास से बरामद हुआ है। उन्होनें हथियार साथ में रखने की अर्जी भी उपायुक्त को दिया था लेकिन अर्जी वेटिंग में है। इधर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामले को कोर्ट में भेज दिया है।

### किराना दुकान में असमाजिक तत्वों ने लगाई आग, लाखों का सामान जलकर हुई राख

बिभा संवाददाता



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के तेतला पंचायत अंतर्गत जाड़ेया मोड़ के समीप दुर्योधन महतो के किराना दुकान में रविवार रात असमाजिक तत्वों के द्वारा आग लगाने की मामला सामने आया है। घटना रात के 12 से 1 बजे रात की बताया जा रहा है। आग लगी में किराना दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गया है। दुकान मालिक परिवार के साथ कुछ दूर में रहता है। परिजनों को घटना की सूचना मिलते ही दुकान पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किये। काफी प्रयास के बाबजूद भी दुकान को सुरक्षित नहीं कर पाए। परिजनों का कहना है कि करीब 8 बजे के आसपास किराना दुकान बंद करके घर चले गये। किराना दुकान में आग लगने का सूचना अगल बगल के दुकानदारों को जैसे ही मिला उन्होंने तुरंत किराना दुकान के मालिक को सूचना दिये। किराना दुकान के मालिक दुर्योधन महतो का कहना है कि आगलगी के कारण करीब 1 लाख का नुकसान हुआ है जिसमें दुकान में 10 हजार रुपये नगदी था वो भी जलकर राख हो गया। पीड़ित के परिजनों का कहना है कि इसी तरह ऋण उधारी कर्ज लेकर किराना दुकान चलाते थे। सोमवार सुबह सोनाहातू थाना को घटना का सूचना फोन के माध्यम से दिया गया। इधर घटना का सूचना मिलते हैं तेतला पंचायत के मुखिया दीनबंधु सिंह मुंडा, समाजसेवी राजेंद्र महतो मौके पर पहुंचे एवं अंचलाधिकारी से बात करके उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिए।

# रामगढ़ से 11 ने किया नामांकन तीन ने लिया फार्म

### नामांकन के बाद स्कूटनी में बड़कागांव के सभी 28 प्रत्याशीयों के पर्चे सही।

प्रकाश पटवारी

**रामगढ़:** झारखंड विधानसभा चुनाव 24 के लिए बड़कागांव विधानसभा के लिए जमा किए गए सभी 28 फार्म सही पाए गए। 30 नवंबर तक नाम वापसी।

रामगढ़ विधानसभा के लिए आज 11 उम्मीदवार ने नामांकन किया कुल 12 नामांकन दाखिल हो चुका है। आज नामांकन करने वालों में ममता देवी, पति - बजरंग महतो, गौतम कुमार पांडा, पिता- स्व रामेश्वरम पांडा, धर्मेंद्र प्रसाद, पिता - स्व तारो साव, चतुर्भुज कश्यप, पिता - स्व धनेश्वर महतो, ललिता देवी, पति - लक्ष्मण प्रसाद, लाल किशुन प्रसाद, पिता- चरका साव, सुनीता चौधरी, पति - चंद्र प्रकाश चौधरी,मधु देवी, पिता- राम गोविंद प्रसाद, पंकज कुमार, पिता- कुलेश्वर राम दांगी, फारूक अंसारी, पिता- कासिम अंसारी व बीनू कुमार महतो, पिता- भरत महतो है।

रामगढ़ विधानसभा के लिए अब तक नामांकन फॉर्म बिक्री की कुल संख्या 20 है इसमें आज फार्म लेने वाले प्रत्याशियों मे अरिजीत पटेल, पिता रूपलाल प्रसाद दांगी, सुशील कुमार, पिता हरिनारायण महतो व मूलू करमाली, पिता अमर करमाली है।

### मांडू विधानसभा चुनाव के लिए 12 ने किया नामांकन व 5 ने खरीदा फार्म

**रामगढ़:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग के अंतर्गत आने वाले रामगढ़ जिला के मांडू विधानसभा चुनाव 24 के लिए आज 24 मांडू विधानसभा क्षेत्र निवार्ची पदाधिकारी संतोष सिंह को अभ्यर्थी के रूप में सलमान अंसारी (पीपीआईडी), अमरेन्द्र नारायण (निर्दलीय), सुशील कुमार (बहुजन समाज पार्टी), मुख्तार खां (आपकी विकास पार्टी), संजय कुमार मेहता (निर्दलीय), मो. नजीर अंसारी (आजाद समाज पार्टी), जयप्रकाश भाई पटेल (इंडियन नेशनल कांग्रेस), विपिन कुमार सिन्हा (निर्दलीय), मो महमूद आलम (राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा), जागो साव (लोकहित अधिकार पार्टी), मानिकचंद महतो (निर्दलीय) व अनुज कुमार राय (निर्दलीय) ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। 24 मांडू विधानसभा क्षेत्र के लिए आज मोहम्मद अब्दुल्ला हवारी, पिता- शमसुद्दीन हवारी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, संजय कुमार मेहता, पिता - महादेव मेहता, निर्दलीय, बिहारी कुमार, पिता- बालदेव महतो, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, रामदास मांझी, पिता-श्यामल मांझी, (मार्क्सवादी लेनिनवादी लिबरेशन) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व अनुज कुमार रॉय, पिता राजनाथ रॉय, निर्दलीय ने नामांकन फार्म खरीदा।

### हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में स्क्रुटनी के अंतिम दिन एक अभ्यर्थी का नामांकन हुआ रद्द, 24 उम्मीदवार मैदान में

**रामगढ़(बिभा):** विधानसभा चुनाव 2024 की नामांकन प्रक्रिया 25 अक्टूबर के समापन के उपरांत आज 28 अक्टूबर को स्क्रुटनी की प्रक्रिया संपन्न हुई। स्क्रुटनी में एक निर्दलीय अभ्यर्थी किशोरी राणा का नामांकन को रद्द हुआ है। इस प्रकार अब 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र से कुल 24 अभ्यर्थियों का नाम निर्देशन में सही पाया गया है। बड़कागांव विधानसभा कि भी स्क्रुटनी की प्रक्रिया संपन्न हुई। स्क्रुटनी में सभी 28 आवेदकों का नामांकन सही पाया गया है।

### सेना के जवानों के साथ दीपावली मनाएंगे संजय सेठ

**रांची(बिभा)।** भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद श्री संजय सेठ कल मंगलवार को सेना के जवानों के साथ सीमा पर दीपावली मनाएंगे। रक्षा राज्य मंत्री लद्दाख के लेह में जवानों के साथ दीपावली की खुशियां बाटेंगे। रक्षा मंत्रालय के द्वारा इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। तय कार्यक्रम के अनुसार रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ कल सुबह नई दिल्ली से लेह जाएंगे। वहां पहले सैन्य युद्ध स्मारक में बलिदानियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। तत्पश्चात लेह के सीमा क्षेत्र की चौकियों का भ्रमण कर, वहां तैनात जवानों के साथ दीपावली मनाएंगे। इस दौरान मंत्री श्री सेठ अग्रिम चौकी का दौरा भी करेंगे। कार्यक्रम की कड़ी में श्री संजय सेठ जवानों के साथ संवाद कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। रक्षा राज्य मंत्री के लिए यह पहला अवसर है जब वह सेना के जवानों के साथ दीपावली मनाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### एचईसी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन



**रांची(बिभा) :** सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह, एचईसी लिमिटेड में शुरू हुआ। इस कार्यक्रम की शुरूआत, निदेशक मनोज लड़का के द्वारा सभी निदेशकों, वरीय उप महा प्रंबधक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यालय के सभागार में उपयुक्त विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### इस्पात भवन सेल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की ली गई शपथ



**रांची(बिभा) :** इस्पात भवन सेल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के लिए शपथ ली गई। इसका विषय है राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति। सतर्कता शपथ इसलिए ली जाती है ताकि प्रत्येक नागरिक सतर्क रहे और हर समय ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के लिए खुद को प्रतिबद्ध करे, और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करे। हिंदी और अंग्रेजी में शपथ शशि वशिष्ठ सीजीएम और कार्यवाहक ईडी, संजय धर सीजीएम और कार्यवाहक ईडी द्वारा दिलाई गई। राष्ट्र के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधान मंत्री और मुख्य सतर्कता आयुक्त का संदेश क्रमशः ए.के. मिस्त्री,संजय परिदा, जे सलूजा सीजीएम और विशाल सिन्हा जीएम और एसीवीओ सेल रांची इकाइयों द्वारा पढ़ा गया। कार्यक्रम का संचालन श्री सिद्धांत, वरिष्ठ प्रबंधक (सतर्कता) द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

### मारवाड़ी युवा मंच ने आनंद सबके लिए कार्यक्रम मे बच्चों के बीच बांटी मिठाई



**रांची(बिभा) :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच हर वर्ष दीपावली के पहले पूरे देश मे आनंद सबके लिए कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी क्रम मे मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा द्वारा सोमवार को राणी सती मन्दिर लेन स्थित श्री राणी सती विद्यालय मे तथा गाड़ी खाना चौक स्थित राजकियकृत कन्या मध्य विद्यालय मे आनंद सबके लिये कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम मे विद्यालय मे उपस्थित सभी बच्चों एवं अध्यापको के बीच मिठाई का वितरण किया एवं उन्हे दीपावली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के संयोजक मंच के सदस्य युवा सन्नी केडिया एवं युवा अंकित टांटिया थे। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने जानकारी दी के कार्यक्रम मे अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्ष चौधरी के साथ उपाध्यक्ष निरज अग्रवाल, विशाल महल्का, तपिश केडिया एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बीसीआई ने मनाया दिवाली मिलन समारोह



**रांची(बिभा) :** दार्स बिजनेस क्रिएशन्स ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने सफरन हाइट्स में दिवाली समारोह का आयोजन किया.कार्यक्रम में मेंटर किशोर मंत्री व राजीव शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में कंपनी के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के सहयोगी और प्रायोजक में इवेंट पार्टनरः रेड मुस्टैंग इवेंट वेन्यू पार्टनरः सफरन हाइट्स, टाइटल स्पॉन्सरः एमके ज्वेलर्स, को-स्पॉन्सरः वनांचल फैब्रिकेटर्स और श्री श्याम उद्योग, पावर्ड बाय स्पॉन्सर्सः 13 सदस्य शामिल थे। इस अवसर पर एमडी धीरज ग्रोवर ने कहा कि हम अपने सभी सदस्यों, स्पॉन्सर्स, और सहयोगियों को इस कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद देते हैं। आपका समर्थन और सहयोग हमेशा हमारे लिए महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि दार्स बिजनेस क्रिएशन्स ऑफ इंडिया (इउक), जिसे बीसीआई के नाम से जाना जाता है, एक रेफरल-आधारित व्यवसाय समूह है जो व्यक्तिगत व्यवसाय भागीदारों को उनके विकास के लिए रेफरल के माध्यम से समर्थन प्रदान करता है.

### कांग्रेस ने खुर्शीद हसन रूमी बने लोहरदगा के पर्यवेक्षक

**रांची(बिभा):** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु आज 28 अक्टूबर को कांग्रेस प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी को पर्यवेक्षक मनोनीत किया है। लेटर में लिखा है कि श्री रूमी आप पूरी निष्ठा, सक्रियता एवं कर्मठता के साथ पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में कार्य करेंगे। कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू ने विज्ञप्ति जारी कर इसकी सूचना दी।



### निशांत आलम आज करेंगी नामांकन

**रांची(बिभा):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी इंडिया का हिस्सा नहीं है। श्री शाहदेव ने कहा कि 05 पाकुड़ विधानसभा इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी निशांत आलम है जिनका नामांकन कल दिनांक 29 अक्टूबर को होगा जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस के पर्यवेक्षक श्री बीके हरिप्रसाद सहित प्रदेश के कई गणमान्य नेता उपस्थित रहेंगे। श्री शाहदेव ने कहा कि पाकुड़ विधानसभा के सपा प्रत्याशी अकील अख्तर द्वारा गलत तरीके से कांग्रेस पार्टी के नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी का फोटो पोस्टर एवं सोशल मीडिया साइट पर अपने साथ इस्तेमाल किया जा रहा है जो सरासर गलत है, इसकी शिकायत चुनाव आयोग से किया जायेगा।

### मम्मी पापा वोट दो अभियान में 17 लाख से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने लिया भाग

# पूरे भारत वर्ष में करता रहा ट्रेंड, टॉप 10 में रहा #मम्मी पापा वोट दो हैशटैग

बिभा संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि बच्चों द्वारा भावनात्मक पत्र लिखकर आज पूरे राज्य के अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया है। इसके लिए बच्चों की जितनी तारीफ की जाय वह कम है। स्कूली बच्चों ने आज अपने माता-पिता को अपने संवैधानिक दायित्व की याद दिलाते हुए साबित किया है कि भविष्य में वे अपने लोकतंत्र को और मजबूत करेंगे।यह अभियान एक प्रकार से बच्चों के द्वारा अपने अभिभावकों से अपने दायित्व निभाने की भावनात्मक अपील का अनुभव छोड़ गया।पूरे राज्य में इस तरह के अभियान विधानसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए लगातार चलाये जायेंगे। उन्होंने इस अभियान से जुड़े सभी छात्र-छात्राओं की हौसला-अफजाई की।



उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में राज्य के मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने एवं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से 'मम्मी पापा वोट दो 'अभियान चलाया गया। इस अभियान में सोमवार को पूरे राज्य के 18,570 स्कूलों के 17,06,182 बच्चों ने इस अभियान में भाग लिया। स्कूली बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों को की गई अपील निश्चित रूप से लोगों को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करेगी।

विदित हो कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के समन्वय के साथ अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने पूर्वाह्न 11 से 12 के बीच अपने-अपने माता-पिता/ अभिभावकों को अनिवार्य मतदान के अनुरोध के साथ पत्र लिखकर भावुक अपील की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सभी जिलों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सोमवार को शाम 5:00 बजे से लेकर 7:00 के बीच #MummyPapaVoteDo हैशटैग के साथ विद्यार्थियों द्वारा दिए गए पोस्टों को एक साथ शेयर किया गया, ताकि इसे ट्रेंडिंग में लाया जा सके और अधिक से अधिक लोगों के बीच इसका प्रचार किया जा सके। इस हैशटैग अभियान के दौरान केवल (ट्विटर) पर शाम 5:00 बजे से लेकर 7:00 के बीच 30 हजार से अधिक पोस्ट किए गए एवं पूरे भारत वर्ष में टॉप 10 में लगातार ट्रेडिंग करता रहा। इसके अलावा सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर 50 हजार से भी अधिक पोस्ट किए गए। समाचार लिखे जाने तक पोस्ट किए जाने का सिलसिला जारी है।

## चुनाव आयोग सत्येंद्र नाथ तिवारी का नामांकन रद्द करे : सुप्रियो भट्टाचार्य

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा है। मोर्चा ने मांग की है कि गढ़वा से भाजपा के उम्मीदवार सत्येंद्र नाथ तिवारी का नामांकन पर्चा रद्द किया जाये। उन्होंने कहा है कि उन्होंने नामांकन पर्चे में आधी-अधूरी जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने निर्वाचन आयोग पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं।



भट्टाचार्य सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का कहना है कि भाजपा का पर्चा रिजेक्ट नहीं करना है। इस दौरान झामुमो नेता मनोज पांडेय भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि सूत्रों से जानकारी मिली है कि भारत निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने जिले के निर्वाचन अधिकारी को कहा है कि भाजपा का पर्चा है तो रिजेक्ट नहीं किया जायेगा। जबकि किसी दूसरे दल के एक पर्चे में कुछ भी कमी हो तो तुरंत रिजेक्ट कर देना है। उन्होंने कहा कि पहले इस तरह का मामला रांची तक सीमित था। लेकिन अब झारखंड की कई सीट पर ऐसा हाल दिखने लगा है।

सुप्रियो ने कहा कि पार्टी को कानून पर पूरा भरोसा है। इस भरोसे के साथ हम मांग करते हैं कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से सत्येंद्र नाथ तिवारी के नामांकन पत्र की जांच करे और निर्णय दे। उन्होंने कहा कि 24 घंटे में अगर ऐसा नहीं होता है तो झामुमो उनका नामांकन रद्द कराने के लिए कानून का सहारा लेगा।

भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग ने कहा है कि सबको सामान अवसर देंगे। लेकिन अब साफ हो गया कि चुनाव आयोग एक पार्टी के लिए काम कर रहा है। सुप्रियो ने आरोप लगाया कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सत्येंद्र नाथ तिवारी ने अपने फॉर्म 26 यानी शपथ पत्र भरा तो कई कॉलम खाली रहे। जबकि आयोग की ओर से पहले साफ किया गया था की कोई भी कॉलम खाली नहीं होना चाहिए। किसी तरह की कोई धोखाधड़ी ना हो इसका ख्याल रखने का वादा किया गया था।

## डुमरी मामले में आयुक्त की रिपोर्ट केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भेजी गई : रवि कुमार

बिभा संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि रविवार को गिरिडीह के डुमरी में चेकनाका पर चेकिंग के दौरान निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का अनुपालन नहीं किया गया। पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकार्डिंग नहीं की गयी जबकि निर्वाचन आयोग का स्पष्ट दिशा-निर्देश है कि पारदर्शिता के लिए वाहन जांच के दौरान वीडियो रिकार्डिंग करानी है। यदि जांच के क्रम में कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिलती है, तो किसी को हिरासत में नहीं लिया जा सकता।

वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे मामले में ऊत्तरी छोटानागपुर के आयुक्त की जांच रिपोर्ट मिल चुकी है। उसे अग्रेतर कार्रवाई के लिए भारत निर्वाचन आयोग को अग्रसारित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर सोमवार को प्रत्याशियों के नामांकन की स्क्रूटनी की गयी। कुछ लोगों के मामले में नोटिस देकर उन्हें मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक पक्ष रखने के लिए संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा समय दिया गया है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव को लेकर कुल 57 नये बूथ बनाये गये हैं। निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि आवास से बूथ की दूरी 2 किमी. से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 86.33 करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है जबकि आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ कुल 20 प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

### कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान, कहा

## एक मौका दीजिए, आपकी उम्मीदों पर खरा उतरूंगा

बिभा संवाददाता

**रांची :** आपने पिछले तीन बार से एक आदमी को आजमा कर देख लिया है इस बार मुझे मौका दीजिए मैं पूरे क्षेत्र में बदलाव लाउंगा। इस बार आप सब मेरा साथ दीजिए, कांग्रेस को वोट कीजिए। मेरा वादा है मैं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में काम कर आपके उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। रातु और नगड़ी प्रखंड के बच्चों के लिए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण कराउंगा।एक सरकारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना कराउंगा। प्रत्येक पंचायत में छात्रों के लाइब्रेरी की स्थापना होगी जिसमें वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं यहीं पर रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।ये सिर्फ वादा नहीं बल्कि ये सब करने के लिए मैं कृतसंकल्प हूं।



उक्त बातें कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने आज हटिया विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान आम जनता से कहा। उन्होंने लोगों से कहा कि गठबंधन की सरकार ने आम जनता को काफी लाभ दिया है। मंइया सम्मान, बिजली बिल माफ, कृषि ऋण माफी, अबुजा आवास सहित अनेक योजनाओं का लाभ आम जनता को मिला है। इसलिए इस बार हटिया में परिवर्तन और राज्य में गठबंधन की सरकार बनाने के लिए श्री शाहदेव ने कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की।

जनसंपर्क कार्यक्रम में कुशल उरांव, झामुमो नेता बेलाल अंसारी, मुखिया सुखदेव उरांव, सोमनाथ उरांव, अतुल राज, सुष्मिता तिर्की,गीता देवी, खुशबू ठाकुर, पार्वती कुमारी सहित कांग्रेस, झामुमो के कार्यकर्तागण सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सीएमपीडीआई के सीएमडी ने अपने कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी

बिभा संवाददाता

**रांचीः** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने आज सर्वप्रथम सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया और मुख्यालय-रांची और क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 की शुरूआत की।



सनद रहे कि इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह 28 अक्टूबर, 2024 से 03 नवम्बर, 2024 तक सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि थीम पर मनाया जाएगा। सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा और नैतिकता के महत्व के बारे में जागरूकता उत्पन्न एवं फैलाने के लिए हर वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के निदेशक अजय कुमार, निदेशक अच्युत घटक,क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रबर्ती, अमरेश कुमार, महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्षण तथा संस्थान के वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

इससे पूर्व, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा ने अपने सम्बोधन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला और इस सप्ताह के दौरान सीएमपीडीआई द्वारा आयोजित विभिन्न आंतरिक स्तर पर और आउटरीच गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की और 3 महीने से चल रही सतर्कता जागरूकता के बारे में जानकारी दी। यह अभियान 16 अगस्त, 2024 से 15 नवम्बर, 2024 और संस्थान द्वारा आज तक निवारक सतर्कता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

# सतर्कता महोत्सव फेस्टिवल डी सीसीएल का शुभारंभ, सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गयी

बिभा संवाददाता

**रांची :** 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत सतर्कता महोत्सव ‘फेस्टिवल डी सीसीएल’ का आज भव्य उद्घाटन हुआ। इस महोत्सव के पहले दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमडी सीसीएल नीलेंदु कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, महाप्रबंधक, विभाग प्रमुख और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमडी सीसीएल द्वारा सभी उपस्थित जनों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर किया गया। इसके बाद, सीवीओ पंकज कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए सतर्कता और ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि हमारे पेशेवर जीवन में सतर्क रहना क्यों आवश्यक है, और इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की प्रगति पर भी अपने विचार साझा किए। श्री कुमार ने कहा कि सत्यनिष्ठा का पालन न केवल संगठन बल्कि पूरे देश की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह ने भी इस मौके पर ईमानदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभा रहा है और देश की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। इसके पश्चात उन्होंने ई-प्लेज बूथ का उद्घाटन किया और सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ ड्रोन द्वारा किया। सीएमडी सीसीएल ने सतर्कता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करेगा।

समारोह में सभी गणमान्य अतिथियों ने लाइव पेंटिंग कलाकारों के साथ बातचीत की। ये कलाकार महोत्सव के तीनों दिनों में लाइव पेंटिंग प्रस्तुत करेंगे, जिसमें वे भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता और ईमानदारी को बढ़ावा देने वाले विषयों पर अपनी कला को प्रदर्शित करेंगे।

इसके बाद सतर्कता जागरूकता रैली में सीसीएल के कर्मचारियों और अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस रैली के माध्यम से सभी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संदेश दिया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें जनजातीय नृत्य, गणेश वंदना नृत्य और ‘विविधता में एकता’ नृत्य का प्रदर्शन किया गया। सीसीएल की एक कर्मचारी ने अपने मधुर स्वर में गणेश वंदना गीत प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त भ्रष्टाचार की रोकथाम पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी हुआ, जिसने सभी दर्शकों को जागरूकता का संदेश दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। इनमें ‘स्ट्रीट पेंटिंग’ प्रतियोगिता भी शामिल थी, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से आए छात्रों ने ‘भ्रष्टाचार को ना कहें’ और ‘ईमानदारी को बढ़ावा दें’ जैसे विषयों पर अपनी अद्भुत पेंटिंग्स प्रस्तुत की। इन युवाओं ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कैनवास पर उकेरा, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने रंगोली प्रतियोगिता में भी भाग लिया, जहाँ उन्होंने अपनी अद्भुत रचनाओं से सभी का दिल जीत लिया। दर्शकों ने छात्रों की इस अद्वितीय रचनात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इसके बाद, एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने देशभक्ति, सामाजिक संदेश और राष्ट्रवाद जैसे विषयों पर आधारित प्रस्तुतियाँ दीं। उनकी प्रस्तुति ने सभी को अभिभूत कर दिया। इसके साथ ही, समूह बैंड ने अपनी संगीत और ताल की अनूठी प्रस्तुति से एक अनोखा माहौल बना दिया, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के इस महोत्सव का उद्देश्य सभी को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और सतर्कता के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना है। सतर्कता महोत्सव के अंतर्गत आयोजित की जा रही ये विभिन्न गतिविधियाँ न केवल सीसीएल के कर्मचारियों बल्कि सभी आगंतुकों के लिए एक नई जागरूकता का संचार कर रही हैं।

### रांची विश्वविद्यालय में नैक की तैयारियां जोरों पर

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकों तथा गैर शैक्षणिक कर्मियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। ज्ञात हो कि 19 नवंबर से रांची विश्वविद्यालय में नैक की टीम विजिट करने वाली है। इस बैठक में कुलपति ने सबों से अपना सर्वोत्तम देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें परिश्रम कर रांची विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त करना है। इसके लिये हम सबों को एक टीम के रूप में काम करना है। कुलपति ने कहा कि हमारा मोराबादी परिसर सबसे महत्वपूर्ण है , हमने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, निदेशकों से कहा कि आप अपने यहां छोटी से छोटी चीज पर भी ध्यान दें ।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-टीएनसीआर-24, दिनांक 25.10.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे दिनांक 18.11.2024 को अपराह्न 4.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोला जाएगा। **कार्य का संक्षिप्त विवरण/नामः** हटिया में मौजूदा पूर्व मध्य केबिन के निकट टीएनसी एवं यार्ड मॉस्टर के कार्य स्थल के लिए नए सेवा भवन के निर्माण के लिए विद्युतीय कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 5,16,248.99; **ईएमडी/बोली सुरक्षाः** रु. 10,300; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 18.11.2024 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः https://www.ireps.gov.in/** निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps. gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-740)


## संक्षिप्त खबरें

### एमजीएम स्कूल बोकारो में मनाया गया वर्ल्ड जूडो डे




**बोकारो(बिभा) :** एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल बोकारो में वर्ल्ड जूडो डे मनाया गया स्कूल के प्राचार्य श्री जोशी वर्गीस ने वर्ल्ड जूडो डे पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा खेल पूरे विश्व को जोड़ने का एक माध्यम है बच्चों में राष्ट्रीयता जागृत करता है सभी बच्चों को खेल से जुड़ना चाहिए ताकि वह स्वस्थ रहे और देश का एक स्वस्थ नागरिक बन एक स्वस्थ वातावरण तथा एक मजबूत देश का निर्माण कर सके स्कूल के जूडो प्रशिक्षक राजीव सिंह ने बच्चों को जूडो खेल से जुड़ने को प्रोत्साहित किया कहा कि जूडो सिर्फ एक खेल नहीं है यह एक जीवन जीने का तरीका भी है जिसमें बच्चे आत्मरक्षा, अनुशासन और अपने तन मन पर कंट्रोल करना भी सिखाते हैं और बच्चे चाहे तो इसमें अपना करियर भी बना सकते हैं तथा एक अच्छा खिलाड़ी बनकर बच्चे बोकारो, झारखंड एवं देश का नाम रोशन कर सकते हैं उन्होंने कहा कि विगत कुछ वर्षों में ही जूडो बोकारो में बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ है जिससे जिला प्रतियोगिताओं में बच्चों की बढ़ती भीड़ से प्रतीत होता है साथ ही साथ प्रत्येक वर्ष बोकारो के विभिन्न स्कूलों से जूडो में कई बच्चे राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं एवं खेलो इंडिया, एसजीएफआई जैसे खेलकूद के बड़े मंचों पर अपना परचम लहरा रहे हैं वर्ल्ड जूडो डे पर स्कूल के प्राचार्य फादर जोशी वर्गीस, उप प्राचार्य रेखा बनर्जी, एकेडमिक डायरेक्टर इंचार्ज जॉर्ज जोसेफ, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी एवं अन्य खेलकूद शिक्षकों में राजेश्वर सिंह, मीनाक्षी कुमारी, सौरभ कुमार,मोहसिन तथा वंदना ने सभी जूडो खिलाड़ियों को शुभकामनाएं भेंट की।

### डीसी के निर्देश पर डीएमओ ने छापेमारी अभियान चला 32 टन कोयला किया जब्त



**बोकारो(बिभा) :** डीईओ सह डीसी विजया जाधव के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) श्री रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में विभाग लगातार विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चला रही है। इसी क्रम में टीम ने देर रात पेटरवार थाना अंतर्गत छापेमारी अभियान चलाया। जहां ग्राम बरवाडीह के पश्चिम की ओर स्थित परती जमीन पर अवैध रूप से कोयला खनिज लगभग 32 टन का भंडारण पाया। जिसे टीम ने जब्त कर पेटरवार थाना को सुपुर्द कर मामले में प्राथमिकी दर्ज कराया। छापेमारी अभियान में जिला खनन पधाधिकारी के अलावा खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतो, थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा एवं पुलिस बल शामिल थे।

### विभिन्न थाना क्षेत्रों में उत्पाद विभाग ने की छापेमारी



**बोकारो(बिभा) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार देर रात एवं सोमवार सुबह उत्पाद विभाग ने छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया गया। मौके से उत्पाद टीम ने 162 लीटर विदेशी शराब, बियर 46.80 लीटर, देशी शराब 90.00 लीटर, जावा महुआ 3000 किलो एवं तैयार महुआ शराब 200 लीटर को जब्त किया। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल,अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट श्री सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंद्रपुरा श्री महेश दास उपस्थित थे। जानकारी हो कि, विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### बीएसएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत



**बोकारो(बिभा) :** अवधि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाई जा रही है. इस पृष्ठभूमि में बीएसएल के इस्पात भवन में 28 अक्टूबर को निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उदघाटन किया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक(परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद , अधिशासी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता, बी जी एच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ, श्री ज्ञानेश झा सहित मुख्य महाप्रबंधकगण एवं वरीय अधिशासी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे.सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ सरदार वल्लभभाई पटेल को बीएसएल के वरीय अधिकारीयों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया. तदुपरांत कार्यक्रम में उपस्थित सभी को निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई. मुख्य महा प्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा ने उपस्थित समूह को सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धिह्व विषय पर सतर्कता विभाग के तत्वावधान में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी.उद्घाटन समारोह के दौरान भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, गृह मंत्री, राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और सीवीसी के संदेश को पढ़ा गया. कार्यक्रम में डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर 9/ई के बच्चों द्वारा समाज से भ्रष्टाचार मिटाने की आवश्यकता के विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रदर्शित किया गया. निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में सभी को व्यावसायिक शिष्टाचार, कामकाज में नैतिकता और सत्यनिष्ठा के मूल्यों को अपनाने का सन्देश दिया. कार्यक्रम का संचालन एवं समापन पर धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती चित्रा पराशर, वरीय प्रबंधक (सतर्कता) ने किया.

---

**भाजपा में मिलन समारोह का आयोजन, अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा**

# झामुमो में बंटी-बबली का सम्मान और शहीदों के वंशजों का होता है अपमान : हिमंत बिस्वा सरमा

बिभा संवाददाता



**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में 28 अक्टूबर को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। उन्हें झारखंड भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी मौजूद थे।

इस अवसर पर हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि कांग्रेस में समर्पित कार्यकताओं को महत्व नहीं दिया जाता है। कांग्रेस परिवार और चाटुकारों की पार्टी बन गई है। कांग्रेस में टिकट मिलने की तीन शर्त है। कार्यकर्ता के पास बड़ा घर और पैसा होना चाहिए। उसका किसी बड़े परिवार से संबंध होना चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और गाली देने वाला हो।


श्री सरमा ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में बंटी बबली का सम्मान होता है और शहीद के वंशजों का अपमान किया जाता है। सरकारी पदाधिकारी भी अब झामुमो सरकार के खिलाफ विद्रोह कर रहे हैं। हेमंत सोरेन तब तक पदाधिकारी का उपयोग करते रहे, जब तक उन्होंने साथ दिया। आज पदाधिकारी जब उनके गलत चीजों का विरोध कर रहे हैं, तब वे पदाधिकारी के खिलाफ खड़े हो रहे हैं। ऐसा कहीं नहीं देखा गया कि मुख्यमंत्री अफसर के खिलाफ खड़े हुए हो।

इस अवसर पर भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य गठन की प्रसव पीड़ा सही है। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में राज्य का गठन हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास पर भरोसा करती है। भाजपा और एनडीए सरकार में सभी वर्गों को सम्मान और अधिकार मिलेगा।

इस अवसर पर मानस सिन्हा ने कहा कि पिछले 27 वर्षों से वे कांग्रेस में थे। कांग्रेस पार्टी में समर्पित कार्यकताओं की अब पूछ नहीं है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं को मान सम्मान देती है। भारतीय जनता पार्टी की नीति सिद्धांत, कार्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने के लिए रांची सहित पूरे राज्य की विधानसभा में तन-मन से और समर्पित होकर काम करेंगे। पार्टी जो जिम्मेदारी देगी, उसका निर्वहन करेंगे।

## डॉ सुशील पाण्डेय द्वारा डिजाइन की गयी मशीन को पेटेंट मिला

बिभा संवाददाता



रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियंत्रण विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुशील कुमार पांडेय द्वारा डिजाइन की गई हरा मटर छीलने वाली हस्तचालित मशीन को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने पेटेंट प्रदान किया है। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कार्यरत पेटेंट, डिजाइन और व्यापारिक चिन्ह के महानियंत्रक द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र जारी किया गया है।

डॉ पांडेय ने बताया कि इससे प्रति घंटा लगभग 15 किलो हरा मटर की छीमी छीलकर उसका दाना निकाला जा सकता है। हाथ से मटर छीलने की तुलना में इस मशीन से चार-पांच गुना अधिक गति से कार्य हो सकता है। इस यंत्र का डिजाइन विकसित करने में उन्हें लगभग 2 वर्ष का समय लगा। उन्होंने बताया कि यदि औद्योगिक इकाइयां बड़े पैमाने पर इस मशीन का निर्माण करें तो लागत प्रति इकाई 4-5 हजार रु आएगी। औद्योगिक उत्पादन प्रारंभ होने के उपरांत इस मशीन के बाजार में आने पर होटल, रेस्टोरेंट, मेस आदि में बावर्चियों के लिए तथा छिला हुआ हरा मटर बेचनेवाले छोटे सब्जी विक्रेताओं के लिए मटर छीलने का काम काफी आसान हो सकता है।

बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने इस उपलब्धि पर डॉ सुशील को बधाई दी है।

# उमाकांत रजक ने किया जनसम्पर्क

बिभा संवाददाता




**बोकारो :** चास प्रखण्ड के धनडाबर , अलकुशा,बांधडीह, चिटाईटाड़, बिजुलिया मार्केट, बुढिबिनोर, चंदाहा,सियालजोरी, बाबुग्राम,छाताटांड सहीत दर्जन गांवों का इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी उमाकांत रजक ने दोरा कर जनसंपर्क किया। इस क्रम में बिजुलिया मोड़ पर नुक्कड़ सभा किया।उन्होंने कहा चंदनकियारी का मान सम्मान और स्वाभिमान को बचाने के लिए व झारखंड की अस्मिता और विकास लिए इंडिया गठबंधन की सरकार जरुरी है।चंदनकियारी की जनता बदलाव की मन बना चुकी है। युवाओं की फोज शामिल हो रही है।10 वर्षों के कुशासन को खत्म करना है। विधायक ने चंदनकियारी का विकास न करके अपना और अपने लोगों का विकास किया है। जनता नाखुश है।20 नवंबर को जनता वोट की चोट पर सबक सिखाएगी और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उमाकांत रजक को जिताने का काम करेगी। प्रत्याशी उमाकांत रजक ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का विकास अग्रसर हो रहा है ।

मौके पर झामुमो के निपेन दास के नेतृत्व में जेएलकेएम से मोतीलाल साई, हाकिम साई सहित दर्जनों युवा कार्यकताओं शामिल हुए। मौके पर प्रखण्ड बीस सुत्री अध्यक्ष सृस्टि धर राजवार, पंचम गोप, विश्वनाथ महतो, नेम चांद महतो, मजदूर नेता चन्द्र शेखर चौबे उर्फ शेखर चौबे, इन्द्र जीत हाजरा,डब्ल्यू तुरी, बीड़ी चौबे, आदित्यनाथ चौबे, अंकुश चोबै, पंसस रफिक आलम, खुश मोहम्मद अंसारी, लतिब आंसारी,नवीन दास, आलम अंसारी, मुकेश हजारा, भोलानाथ चौबे,इस्लाम अंसारी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## एक नवंबर से रांची-गोरखपुर के बीच साप्ताहिक एक्सप्रेस का परिचालन

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो रेलवे यात्रियों को नवंबर में गौरखपुर से रांची विक्ली एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिल सकती है. ट्रेन संख्या 18629 रांची से हर शुक्रवार गोरखपुर के लिए शाम 16.50 बजे खुलेगी. जो मुरी होकर शाम करीब साढ़े 6 बजे बोकारो रेलवे स्टेशन पर रूकेगी. वहीं, ट्रेन संख्या 18630 गौरखपुर से हर शनिवार 15.30 बजे रांची के लिए प्रस्थान करेगी. जो रविवार सुबह 7 बजे बोकारो रेलवे स्टेशन पर होगी. यह ट्रेन 9.25 बजे रांची पहुंचेगी.

### 22 कोच के साथ इन स्टेशनों से गुजरेगी यह ट्रेन

22 कोच के साथ खुलने वाली यह ट्रेन रांची, मुरी, बोकारो, चंद्रपुरा, धनबाद (21.40 बजे), चितरंजन (23.16 बजे), जामताड़ा, मधुपुर, जसीडीह (रात्रि करीब साढ़े 12 बजे), झाझा (1.45 बजे), कियूल (2.40 बजे), मोकामा, पटना साहिब, पटना (4.55 बजे), पाटलिपुत्र, छपरा (7.30 बजे), सिवान (8.30 बजे), बटनी, देवरिया सदर होकर शनिवार दिन 11.30 बजे गौरखपुर पहुंचेगी. वहीं, शनिवार 15.30 बजे गौरखपुर से खुलकर, शाम 5.40 बजे सिवान, शाम 7 बजे छपरा, रात्रि 10 बजे पटना, रात्रि 12 बजे कियूल, 1.40 बजे झाझा, 2.17 बजे जसीडीह, 3.18 बजे जामताड़ा, 5 बजे धनबाद, चंद्रपुरा होकर सुबह 7 बजे बोकारो, मुरी होकर रविवार सुबह 9.25 बजे रांची पहुंचेगी.

## मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को दिया संदेश पहले करे मतदान, फिर करे कोई काम

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** विधानसभा चुनाव, 2024 अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चास नगर निगम कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व सहायक नगर आयुक्त श्री जयपाल सिंह ने किया। यह रैली नगर निगम कार्यालय से शुरू हुई जो धर्मशाला मोड़ होते हुए चेकपोस्ट चास व गरगा पुल तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में मतदाताओं को आगामी 20 नवंबर 2024 को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान लोगों को स्लोगन व संदेश के माध्यम से जागरूक किया। देश तरक्की तभी करेगा, हर वोटर जब वोट करेगा , पहले करे मतदान, फिर करे कोई काम जैसी नारे लगाए गए। शत प्रतिशत मतदान करने के लिए पोलिंग बूथ पर आने के लिए लोगों से बढ़ चढ़कर मतदान करने के जागरूक किया।

सहायक नगर आयुक्त श्री जयपाल सिंह ने बताया कि लोगों में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए नगर निगम क्षेत्र व बाजारों में सफाई मित्रों, अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकला गया। रैली के दौरान सफाई मित्र, नगर निगम के अधिकारीगण सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीता सोरेन के अपमान और महिलाओं की सुरक्षा पर हेमंत लापरवाह : अमर बाउरी

बिभा संवाददाता




**बोकारो.** कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी के सीता सोरेन पर विवादित बयान को लेकर नेता प्रतिपक्ष और चंदनकियारी से दो बार विधायक रहे और 2024 चंदनकियारी विधानसभा से तीसरी बार प्रत्याशी अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड में महिलाएं असुरक्षित हैं। सीता सोरेन भाजपा की सम्मानित नेता हैं। उनका अपमान झामुमो सरकार के महिला विरोधी रवैये को उजागर करता है। हैरानी की बात है कि जिस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन - हैं, उसी सरकार का एक मंत्री उनकी भाभी - का अपमान कर रहा है। हेमंत सरकार इन - मामलों पर लापरवाह है। उन्होंने कहा कि - राज्य में मां, बहनों और बेटियों का हर दिन - अपमान हो रहा है। रुबिका और अंकिता जैसी लड़कियों के साथ हुई घटना समेत राज्य में अब तक 7,400 दुष्कर्म के मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने निशाना साधते न हुए कहा कि हेमंत सरकार के मंत्री इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के खिलाफ अभद्र जो भाषा का इस्तेमाल कर उनका अपमान किया है। अमर ने मांग की कि इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए।

**डीपीएस बोकारो के स्टार कॉन्टेस्ट में विद्यार्थियों ने गायन, वादन, नृत्य और दृश्य-कला की आकर्षक प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध**

# जुनून के साथ बच्चे निखारें अपने हुनर प्राचार्य डॉ. गंगवार



बिभा संवाददाता

**बोकारो।** विद्यार्थियों के भीतर छिपी कलात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो की सीनियर इकाई में स्टार कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। इसका फाइनल राउंड सोमवार को संपन्न हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने गायन, वादन, नृत्य और दृश्य-कला में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर सबकी भरपूर सराहना पाई। मंच पर कोई कल का गायक, कोई वादक तो कोई भविष्य का स्टार डांसर नजर आया। विद्यालय के कालिदास कला भवन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत वाद्य-यंत्र कैटेगरी में तबला वादन प्रतियोगिता से हुई। इसमें विभिन्न तालों पर फिरकियों की तरह तबले पर नाचती उनकी उंगलियां उनके कलात्मक कौशल को परिलक्षित कर रही थीं। चक्करदार परन, तिहाई, कायदा, गत आदि के साथ विभिन्न तालों का सुंदर प्रस्तुतीकरण सराहनीय रहा।

इसी प्रकार, अगले चरण में बैंड कैटेगरी में आर्केस्ट्रा प्रतियोगिता हुई, जिसमें की-बोर्ड, गिटार, क्लैप बॉक्स व अन्य वाद्य यंत्रों पर उन्होंने जोश से भरी ऊजार्वान प्रस्तुति दी। वाद्य यंत्रों पर प्रतिभागियों ने सुर-ताल व लयकारी का आकर्षक सम्मिश्रण तथा उत्कृष्ट सामंजस्य प्रस्तुत किया। रॉक बैंड में छात्राओं की भी सराहनीय सहभागिता रही। वहीं, एकल गायन प्रतियोगिता में किसी ने सदाबहार गाने, किसी ने शास्त्रीय तो किसी ने गजल सुनाकर सबकी भरपूर सराहना बटोरी। इसके बाद इस कड़ी में अंतिम प्रस्तुति में नृत्य प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने शारीरिक स्फूर्ति और लयबद्धता का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया। बाल श्रम, बालिकाओं पर अत्याचार, गरीबी, मातृत्व प्रेम आदि का संदेश देतीं नृत्य-प्रस्तुति ने सबको भाव-विभोर कर दिया।

बेहतर प्रदर्शन के आधार पर वाद्ययंत्र कैटेगरी की तबला-वादन प्रतियोगिता में केशव नंदन (कक्षा 10) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोहम (कक्षा 10) व रमन चतुवेर्दी (कक्षा 9) संयुक्त रूप से दूसरे तथा आयुष राज (कक्षा 11) तीसरे स्थान पर रहे। बैंड में भाविनी सिन्हा एंड ग्रुप, ओम राज एंड ग्रुप तथा अविनीश झा एंड ग्रुप क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। एकल गायन में ध्रुव ज्योति (कक्षा 6), प्रसून पंकज (कक्षा 12) तथा पीयूष (कक्षा 11) ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, नृत्य में सोफिया अकील (कक्षा 11) प्रथम, रिमिक बी. सूर्या (कक्षा 9) द्वितीय तथा लेनिशा (कक्षा 7) एवं स्पर्शी सरकार (कक्षा 6) संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि, दृश्यकला की ग्रुप कैटेगरी में अर्जित अनुकूल, सोहम राज एवं शीतल राजपूत की टीमें तथा दृश्यकला (एकल) में आरुष श्रीवास्तव, सायी धानी तथा इशांक राज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने हुनर के प्रति अपना जुनून बनाए रखें और अपनी प्रतिभा को निखारें। विद्यालय उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने तथा तराशने का हर अवसर और मंच प्रदान करने की दिशा में कटिबद्ध है। प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के निर्णायकों में जय प्रकाश सिन्हा, अमित दासगुप्ता, आभा कुमारी झा और रोशन मिश्रा शामिल थे।

## रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता चौपाल का आयोजन



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** स्टेशन के प्लेटफार्म पर स्वच्छता पखवाड़ा विशेष अभियान 4.0 के तहत स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ और यात्रा योग्य परिवेश को बनाए रखने के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से यात्रियों और कर्मचारियों में सामूहिक भावना को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया ताकि प्रत्येक रेलवे स्टेशन को स्वच्छ बनाए रखा जा सके।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री खगेंद्र नाथ घोष सहित विभिन्न अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और यात्रियों को सम्बोधित किया और सभी को स्वच्छता के महत्त्व को बताया तथा स्टेशन परिसर एवं आस पास स्वछता को बनाए रखने की सलाह दी। यह आयोजन स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चल रहे प्रयासों का हिस्सा था, जो रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर रेलवे कर्मचारियों और यात्रियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी भूमिका और इसके महत्व पर चर्चा की। व्यक्तिगत प्रयासों के महत्व पर विशेष जोर दिया गया ताकि सामूहिक रूप से एक स्वच्छ वातावरण बनाए रखा जा सके। इस प्रकार की पहल के माध्यम से आद्रा मंडल के विभिन्न स्टेशनों को स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों और यात्रियों से सहभागी बनने की अपील की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### तिरला में मतदाता जनजागरण रात्रि चौपाल का आयोजन



**खूँटी(बिभा)** । आसन्न विधानसभा निर्वाचन में मतदान की संख्या बढ़ाने के लिए खूँटी प्रखण्ड के तिरला पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी और अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य प मतदाता जागरण के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन किए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने बतायी कि मतदान अपने विचार के अनुसार से करना है किसी के बहकावे में आकर नहीं ना ही किसी के लोग में आकर नहीं करना है। सरकार बनाने के लिए हमेशा निर्भीकता पूर्वक मतदान करना है। ऐसे शरीर से लाचार व्यक्ति के लिए ट्राई साइकिल या रिक्शा उपलब्ध कराया जाएगा। जिस रात्रि चौपाल में गाँव के महिला पुरूषों के साथ युवतियों ने भी भाग ली। जिसमें कई ऐसे लोग भी शामिल हुए जो पहली बार मतदान करने वाले हैं। इस दौरान मोमबत्ती जलाकर मतदान के लिए शपथ दुहराये। इसके लिए लोगों में जन जागरूकता की बात की गई एवं साथ ही शपथ भी दिलाई गई। इस कार्यक्रम में भाग लेकर ग्रामीण भी काफी खुश दिखे।

### पेड़ में लटकता महिला का शव पुलिस ने किया बरामद

**खूँटी(बिभा)** । जिले के मारंगहादा थाना अंतर्गत गाँव में सोमवार को एक 50 वर्षीय महिला का शव बरामद किया गया। शव की पहचान रेमता के सुलहे गाँव निवासी 50 वर्षीय नवाडीह पहनाईन उर्फ करमी देवी के रुप में की गयी । जिसका शव दूसरे गांव जनमडीह कुजराम से दसमाईल जाने वाली सड़क के किनारे एक पेड़ से लटका हुआ था। जिसे ग्रामीणों ने शव को उतार दिया था। वहीं लोगों के अनुसार यह आत्महत्या का मामला बताया जा रहा है। लेकिन आत्महत्या उसने क्यों की। या किसने मारा या आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया यह पुलिस जांच कर रही है। वहीं पुलिस वर्तमान में यूडी के दर्ज कर शव का मृत्यु समीक्षा प्रपत्र भरकर अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के बीच चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




**खूँटी(बिभा)** । जिले में दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों में मतदाताओं के बीच जाकर मतदान अवश्य करने का अपील किया गया। 13 नवंबर को खूंटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के दिन मतदान आवश्य करने के लिए सभी को प्रेरित किया गया। मौके पर सभी मतदाताओं को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया। वहीं दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाता स्वयं मतदान को लेकर काफी उत्सुक दिखें, सभी ने देश के जागरूक नागरिक होने की बात कहते हुए मतदान अवश्य करने की बात कही एवं क्षेत्र के अन्य मतदाताओं से भी मतदान जरूर करने का अपील किया।


### मेड इन यूएसए लिखा पिस्टल के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



**रांची(बिभा)**। रांची के ओरमांझी थाना पुलिस ने मेड इन यूएसए लिखा पिस्टल के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में जितेश कुमार और संतोष पाठक शामिल है। इनके पास से एक मेड इन यूएसए लिखा पिस्टल, दो गोली, मैगजीन, एक फोर्ड का इको स्पोर्ट कार, दो मोबाइल और 11 हजार 500 रुपये सहित अन्य सामान बरामद किये गये हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि एक काला रंग का फोर्ड कार में अवैध हथियार लेकर दो तीन अपराधी रात्रि में ओयना पिठोरिया ईरबा ओरमांझी पथ पर आते जाते हैं। प्राप्त सूचना के बाद सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए ओरमांझी से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। जितेश के खिलाफ पूर्व से चार और संतोष के खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं।

# दाना तूफान के कारण मिट्टी के दीये का निर्माण हुआ कम

बिभा संवाददाता





**खूँटी** । दीपावली की तैयारी पर खूँटी में कुम्हारों के लिए ह्यदीया' तूफान के कारण कुम्हार के काम में असर दिखाया है। जहाँ कुम्हार समय से न तो अधिक दीया निर्माण कर पाये और न ही सुखा पाये। ऐसे में कम दीया निर्माण होने के कारण दीया का दाम भी कुछ बढ़ गया है। वहीं दीपावली दो दिन ही रह गया है। तो जो दीया व अन्य सामान सुख जाएगा तो चिंता दूर होगी। पिपराटोली के कुम्हार लक्ष्मण प्रजापति ने बताया कि दीपावली पर्व निकट आया तो बीच में दाना नाम का तूफान आ गया। जिसके कारण काफी कम सामान निर्माण कर पाये। समय से दीया सूख नहीं पाया और दीया बनाने में भी देर हुआ। जिसके कारण इस बार 15 हजार दीया मात्र बना पाए। दिवाली आने में अभी चार दिन बाकि है ।फिर बाजार भी पकड़ेगा। कुम्हरन गीता देवी ने बताई कि चुकिया, ग्वालिन , दिवाली घर, ढकनी बनाए हैं। ग्वालिन 60/-,70/-,80/- करके बिक्री कर रहे हैं। दीया 20 दर्जन बेच रहे हैं। वहीं बाजार में भी दीपावली बाजार में दीये की बिक्री होना शुरू हो गया है।

# खूँटी विधानसभा हॉट शीट बना चैलेंज का विषय

ब्रजेश कुमार




**खूँटी** । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एक शुरू से ही राजनीति के मायने में प्रचलित रहा है। जहाँ से स्व. जयपाल सिंह मुंडा, पद्मभूषण कड़िया मुण्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं कड़िया मुण्डा के नेतृत्व में लम्बे समय भाजपा शासन कर चुकी है। वहीं झारखण्ड अलग राज्य गठन के समय से भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा लगातार विधायक रहे हैं। पिछले लोकसभा के लिए कुछ माह पहले चुनाव में कांग्रेस ऐतिहासिक मतों से विजय प्राप्त की। जिसमें खूँटी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन दल को 48 हजार मतों से बढ़त मिली थी। जिसे बड़ी बदलाव के रुप में देखा गया। ऐसी बढ़त किसी उम्मीदवार ने अभी तक नहीं पायी है। वहीं जनता इस बार छह माह बाद भाजपा के पक्ष में जाएगी या महागठबंधन की ओर वर्तमान सरकार के पक्ष मतदान देगी। यह चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि लगातार पाँच बार विधायक रहे नीलकंठ सिंह मुंडा के कार्यकाल विगत 25 वर्षों से रहा है। लेकिन उनके रहते हुए भी मतदान पार्टी के पक्ष में नहीं हुआ। वहीं बीती लोकसभा चुनाव में नीलकंठ सिंह मुंडा के बड़े भाई कांग्रेस सांसद कालीचरण मुण्डा को खूँटी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से लगभग 48 हजार मतों की बढ़त मिली थी। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव में कालीचरण मुण्डा के भाई भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा के पक्ष में जनता मतदान करेगी या महागठबंधन को सपोर्ट करेगी। वहीं विगत लोकसभा निर्वाचन में जीत के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता व जेएमएम कार्यकर्ता जेएमएम के उम्मीदवार को कितना वोट दिला पाएंगे। जबकि एक तरफ कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा के छोटे भाई भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा खूँटी विधानसभा निर्वाचन सीट में विगत 25 वर्षों से कील ठोंक दिया है तो दूसरी ओर महागठबंधन ने जेएमएम के नये चेहरे को निर्वाचन में उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है।

## त्योहारों के सामानों से सजा खूँटी का बाजार



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । दीपों का त्योहार दीपावली जैसे-जैसे निकट आते जा रहा है त्यौहार का बाजार भी सजने लगा। जो की एक साथ तीन त्यौहार का सम्मिश्रण दीपावली के तीन दिन क्षेत्र उमंगीत रहता है। एक तो धनतेरस का बाजार तो दूसरी ओर दीपावली और झारखंड का एक और प्रचलित पर्व सोहराय धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं दो त्योहारों की जुगाड़ के लिए सामानों की बाजार से खरीदारी करने लगे हैं। वही बाजार में सोहराय पर्व में मवेशियों को पहनाने के लिए माला, धूप धुवन , करंज तेल, बत्ती, दीया आदि बाजार में सजने लगा है। वहीं शहर में दीपावली के बाजार के लिए अलग से दुकानें सज गई है जहाँ लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, अल्पना सजावट के समान पूजा के सामान आदि की दुकान शहर में रौनक ला दिया है। वही धनतेरस का बाजार भी सज चुका है। जहा आज लोग खरीदारी करने के लिए पहुंचेंगे।

## खूँटी के सभी 11 व तोरपा के 13 उम्मीदवार स्क्रूटनी में योग्य घोषित



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर के बीच 59 तोरपा एवं 60 खूंटी विधानसभा क्षेत्र के लिए अभ्यर्थियों के द्वारा नामांकन प्रपत्र भरे गए। भरे गए सभी नामांकन प्रपत्र का आज आर०ओ द्वारा सभी अभ्यर्थियों की उपस्थिति में स्क्रुटनी की गई। स्क्रुटनी के दौरान सभी अभ्यर्थियों के प्रपत्र सही पाए गए।

**खूंटी विधानसभा क्षेत्र (60) में स्क्रूटनी के पश्चात निम्नलिखित अभ्यर्थी का नामांकन प्रपत्र सही पाया गया**

सोमा मुण्डा (अबुआ झारखंड पार्टी) पास्टर संजय कुमार तिर्की (निर्दलीय) मसीह चरण मुण्डा (भारत आदिवासी पार्टी) नीलकंठ सिंह मुण्डा (भारतीय जनता पार्टी) सामुएल पुर्ती (आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया) दुर्गावती ओड़ेया (निर्दलीय आलोक रितेश डुंगडुंग (बहुजन समाज पार्टी) बी अनिल कुमार (झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा) विश्वकर्मा उरांव (निर्दलीय) चम्पा हेरेंज (बहुजन मुक्ति पार्टी) राम सूर्या मुण्डा (झारखंड मुक्ति मोर्चा)

**तोरपा विधानसभा क्षेत्र (59) में स्क्रूटनी के पश्चात निम्नलिखित अभ्यर्थी का नामांकन प्रपत्र सही पाया गया।***

रिलन एमन होरो (अबुआ झारखंड पार्टी) कोचे मुण्डा (भारतीय जनता पार्टी) सुदीप गुड़िया (झारखंड मुक्ति मोर्चा) शिवराज बड़ाईक (निर्दलीय) समड़ो गुड़िया (आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया) ब्रजेंद्र हेमरोम (निर्दलीय) रविन्द्र बड़ाईक (निर्दलीय) सावित्री देवी (बहुजन समाज पार्टी) अनिता सुरीन (निर्दलीय) विलसन भेंगरा (झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा) कूलन पतरस आईन्द (झारखंड पार्टी) बिनोद कुमार बड़ाईक (निर्दलीय) पुनीत हेमरोम (निर्दलीय)

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने मुरहू प्रखंड में बैठक कर दिए निर्देश

बिभा संवाददाता



**खूँटी** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा ने मुरहू प्रखंड का दौरा कर प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित वरीय पदाधिकारी संग विधानसभा निर्वाचन 2024 से जुड़े तैयारी से संबंधित समीक्षा बैठक किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मुख्य रूप से रूट चार्ट, वाहन की उपलब्धता, व्हीलचेयर की उपलब्धता, होम वोटिंग, क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य टीम की प्रतिनियुक्ति, रैंप, ए०एम०एफ के तहत सभी फैसिलिटी, वॉलिंटियर प्रतिनियुक्ति समेत अन्य तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ के माध्यम से क्षेत्र के मतदाताओं को वोटर इनफॉरमेशन स्लीप ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मतदान केन्द्रों एवं क्लस्टर पर मतदान कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों एवं मतदाताओं को समस्या ना हो से लेकर पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर को संयुक्त रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा करते हुए थाना प्रभारी को सक्रिय होकर क्षेत्र में 107 के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## तुपुदाना से 239 किलो डोडा बरामद

**रांची(बिभा)**। रांची जिले के तुपुदाना से 239 किलो डोडा बरामद हुआ है। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने तुपुदाना ओपी क्षेत्र के भंडरा टोली स्थित जर्जर मकान के एक कमरे में डोड़ा बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हटिया डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने हुड़वा स्थित भंडरा टोली में यह कार्रवाई की। मामले में अनुंसधान जारी है।

# शहर में वाहन खड़ा करने पर पनपती जाम की स्थिति से लोग परेशान

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन के कारण सड़क पर वाहन रेंगते नजर आते हैं। लेकिन सड़क पर ही वाहन खड़ा करके खरीदारी करने से भारी वाहनों को भी निकलना मुश्किल हो जाता है। एक तो बाजार में भीड़ भाड़ रहता है तो वहीं कुछ लोग अपने वाहन जहाँ तहाँ से घुमा देते हैं । इस भीड़ और जाम का कई कारण बन जाते हैं जिसपर किसी प्रकार का निष्पादन नहीं किया जाता है। जिसका खामियाजा या तो एमबुलेंस में कराहते मरीजों को भुगतना पड़ता है। या फिर गंतव्य तक जल्दी पहुँचनेवाले राहगीरों को दिक्कत हो जाता है। वहीं दुकानदार भी अपने सामान दूकान से बाहर सड़क से सटाकर लगा देते हैं। जिस दुकान के सामने वाहन तक खड़ा नहीं हो पाता है। हालांकि तत्कालीन अनुमण्डल पदाधिकारी अनिकेत सचान व नगर प्रशासक के द्वारा बाजार टाँड़ में दुकानें तोड़ दी गयी थी। वहीं यही कार्य अबतक शहर के मुख्य चौराहे व बाजार में नहीं किया गया। जहाँ बड़े दुकानदारों द्वारा होनेवाले अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं होने से लोग चर्चा करने लगे हैं। वहीं समस्या से जुझते लोग कोसने लग रहे हैं। जो कि भीड़-भाड़ के कारण अभी हाल ही में एक थार वाहन द्वारा बैंक के गार्ड पर चक्का चढ़ा दिया गया था। जो जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। इसके बावजूद अभी तक शहर के ऐसी स्थिति से प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा सकी है।

## कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव को लेकर समन्वय समिति का किया गठन



**रांची(बिभा)**। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राज्य में विधानसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन के लिए समन्वय समिति का गठन किया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने सोमवार को बताया कि समन्वय समिति में मुख्य समन्वयक के रूप में रवीन्द्र सिंह, समन्वयक के रूप में अशोक चौधरी, मदन मोहन शर्मा, अमूल्य नीरज खलखो, संजय लाल पासवान, रियाज अंसारी, राकेश सिन्हा अभिलाष साहू , गजेन्द्र सिंह को शामिल किया गया है। उक्त कमिटी विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी प्रत्याशी, संगठन एवं गठबंधन के साथियों से समन्वय स्थापित करते हुए पूरे प्रदेश में सफलतापूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए कार्य करेगी।

# मम्मी पापा वोट दो अभियान के तहत विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने माता-पिता के नाम लिखा संदेश

## सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चला मुहिम

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । सीईओ झारखंड के निर्देश पर सोमवार को विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा अपने माता-पिता के नाम संदेश लिख वोट के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा पत्र, पोस्टर आदि तैयार किया गया। सभी ने अभिभावकों से एक अनोखे अंदाज में मतदान का अपील किया। जिसके पश्चात तैयार किए गए लेटर, पोस्टर एवं अन्य मतदाता जागरूकता संबंधित संदेश को #MummyPapaVoteDo हैश टैग के साथ सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर मतदाता जागरूकता से संबंधित मुहिम चलाया गया। संध्या 5:00 बजे से 7:00 के बीच , FACEBOOK, INSTAGRAM एवं YOUTUBE पर सोशल मीडिया पर यह अभियान चलाया गया। अभियान में स्कूली छात्र छात्राएं, पदाधिकारी, कर्मी एवं आम नागरिक ने भाग लिया। सभी ने अभियान से जुड़कर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर #MummyPapaVoteDo के साथ मतदाताओं को जागरूक करते दिखे। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक कर शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराना है। मुहिम में राज्य के सभी जिलों ने भाग लिया।

# धनतेरस से प्रारंभ होता है दीपावली पर्व



रमेश सर्राफ धमोरा

**यह समृद्धि का त्योहार है, इसलिए लोग अपने घरों को भी साफ करते हैं, उन्हें एक नया रंग देते हैं और कई तरह से सजाते हैं। धनतेरस हर किसी को समृद्ध और अच्छे स्वास्थ्य का एहसास कराता है। दीपावली धन से ज्यादा स्वास्थ्य और पर्यावरण पर आधारित त्योहार है। दीपावली एक ऐसा त्योहार है जिसके अपने पर्यावरणीय निहितार्थ है। मौसम मे बदलाव और दीपपर्व मे घनिष्ठ सम्बन्ध है। इसे समझते हुए कृपया दीपावली पर पर्यावरण को नुकसान पहुचाने वाली गतिविधिया ना करें।**

दीपावली का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस का त्योहार दीपावाली पर्व के पहले दिन को दशार्ता करता है। यह त्योहार लोगों के जीवन में समृद्धि और स्वास्थ्य लाने के लिए माना जाता है और इसलिए इसे बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदे। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है।

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है। वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चैक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर में 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जिसमें से सबसे पहले दक्षिण दिशा में यम देवता के लिए और दूसरा धन की देवी मां लक्ष्मी के लिए जलाना चाहिए। इसी तरह दो दीये अपने घर के मुख्य द्वार पर एक दीया तुलसी महारानी के लिए एक दीया घर की छत पर और बाकी दीये घर के अलग-अलग कोने में रख देने चाहिए। माना जाता है कि यह 13 दीये नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं से रक्षा करते हैं।

धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते है। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही



वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है।

धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है अथवा यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मारण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दु धर्म की ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्ताने होने से आपस में भाई-बहिन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है। इसलिए यमराज यमुना का स्नान करके दीपदान करने वालों से बहुत ही ज्यादा प्रसन्न होते और उन्हें अकाल मृत्यु के दोष से मुक्त कर देते है।

धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता हैं। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है। रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नई रूई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए। जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं। चूंकि यह दीपक मृत्यु के नियन्त्रक देव यमराज के निमित्त जलाया जाता है, अतः दीप जलाते समय पूर्ण श्रद्धा से उन्हें नमन तो करें। साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि वे आपके परिवार पर दया दृष्टि बनाए रखें और किसी की अकाल मृत्यु न हो। धनतेरस की शाम घर के बाहर मुख्य द्वार पर और आंगन में दीप जलाने की प्रथा भी है।

धनतेरस को मृत्यु के देवता यमराज जी की पूजा करने के लिए संध्या के समय एक वेदी (पाट्टा) पर रोली से स्वास्तिक बनाइये। उस स्वास्तिक पर एक दीपक रखकर उसे प्रज्वलित करें और उसमें एक छिद्रयुक्त कोड़ी डाल दें। अब इस दीपक के चारों ओर तीन बार गंगा जल छिडकें। दीपक को रोली से तिलक लगाकर अक्षत और मिष्ठान आदि चढाएं। इसके बाद इसमें कुछ दक्षिणा आदि रख दीजिए जिसे बाद में किसी ब्राह्मण को दे देवें। अब दीपक पर कुछ पुष्पादि अर्पण करें। इसके बाद हाथ जोडकर दीपक को प्रणाम करें और परिवार के प्रत्येक सदस्य को तिलक लगाएं। अब इस दीपक को अपने मुख्य द्वार के दाहिनी और रख दीजिए। यम पूजन करने के बाद अन्त में धनवंतरी पूजा करें।

इस प्रथा के पीछे एक लोक कथा है। कथा के अनुसार किसी समय में एक राजा थे जिनका नाम हेम था। दैव कृपा से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने जब बालक की कुण्डली बनाई तो पता चला कि बालक का विवाह जिस दिन होगा उसके ठीक चार दिन के बाद वह मृत्यु को प्राप्त होगा। राजा इस बात को जानकर बहुत दुखी हुआ और उन्होने राजकुमार को ऐसी जगह पर भेज दिया जहां किसी स्त्री की परछाई भी न पड़े। दैवयोग से एक दिन एक राजकुमारी उधर से गुजरी और दोनों एक दूसरे को देखकर मोहित हो गये और उन्होंने गन्धर्व विवाह कर लिया।

विवाह के पश्चात विधि का विधान सामने आया और विवाह के चार दिन बाद यमदूत उस राजकुमार के प्राण लेने आ पहुंचे। जब यमदूत राजकुमार प्राण ले जा रहे थे उस वक्त उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुनकर उनका हृदय भी द्रवित हो उठा। परन्तु विधि के अनुसार उन्हें अपना कार्य करना पड़ा। यमराज को जब यमदूत यह कह रहे थे उसी वक्त उनमें से एक ने यमदेवता से विनती की। हे यमराज क्या कोई ऐसा उपाय नहीं है जिससे मनुष्य अकाल मृत्यु के लेख से मुक्त हो जाए। दूत के इस प्रकार अनुरोध करने से यमदेवता बोले हे दूत अकाल मृत्यु तो कर्म की गति है। इससे मुक्ति का एक आसान तरीका मैं तुम्हें बताता हूं सो सुनो। कार्तिक कृष्ण पक्ष की रात जो प्राणी मेरे नाम से पूजन करके दीप माला दक्षिण दिशा की ओर भेट करता है। उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यही कारण है कि लोग इस दिन घर से बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीप जलाकर रखते हैं।

चूंकि यह समृद्धि का त्योहार है, इसलिए लोग अपने घरों को भी साफ करते हैं, उन्हें एक नया रंग देते हैं और कई तरह से सजाते हैं। धनतेरस हर किसी को समृद्ध और अच्छे स्वास्थ्य का एहसास कराता है। दीपावली धन से ज्यादा स्वास्थ्य और पर्यावरण पर आधारित त्योहार है। दीपावली एक ऐसा त्योहार है जिसके अपने पर्यावरणीय निहितार्थ है। मौसम मे बदलाव और दीपपर्व मे घनिष्ठ सम्बन्ध है। इसे समझते हुए कृपया दीपावली पर पर्यावरण को नुकसान पहुचाने वाली गतिविधिया ना करे।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## संपादकीय

### भयावह संकेत

इस्राइल ने शनिवार सुबह ईरान पर हवाईहमले किए और कहा कि महीने के शुरू में दागे गए बैलिस्टिक मिसाइलों के जवाब में उसने ईरान के सैन्य स्थलों को निशाना बनाया। घंटों चले हमले इतने जबरदस्त थे कि विस्फोटों की आवाज ईरान की राजधानी तेहरान तक सुनी गई। हालांकि इस्लामी गणराज्य ने जोर देकर कहा है कि हमले से उसे कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ और इनका असर 'सीमित क्षति' होने जैसा रहा। इस्राइल के ईरान पर ताजा हमले से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है, और ऐसे समय में पूर्ण युद्ध का खतरा पैदा हो गया है जब पश्चिम एशिया में ईरान समर्थित चरमपंथी समूह-गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्ला-पहले से ही इस्राइल के साथयुद्धरत हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत पश्चिम एशिया में बढ़स्ती हिंसा और शांति व स्थिरता पर इसके असर को लेकर बहुत चिंतित है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हम सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने और वार्ता व कूटनीति के मार्ग पर लौटने का आह्वान करते हैं। चल रही शत्रुता किसी के लिए भी लाभकारी नहीं है, जबकि निर्दोष बंधकों और नागरिकों को लगातार कष्ट उठाने पड़ रहे हैं।' पहली बार है जब इस्राइल की सेना ने खुलेआम ईरान पर हमले किए। 1980 के दशक में इराक के साथ युद्धके बाद से किसी शत्रु देश ने ईरान पर इस प्रकार लगातार हवाई हमले किए हैं। पूर्ण युद्ध का खतराइस कदर है कि अमेरिका ने 'हिसाब बराबर' कह कर दोनों शत्रु देशों के बीच प्रत्यक्ष सैन्य हमले बंद करने की बात कही है, लेकिन अपने इस बयान के साथ ही यह चेतावनी भी चस्पा कर दी है कि ईरान को अब इस्राइल पर जवाबी हमले करने का अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसे उकसावे भरे बयानों से निश्चित ही हालात को सामान्य बनाने के प्रयासों को धक्का लगेगा। युद्ध के असर सर्वविदित हैं, और लंबा खिंच जाए तो असर भी दीर्घकालिक होते हैं। विश्व व्यवस्था पर अमन-शांति में खलल और अस्थिरता का साया मंड़राने लगता है। कई देशों, बल्कि विश्व भर की अर्थव्यवस्थाएं झटका खाने लगती हैं। ऐसी तस्वीरें आने लगी हैं जिनमें युद्धप्रभावित इलाकों में लोग भोजन की लाइनों में लगे हैं। तस्वीरें विचलित करने वाली हैं। इस्राइल की हठ ने अमेरिका ने पाला-पोसा है, और वह युद्ध बंद होने की बात कहने के साथ ही ईरान को आशंकित हमले के प्रति जिस तरह मुस्तैद कर रहा है, उससे ड़बल गेम खेलता दिख रहा है। संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था की विश्वसनीयता तो युद्ध ने खत्म ही कर दी है।

## चिंतन-मनन

### सुखी रहना है तो ईश्वर से शिकायत न करें


इंसानों की एक सामान्य आदत है कि तकलीफ में वह भगवान को याद करता है और शिकायत भी करता है कि यह दिन उसे क्यूं देखने पड़ रहे हैं। अपने बुरे दिन के लिए इंसान सबसे ज्यादा भगवान को कोसता है। जब भगवान को कोसने के बाद भी समस्या से जल्दी राहत नहीं मिलती है तो सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। इसका कारण यह है कि उसे लगता है कि जो उसकी मदद कर सकता है वही कान में रूई डालकर बैठा है। इसलिए महापुरूषों का कहना है कि दुख के समय भगवान को कोसने की बजाय उसका धन्यवाद करना चाहिए। इससे आप खुद को अंदर से मजबूत पाएंगे और समस्याओं से निकलने का रास्ता आप स्वयं ढूंढ लेंगे। भगवान किसी को परेशानी में नहीं डालते और न ही वह किसी को परेशानी से निकाल सकते हैं। भगवान भी अपने कर्तव्य से बंधे हुए हैं। भगवान सिर्फ एक जरिया हैं जो रास्ता दिखाते हैं चलना किधर है यह व्यक्ति को खुद ही तय करना होता है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में इस बात को खुद स्पष्ट किया है। आधुनिक युग के महान संत रामकृष्ण का नाम आपने जरूर सुना होगा। ऐसा माना जाता है कि मां काली उन्हें साक्षात दर्शन देती थी और नन्हें बालक की तरह रामकृष्ण को दुलार करती थीं। ऐसे भक्त की मृत्यु कैंसर के कारण हुई। मृत्यु के समय इन्हें बहुत की कष्ट का सामना करना पड़ा। रामकृष्ण चाहते तो मां काली से कह कर रोग से मुक्त हो सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और पूर्व जन्म के संचित कर्मों को नष्ट करने के लिए दुःख सहते रहे और अंततः परम गति को प्राप्त हुए। ओशो का मत है कि भक्त भगवान की पीड़ा में जितना जलता है, उतना ही भगवान के करीब होने लगता है। एक दिन वह घड़ी आती है जब भक्त भगवान में विलीन हो जाता है। रामकृष्ण परमहंस का जीवन इसी बात का उदाहरण है। वर्तमान समय में लोग साढ़ेसाती का नाम सुनकर कांपने लगते हैं। लेकिन प्राचीन काल में लोग साढ़ेसाती का इंतजार किया करते थे। इसका कारण यह था कि साढ़ेसाती के दौरान प्राप्त तकलीफों से उन्हें ईश्वर को प्राप्त करने में मदद मिलती थी। साधु संत शनि को मोक्ष प्रदायक कहा करते थे। वर्तमान में शनि डर का विषय इसलिए बन गये हैं क्योंकि मनुष्य सुख भोगी हो गया है और उसकी सहनशीलता कम हो गयी है।

# अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव : डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच दिलचस्प मुकाबला

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की गतिविधियां चरम पर हैं। इस बार यहां पांच नवम्बर को चुनाव होना है। मुख्य मुकाबला अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच होना है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया लगभग एक वर्ष पूर्व से ही प्रारंभ हो जाती है। अमेरिकन संविधान बहुत सख्त है इस बार अमेरिका में दो मुख्य राजनीतिक पार्टियां मैदान में है। सत्तारूढ़ डैमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस अपना समर्थन बढ़ाने के लिए पूरी कोशिश कर रही हैं। वह राष्ट्रपति जो बाइडन को साथ लेकर अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप पर बढ़त बनाने के लिए जी जान से प्रयत्न कर रही हैं लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप भी इस रोचक मुकाबले में आगे दिखाई देते हैं। फैडरल पार्टी इस स्थिति में नहीं है कि वह किसी भी उम्मीदवार की हार जीत को प्रभावित कर सकें। इन चुनावों में कौन जीतेगा इससे पहले हमें यह जानना होगा कि विश्व के शक्तिशाली देश अमेरिका में राष्ट्रपति के चुने जाने की प्रक्रिया क्या है?

विश्व में अमेरिकी लोग सिद्धांतों के बहुत ही पक्के होते हैं यह चुनाव की प्रक्रिया 1789 से चल रही है। लेकिन अभी तक कोई हेर-फेर नहीं हुआ पूरे संविधान में 31 संशोधन हुए है किसी पर कोई अंगुली नहीं उठा सकता। अमेरिका में राष्ट्रपति प्रणाली है और यह प्रणाली तब से चली आ रही है जब से अमेरिका में संविधान लागू हुआ है। राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च है लेकिन वह कभी तानाशाह नहीं बन सकता। अमेरिका में लोकतंत्र प्रणाली बड़े अच्छे ढंग से चल रही है इसी कारण राष्ट्रपति चुनाव में कुछ कम बदलाव देखने को मिले हैं।

चुनाव की तिथि 5 नवम्बर पहले से निर्धारित है इन तारीखों का कभी उल्लंघन नहीं हुआ, बाकी फेर बदल बहुत दूर की बात है। यहां राष्ट्रपति चुनने की प्रक्रिया एक वर्ष पहले शुरू हो जाती है क्योंकि कई स्तरों पर उम्मीदवार का चयन होता है सर्वप्रथम विभिन्न राजनीतिक दल राज्यों में अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं जिन्हें प्राइमरी कहा जाता है हर राज्य के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार तय होते हैं फिर प्रत्येक पार्टी अपना अधिवेशन बुलाती है इसी अधिवेशन में पार्टी अपने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों का चयन करती है। उम्मीदवारों का नाम तय करने के लिए बॉक्स प्रणाली का प्रयोग किया जाता है। बॉक्स का अभिप्राय छोटी



से छोटी इकाई की मीटिंगें। निचले स्तर पर छोटी-छोटी इकाईयों की मीटिंग होती है जो राष्ट्रपति के नामों पर विचार करती है लेकिन अंतिम निर्णय राष्ट्रपति अधिवेशन में ही होता है। इस बार राष्ट्रपति अधिवेशन में डैमोक्रेटिक पार्टी ने कमला हैरिस और रिपब्लिकन ने ट्रंप पर दांव खेला है।

अमेरिका में 5 नवम्बर को राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के जो चुनाव होने हैं वह बाकी देशों से भिन्न हैं। देशभर में 538 निर्वाचक चुने जाते हैं। इसका महत्व राष्ट्रपति चुने जाने तक होता है। इलेक्टोरल कॉलेज का अपने आप में कोई अस्तिव नहीं होता न ही प्रशासन में उनकी कोई खास हिस्सेदारी होती है। आधुनिक चुनाव यद्यपि राष्ट्रपति के नाम पर ही लड़ा जाता है लेकिन चुने जाते हैं निर्वाचक। ये निर्वाचक अपने-अपने दल के राष्ट्रपति के उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के रूप में वचनबद्ध होते हैं।

कुछ राज्यों में कानूनी कार्रवाई है लेकिन कुछ राज्यों में परम्परा से ही ये निर्वाचक अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए वचन बद्ध होते हैं। ये राज्य स्तर पर चुने जाते हैं और चुने जाने के पश्चात दिसम्बर के दूसरे बुधवार के पश्चात पहले सोमवार को राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए वोट डालते हैं और सभी राज्यों से इन मतों को इकट्ठा करके कांग्रेस के दोनों सदनों के सामने खोला जाता है इसके लिए जनवरी की छह तिथि निर्धारित है कुल निर्वाचकों की संख्या 538 है विजय के लिए 270 वोट हासिल करना जरूरी हैं। यदि दोनों उम्मीदवारों को बराबर वोट पड़े तो तब कांग्रेस का निचला सदन अर्थात हाऊस ऑफ रिप्रजेंन्टेटिव फैसला करता है। अध्यक्ष का यह अधिकार होता है कि वह पहले 3 में से एक पर सहमति जताए चूंकि कुछ निर्वाचक कांग्रेस या सरकार के सदस्य भी हो सकते हैं निर्वाचक केवल राजनीतिक कार्यकर्ता होते हैं इसलिए इस काम के बाद उनका राजनीतिक महत्व समाप्त हो जाता है। इतिहास साक्षी है कि अमेरिका में निर्वाचक लोगों ने पार्टी के साथ कभी दगा नहीं किया अर्थात राष्ट्र सर्वोपरि है 20 जनवरी को राष्ट्रपति अपने पद पर आसीन होता है राष्ट्रपति का कार्यकाल 4 वर्ष का होता है। राष्ट्रपति के गद्दी पर बैठने से पहले ही यदि किसी कारणवश कोई दुर्घटना हो जाती है या देहांत हो जाता है या राष्ट्रपति किसी तरह अयोग्य ठहराया जाता है तो उपराष्ट्रपति स्वतः ही राष्ट्रपति बन जाता है यदि दोनों के साथ दुर्घटना हो जाती है तो फिर कांग्रेस का अध्यक्ष यह कार्यभार संभालता है लेकिन बीच में चुनाव करवाने का कोई प्रावधान नहीं है। अमेरिका के बड़े संविधान और नियमों को लेकर राष्ट्रपति का चुनाव निष्पक्ष वातावरण में होता है।

अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव को सफल बनाने में मीडिया की बहुत अहम भूमिका मानी जाती है। राष्ट्र अधिवेशन के पश्चात जब यह साफ हो जाता है कि कौन-कौन उम्मीदवार मैदान में है तो देशभर में वाद-विवाद शुरू हो जाते हैं। किसी नेता के पक्ष या विपक्ष में जनमत बनाने में इन चचाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यहां इस समय वाद-विवाद का सिलसिला शुरू हो चुका है। आरंभ में दोनों पार्टियों की आंखों में चमक देखने को मिल रही है। कमला हैरिस को कम लोग जानते हैं जबकि उसके विपरीत ट्रंप जाने माने राजनीतिक है और वह पहले भी अमेरिका के राष्ट्रपति रह चुके हैं पिछले चुनावों में वह जो बाइडन के हाथों बुरी तरह पराजित हुए थे। मीडिया का चुनावों में बड़ा हाथ होता है। अमेरिका में जनमत संग्रह की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चुनावों से पहले वहां की सर्वेक्षण कम्पनियां और वहां के अखबार मिलकर सर्वे करवाते है। चुनाव वर्ष आरंभ होते ही यह बड़ी-बड़ी कम्पनियां उम्मीदवारों की लोकप्रियता को लेकर सर्वे करना आरंभ कर देती हैं इसी कारण काफी बड़ा जनमत इन सर्वेक्षणों से प्रभावित होता रहता है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस समय ट्रंप का पलड़ा भारी महसूस होता दिख रहा है। वह अपनी विरोधी कमला हैरिस पर लगभग 2 प्रतिशत की बढ़त बनाए हुए हैं उधर भारतीय समुदाय ने भी ट्रंप का समर्थन करने की घोषणा कर दी है। इस समय राष्ट्रीय चुनावों में विदेश नीति का मुद्दा प्रभावशाली प्रतीत हो रहा है। वैसे अमेरिकन समाज घरेलू मामलों में ज्यादा सक्रिय रहता है। दुनिया में क्या हो रहा है उसको देखकर अमेरिका सदैव चौकस रहता है लेकिन अपनी राष्ट्रभक्ति के लिए अमेरिकन समाज अग्रणी रहता है। वह चाहते हैं कि हमारा राष्ट्रपति ईमानदार, देशभक्त, सर्वगुण संपन्न हो वह किसी तरह के घोटाले में शामिल न हो। जनमत सर्वेक्षणों में अभी भी ट्रंप का पलड़ा भारी लगता है। यदि ट्रंप जीत जाते हैं तो रिपब्लिकलन पार्टी की बहुत बड़ी जीत होगी और अमेरिका की विदेश नीति में बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। भारत-अमेरिका के बीच रिश्ते मधुर होने की पूर्ण सम्भावनाएं बढ़ जाएंगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रंप की तुलना में कमला हैरिस को चुनावी फंडज ज्यादा प्राप्त हो रहे हैं। ज्यों-ज्यों अमेरिकन राष्ट्रपति के चुनावों की तारीख 5 नवम्बर नजदीक आ रही त्यों-त्यों पार्टी उम्मीदवार एक दूसरे पर हमलावर हो रहे हैं। विश्व की सभी गुप्तचर एजेंसियां भी अमेरिकन राष्ट्रपति के चुनावों को लेकर सक्रिय हो चुकी हैं उनकी पैनी नजरें इन चुनावों पर लेकर लगी हुई हैं।

**-सुभाष आनंद**

# गैंगस्टर का समर्थन न करें राजनीतिक पार्टियां

महाराष्ट्र अगले महीने विधानसभा चुनाव का सामना करने वाला है। उत्तर भारतीय विकास सेना के नेता सुनील शुक्ला पश्चिम बांद्रा निर्वाचन क्षेत्र से कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की तरफ से नामांकन दाखिल करना चाहते हैं।

यह निर्वाचन क्षेत्र राकांपा के दिवंगत नेता बाबा सिद्दीकी का रहा है। समझ यह नहीं आता कि इस तरह की बातों से ऐसे लोग क्या साबित करना चाहते हैं। गैंगवार को लेकर देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है जिसको लेकर हर कोई चाहता है कि देश में अमन-चैन बना रहे लेकिन सुनील शुक्ला जैसे लोग ऐसी बातें करके युवाओं के भविष्य को गलत हवा दे रहे हैं। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से कुछ लोग लारेंस बिश्नोई की सोशल मीडिया पर प्रशंसा कर रहे हैं और उसे कई तरह की उपाधियों से नवाजा जा रहा है। सबसे बडा दुर्भाग्य यह है कि युवा, लारेंस को अपना आदर्श मान रहे हैं। लेकिन यह लोग इतनी सी बात नहीं समझ रहे कि मौत का खेल दूर से देखने में ही मजा आता है, खुद खेलने में जिंदगी में आग लग जाती है।

भारतीय राजनीति में कड़े नियम-कानून-कायदे न होने की वजह से इस तरह की तमाम तरह की आजादी है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अपराधी भी चुनाव लड़ सकता है और आश्चर्य की बात वह आरोपी भी है और जेल में हैं तब भी चुनाव लड़ सकता है। इससे एक बात तो तय है कि जिस तरह हमारे यहां छूट है उसी का ऐसे लोग बेजा फायदा उठाते हैं। सवाल यह है कि आखिर ऐसे प्रावधान में बदलाव क्यों नहीं हो सकता। क्या इस तरह की संचालन प्रक्रिया आने वाले मौजूदा व आने वाले समय में युवाओं को नकारात्मकता की ओर नहीं ले जाएगी? चुनाव लड़ना देश की सेवा के लिए प्रेरित करने के लिए होना चाहिए या शक्ति प्रदर्शन दिखाने के लिए? आजकल लोगों की सोच तो शक्ति प्रदर्शन दिखाने की ओर इशारा कर रही है।

हमें ऐसी सोच पर नियंत्रण पाना होगा, क्योंकि ऐसे लोगों के लिए चुनाव लड़ने का मतलब केवल सत्ता पर काबिज होना ही होता है। यदि लारेंस बिश्नोई जैसे गैंगस्टर चुनाव लड़ते हैं तो इस बात का क्या अर्थ निकाला जाए। मतलब जिससे देश असुरक्षित महसूस कर रहा है और सुनील जैसे लोग उनके हाथ में जनता की सुरक्षा देने चाहते हैं। जो पार्टी या नेता गलत व सही के बीच फर्क नहीं समझ सकती उसका पंजीकरण रद्द होना चाहिए। जब उनके मंसूबे इस तरह के हैं तो उनसे सकारात्मक राष्ट्र के निर्माण की उम्मीद करना बेमानी होगा। गुणवत्ता पर बात हो, मुद्दों पर बात हो, तथ्यात्मक घटनाओं पर बात हो, हमें इस तरह की पार्टी व नेता की जरूरत है।

हम पहले से ही बाहरी दुश्मनों से परेशान हैं और यदि अपने देश की आंतरिक व्यवस्था भी आतंकवाद से घिर जाएगी तो चुनौती बड़ी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर में बीते मात्र 15 दिनों में 19 लोगों की जाने जा चुकी है। इस समय केन्द्र व राज्य सरकार का सारा ध्यान आतंकवाद पर केन्द्रित है। इसके अलावा दिल्ली में गैंगस्टर के नाम से कुछ लोग दहशत फैला रहे हैं। बहुत सारे तो ऐसे लोग हैं जिनका गैंगस्टर से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है और वह उनके नाम पर उगाही तक भी कर रहे हैं। निश्चित तौर पर व्यापारी वर्ग सहमा हुआ रहता है।

उदाहरण के तौर यदि दिल्ली के परिवेश की बात करें तो दिल्ली में नीरज बावनिया के नाम पर बहुत सारे लोगों ने गैंग बना लिया है और उसके नाम से ही बदमाशी करते हैं व दिल्ली के व्यापारी वर्ग से रंगदारी मांगते हैं। जबकि इस पर नीरज बवाना ने खुद यह कहा था कि मैं या मेरा कोई भी सदस्य व्यापारियों से रंगदारी नहीं लेता। अब लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर ऐसा हो रहा है और निश्चित तौर पर उसको यह नहीं पता होगा कि उसके नाम का कौन-कौन प्रयोग कर रहा है। हमें इस ट्रैक पर चल रहे युवाओं को समझाना होगा कि किसी भी गैंगस्टर या बदमाश के जीवन का कोई अर्थ नहीं होता। वो चाहे कितना भी पैसा और नाम बना ले लेकिन वह अपनी जिंदगी नहीं जी सकता। वह सारी जिंदगी जेल में ही रहता है। युवाओं को यह नहीं मालूम की इस राह में कितने कांटे हैं और न तो ऐसे लोगों का कोई जीवन होता और न ही घरवाले कभी सुरक्षित रह पाते।

यदि किसी को कॉपी करना है तो ऐसे लोगों को कॉपी करें, जिससे आपका भविष्य बने। अपनी जिंदगी की कीमत समझें चूंकि यह मानव जीवन आसानी से नहीं मिलता। इसका हर पल व क्षण अपने भविष्य बनाने व परिवार का भविष्य संवारने में लगाएं। गैंगस्टर की जिंदगी में किसी भी प्रकार की खुशी नहीं होती। वह आपसी रंजिश या पुलिस एनकाउंटर में मारे जाते हैं या फिर पकड़े जाने पर पूरी जिंदगी जेल में सड़ते हैं। इसलिए राजनीतिक पार्टी छोटी हो यहा बड़ी सबको अपना कर्तव्य को याद रखना होगा चूंकि आप सभी समाज को लीड करते हो जिसकी वजह से जैसा आप कहते व प्रस्तुत करते हो वैसे राष्ट्र का निर्माण होता है। किसी भी गलत व्यक्ति के विषय में आप इस तरह की बातें करेंगे तो निश्चित तौर पर समाज में गलत संदेश जाएगा।

**-योगेश कुमार सोनी (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**




# दिवाली में लिविंग रूम को सजाते समय आप भी रखें इन बातों का ध्यान

**घर का लिविंग रूम सब के लिए खास होता है। यह एक ऐसा रूम है जहां घर के सभी लोग एक साथ बैठ के क्वॉलिटी टाइम बिताते हैं। घर में आने वाले मेहमान भी लिविंग रूम में बैठते हैं। यही नहीं, किसी भी पार्टी के लिए लिविंग रूम का बड़ा ही महत्व रहता है क्यूंकि, ये वो जगह है, जहां घर की पार्टी का इंतजाम किया जाता है। अगर लिविंग रूम अट्रैक्टिव होता है, तो पार्टी की रौनक और भी बढ़ जाती है, अगर अस्त-व्यस्त हो, तो पार्टी का मजा किरकिरा हो जाता है। इस दिवाली अगर आप भी दिवाली पार्टी के लिए लिविंग रूम को शानदार तरीके से डेकोरेट करना चाहती हैं, तो आपको कुछ बुनियादी बातों पर ध्यान देना चाहिए।**

वैसे तो दिवाली के दिन सभी घरों में लाइट की व्यवस्था खूब रहती है लेकिन, जब दिवाली के दिन घर पर मेहमानों के साथ पार्टी रखी है, तो आपको अन्य दिनों के मुकाबले कुछ अधिक लाइट लगा लेनी चाहिए। अगर ठीक से लाइट नहीं हो तो पार्टी के साथ कमरे की सजावट खराब हो जाती है। हो सके तो पार्टी वाले दिन रंग-बिरंगी लाइट को लिविंग रूम में लगाने से बचे क्यूंकि, खाना खाने के दौरान बहुत कम लोग ही इस तरह की लाइट्स को पसंद करते हैं।

## गलत कालीन को करें साइड

दिवाली पार्टी वाले दिन आप लिविंग रूम में कालीन ना ही लगाएं तो बेहतर है। अगर आप सफेद कलर का कालीन लिविंग रूम में लगाने वाली है, तो ये गलती भूल के भी नहीं कीजियेगा, क्यूंकि एक बार अगर कालीन पर दाग लग गए फिर उसके बाद उस दाग को निकालने में आपको ही मेहनत करनी पड़ सकती है। इसलिए दिवाली पार्टी के दिन कालीन बिछाने के लिए रंग का चयन करते समय ये जरूर याद रखें।

## टेबल, कुर्सी का रखें ध्यान

वैसे तो लिविंग रूम एक तरह से टेबल, कुर्सी या सोफा सेट के लिए जाना जाता है लेकिन, दिवाली पार्टी वाले दिन लिविंग रूम में अधिक कुर्सी और सोफा सेट रखने से बचें, क्यूंकि इससे लिविंग रूम की जगह भी कम हो जाती है, और लिविंग रूम एकदम से भरा-भरा दिखने लगता है, जिसके चलते कई बार आने-जाने के लिए जगह की कमी हो जाती हैं। पार्टी के लिए आप एक बड़ा सा टेबल का इस्तेमाल कीजिए जिस पर एक साथ सभी बैठकर खाना खा सके।

## सेटिंग चेंज करें

लिविंग रूम को अट्रैक्टिव दिखाने के लिए इसकी सेटिंग चेंज करते रहें। अगर आपने पिछले कई महीनों से लिविंग रूम की सेटिंग चेंज नहीं की है, तो इस बार उसे भी कर लीजिए। कई बार सेटिंग चेंज करने से भी लिविंग रूम को अट्रैक्टिव बनाया जा सकता है। आप सोफा, टीवी और टेबल आदि की पोजीशन को चेंज कर दीजिये और ये भी ध्यान रखें कि कई चीजों को एक साथ ना रखें। लिविंग रूम को खुला खुला रखने की कोशिश करें ताकि बीच में आने-जाने की जगह बनी रहे।

# मेन डोर के लिए रंगोली डिजाइंस

**दिवाली का त्योहार आते ही लोग तरह-तरह से अपने घर की सजावट शुरू कर देते हैं। वैसे हिंदू धर्म में हर त्योहार पर रंगोली बनाने को बहुत ही शुभ माना गया है।**

वैसे तो घर के आंगन, रसोई के बाहर, पूजा स्थल पर और घर के मेन गेट आदि स्थानों पर रंगोली बनाई जा सकती है, मगर घर के मुख्य द्वार पर बनाई जाने वाली रंगोली हमेशा बहुत ही अर्थपूर्ण और आकर्षक होनी चाहिए, क्योंकि रंगोली का धार्मिक महत्व भी होता है। घर के मुख्य द्वार पर बनने वाली रंगोली की कुछ आसान और खूबसूरत डिजाइंस

## लक्ष्मी जी के चरण वाली रंगोली

लक्ष्मी जी के चरण को बहुत ही शुभ माना जाता है। अमूमन लोग अपने घर में लक्ष्मी जी के चरणों के स्टीकर लगाते हैं। मगर वास्तु शास्त्र में प्लास्टिक को अशुभ माना जाता है और आमतौर पर बाजार में आपको प्लास्टिक के ही स्टीकर मिलेंगे। ऐसे में आप मुख्य द्वार पर लक्ष्मी जी के चरणों की रंगोली बना सकती हैं। यह रंगोली आप रंगोली के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रंगों से भी बना सकती हैं और ताजे फूलों से भी आप इस तरह की रंगोली बना सकती हैं। अगर आप बहुत ज्यादा मेहनत नहीं करना चाहती हैं, तो बहुत बड़ी रंगोली बनाने की जगह बॉर्डर डिजाइन ही बनाएं। यह कम समय और मेहनत में बन जाएगी।

## कॉर्नर पर बनाएं रंगोली

आजकल ज्यादातर लोग फ्लैट्स में रहते हैं। ऐसे में मेन डोर पर रंगोली बनाने से आने-जाने वालों को दिक्कत हो सकती है। इतना ही नहीं, आपके द्वारा मेहनत से बनाई गई रंगोली खराब भी हो सकती है। ऐसे में आप मेन डोर के कॉर्नर पर रंगोली बना सकती हैं।
इस तरह की रंगोली के लिए आप मंडला आर्ट का चुनाव कर सकती हैं। मगर इसके लिए आपका आर्ट में माहिर होना बहुत जरूरी है। वैसे आपको बाजार में रेडीमेड नेट मिल जाएगा, जिसमें पहले से ही डिजाइन बनी होती है और आपको उसमें रंगोली के रंग भरने होते हैं। अगर आप खुद से ही मंडला आर्ट करके रंगोली बनाना चाहती हैं, तो आपको आटे की मदद से पहले आउटलाइन तैयार कर लेनी चाहिए और फिर रंगोली में रंग भरने चाहिए।
कमल देवी लक्ष्मी को अति प्रिय है। जगत पिता श्री हरि नारायण को भी कमल का फूल अति प्रिय है। वैसे तो घर के प्रवेश द्वार पर एक जल भरे पात्र में आपको खिला हुआ कमल का फूल रखना ही चाहिए। मगर यदि ऐसा संभव न हो तो आप प्रवेश द्वार पर कमल के फूल की डिजाइन वाली रंगोली भी बना सकती हैं। ऐसा कहा जाता है कि द्वार पर कमल का फूल देख कर देवी लक्ष्मी उस स्थान पर वास करने जरूर आती हैं।

## फूल की रंगोली

घर के मुख्य द्वार पर आप फूलों की रंगोली भी बना सकती हैं। इसके लिए आप 2 से 3 तरह के फुल ले सकती हैं। फूलों की रंगोली से घर भी सुगंधित होता है, जिससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है। फूलों की रंगोली बनाने के लिए आपको पहले ही आटे की मदद से आउटलाइन बना लेनी होगी। फिर आप फूलों की पंखुड़ियों से रंगोली को भर सकती हैं।

## दीयों की रंगोली

दिवाली का त्योहार दीपों का त्योहार होता है। इसलिए आप दीयों से भी अपनी रंगोली को सजा सकती हैं। वास्तु शास्त्र के लिहाज से अगर आप चौमुखी दीपक को घर के प्रवेश द्वार पर जलाते हैं, तो चारों दिशाओं से सुख और समृद्धि आती है। ऐसे में आप दीपक की गोलाई में रंगोली बना सकती हैं। आप ऊपर दी गई तस्वीर में दिखाई गई डिजाइन से आइडिया ले सकती हैं।





# दिवाली पर घर के हर कोने को लाइट्स से यूं सजाएं

**दिवाली का त्योहार एक बार फिर से आने वाला है तो आपने अपने घर को सजाने के लिए नई लाइट्स तो खरीद ही ली होंगी। लाइट्स लगाने से घर में रौनक तो नजर आने ही लग जाती है मगर ऐसा तब ही होता है, जब आपने लाइट्स को सही स्थान पर लगाया हो। आज हम आपको बताएंगे कि घर के किस कोने में लाइट्स लगा सकते हैं और कौन सी लाइट घर के किस कॉर्नर के लिए अच्छी रहेगी।**

दीवाली का त्योहार आते ही लोग अपने घर को सजाना-संवारना शुरू कर देते हैं। ज्यादातर लोग इस त्योहार पर लाइट्स से अपने घर को सजाते हैं। जाहिर है, दिवाली का त्योहार एक बार फिर से आने वाला है तो आपने अपने घर को सजाने के लिए नई लाइट्स तो खरीद ही ली होंगी। लाइट्स लगाने से घर में रौनक तो नजर आने ही लग जाती है मगर ऐसा तब ही होता है, जब आपने लाइट्स को सही स्थान पर लगाया हो। बहुत से लोग घर में जहां भी जगह पाते हैं, वहां लाइट्स लगा देते हैं, वहीं कुछ लोगों को तो यह भी नहीं पता होता है कि कौन सी लाइट को कहां और कैसे लगाना चाहिए।

## एलईडी और इलेक्ट्रिक दीया

अगर आप बाजार से डिजाइनर एलईडी और इलेक्ट्रिक दीया खरीद कर लाए हैं, तो उसकी प्लेसमेंट सही जगह करें। जहां एलईडी दीये से आप घर के किसी भी कॉर्नर, टेबल, बालकनी आदि को सजा सकते हैं, वहीं इलेक्ट्रिक दीये आपको मंदिर में रखने चाहिए। हालांकि, वास्तु के हिसाब से इसे सही नहीं माना जाता है, इसलिए इन दीयों के साथ-साथ असल के दीयों से भी मंदिर को सजाएं।

## फॉलिंग एलईडी लाइट्स

अगर आपके घर में गार्डन है और गार्डन में पेड़ पौधे लगे हुए हैं, तो आप फॉलिंग एलईडी लाइट्स को पेड़ में लगा सकते हैं। इससे आपका गार्डन जगमगा जाएगा। आप इस तरह की लाइट्स को बालकनी में भी सजावट के लिए लगा सकती हैं।

## राइस लाइट

घर पर मौजूद सेंटर टेबल को भी आप लाइट-अप कर सकती हैं। इसके लिए आप असली के दीयों के साथ-साथ किसी शीशे की बॉटल के अंदर राइस लाइट भी भर कर रख सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि राइस लाइट को ऐसे स्थान पर रखें जहां कम रोशनी हो। अधिक रोशनी में इसे रखने से सारा मजा किरकिरा हो जाता है।

## हैंगिंग लाइट्स

हैंगिंग लाइट्स का इस्तेमाल आप किसी भी स्थान पर कर सकती हैं। मगर इस बात का ध्यान रखें कि जब आप हैंगिंग लाइट लगा रही हों तो उसे दीवार से सटा कर न लगाएं। हां, अगर वॉल हैंगिंग लाइट है तो आप ऐसा कर सकती हैं। मगर सीलिंग हैंगिंग लाइट्स की खूबसूरती को निहारने के लिए सही तरह से उसे फिक्स करें।

## एलईडी स्ट्रिप लाइट्स

अगर आपके घर के खिड़की-दरवाजों या फिर फर्नीचर को डेकोरेट करना है तो एलईडी स्ट्रिप लाइट्स का प्रयोग करें। इतना ही नहीं, घर के मंदिर को डेकोरेट करने के लिए भी आप इन लाइट्स का प्रयोग कर सकती हैं। इन लाइट्स को लगाते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि उस स्थान पर फिर और अधिक लाइट्स न लगाएं और इन्हें रनिंग मोड पर रखें, नहीं तो यह बहुत जल्दी खराब भी हो जाती हैं।




# कम समय में बनानी है खूबसूरत रंगोली तो ये 5 हैक्स करेंगे मदद

**दिवाली पर अगर आप भी चाहती हैं कि घर पर खूबसूरत रंगोली बने और समय कम लगे तो किचन के कुछ सामान की मदद से आप परफेक्ट रंगोली बना सकती हैं।**

दीवाली करीब आ गई है और अब घरों में रंगोली बनना शुरू हो गई होगी। कई लोग नवरात्र से शुरू करके दिवाली के बाद तक घरों के आंगन को रंगोली से सजाते हैं। यकीनन घर के बाहर अगर खूबसूरत डिजाइन की रंगोली बनी हो तो देखकर बहुत अच्छा लगता है। पर कई लोगों के साथ ये समस्या होती है कि उन्हें रंगोली की डिजाइन्स समझ नहीं आती और उन्हें इसे बनाने में बहुत समय लग जाता है। ऐसे में क्यों न हम कुछ ऐसे हैक्स का इस्तेमाल करें जिससे जल्दी से जल्दी रंगोली बन जाए। आज हम आपको कुछ ऐसे ही हैक्स बताने जा रहे हैं जो घर के सामान की मदद से ही अच्छी रंगोली बनाने में आपकी मदद कर सकते हैं। चम्मच, इयरबड, कंघी की मदद से आप खूबसूरत रंगोली डिजाइन्स बना सकते हैं। ये सभी बहुत आसानी से बनने वाले हैं और आपको इसमें समय बहुत कम लगेगा। तो चलिए जानते हैं कौन से हैं वो हैक्स

## छलनी की मदद लें

आजकल ऐसी रंगोली का चलन बहुत ज्यादा है जहां अलग-अलग रंगों से बेस बनाया जाता है और उसके बाद सेंटर में सफेद या ऐसे ही लाइट रंगों से अलग-अलग तरह के डिजाइन्स बनाए जाते हैं। आप आप आटा छानने वाली छलनी में कलर डालकर एक गोलाकार सेंटर बना सकते हैं। इसके बाद चाय वाली छलनी में रंगों को भरकर उसी गोले के आस-पास कई रंगों के सर्कल बना सकते हैं। डिजाइन आप जो चाहें चुन लें छलनी की मदद से उसे बहुत आसानी से बना सकते हैं। इस तरह की रंगोली में कलर कॉम्बिनेशन का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। अगर आपने सही कलर कॉम्बिनेशन नहीं रखा तो ये भी हो सकता है कि रंगोली बने तो परफेक्ट लेकिन खराब रंगों की वजह से खिली हुई सी न दिखे।

## इयरबड की मदद से बनाएं खूबसूरत रंगोली

दिवाली की खूबसूरत रंगोली बनाने के लिए आप इयरबड्स की मदद भी ले सकते हैं। इनसे बहुत अच्छे डिजाइन्स बनाए जा सकते हैं। आपको करना बस ये है कि जिस तरह का डिजाइन भी आपने दिमाग में रखा है उसके हिसाब से रंग चुनने हैं। तस्वीर में जो रंगोली दिखाई गई है उसमें बेस व्हाइट रंग डालने के बाद अलग-अलग रंगों से बड़े डॉट्स फ्लोर पर बनाए गए थे। इसके बाद इयरबड की मदद से इन्हें पत्तियों वाला डिजाइन दिया गया है। आप भी इयरबड की मदद से खूबसूरत रंगोली की डिजाइन बना सकते हैं। बस ध्यान ये देना है कि जो डॉट्स आप बनाएं वो एक ही साइज के हों। इसके लिए आप किसी पतले नॉजल वाली बॉटल या रंगोली वाले कोन्स का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## चम्मच की मदद से बनाएं

जिस तरह हम इयरबड्स का इस्तेमाल कर रंगोली बना सकते हैं उसी तरह चम्मच का इस्तेमाल कर रंगोली भी बनाई जा सकती है। इसके लिए आपको उसी तरह के डॉट्स फ्लोर पर बनाने होंगे जैसे हमने इयरबड्स के समय बनाए थे और साथ ही चम्मच की मदद से उसे शेप देना होगा। आप परफेक्ट राउंड शेप के लिए किसी स्टील की प्लेट का इस्तेमाल भी कर सकते हैं और उसके इर्द-गिर्द उस तरह के डॉट्स बना सकते हैं जैसे तस्वीर में दिखाए गए हैं। ये ट्रिक फूलों वाली रंगोली बनाने के लिए काफी मददगार साबित हो सकती है।

## चॉक की मदद से बनाएं रंगोली

आप रंगोली बनाने से पहले चॉक की मदद से उसकी डिजाइन पहले फ्लोर पर बना लें। ऐसा करने से आपको समय कम लगेगा और रंगोली के बिगड़ने की गुंजाइश भी कम हो जाएगी। आप चाहें तो गेहूं वाली छलनी (बड़े छेद वाली छलनी) की मदद से डॉट्स फ्लोर पर बनाकर डॉट्स वाली रंगोली भी बना सकती हैं। इन छोटे साइज के डॉट्स को कनेक्ट कर आप कई अच्छी डिजाइन्स तैयार कर सकती हैं।

## फोर्क या कंघी का करें इस्तेमाल

अगर आपको किसी डिजाइन में बारीक लाइन्स चाहिए तो आप फोर्क या कंघी या फिर टूथपिक का इस्तेमाल कर सकती हैं। पहले बेस रंग फ्लोर पर डालें और उसके बाद टूथपिक, फोर्क या कंघी की मदद से उसपर मनचाहा डिजाइन बनाएं। इस तरह की रंगोली टाइल्स पर ज्यादा अच्छी तरह से बनती है।



# ज्यादा दिनों तक चलने के साथ वेट कंट्रोल करेगी गुलाब नारियल बर्फी

गुलाब नारियल बर्फी एक ऐसी मिठाई है, जिसे आप कई दिनों तक रख सकते हैं। साथ ही नारियल होने की वजह से इसमें ज्यादा चीनी का इस्तेमाल भी नहीं करना पड़ता। इस वजह से इसे खाने से वेट भी नहीं बढ़ता। वहीं अगर आप चीनी खाना पूरी तरह छोड़ चुके हैं, तो आप चीनी की जगह गुड़ का इस्तेमाल करके भी गुलाब नारियल बर्फी बना सकते हैं। फेस्टिव सीजन खासकर दिवाली के लिए आप यह मिठाई बना सकते हैं।

## गुलाब नारियल बर्फी बनाने की सामग्री

- 1 कप मावा
- 2 कप नारियल पाउडर
- 3/4 कप चीनी बूरा
- 2-4 बूंद रोज एसेंस
- 1 टीस्पून इलायची पाउडर
- 1/4 टीस्पून रेड फूड कलर
- 2 टेबलस्पून पिस्ता कटे हुए
- 2 टेबलस्पून नारियल पाउडर

## गुलाब नारियल बर्फी बनाने की विधि

सबसे पहले एक बर्तन में नारियल पाउडर, गुलाब एसेंस, इलायची पाउडर और चीनी बूरा डालकर मिक्स कर 20 मिनट के लिए ढककर रख दें। तय समय के बाद मीडियम आंच पर पैन रख दें। इसमें मावा, नारियल पाउडर वाला मिश्रण और चीनी डालकर इसके घुलने तक पकाएं। जब मिश्रण पैन छोड़ने लगे तब गैस बंद कर इसे प्लेट पर निकाल लें। मिश्रण को दो भागों में बांट लें। एक भाग में रेड फूड कलर मिलाएं। अब ट्रे पर घी लगाकर चिकना कर लें। पहले सादा मिश्रण डालें फिर ऊपर से कलर वाला मिश्रण डालकर सेट करें। इस पर नारियल पाउडर छिड़ककर कटे हुए पिस्ता डाल दें। ट्रे को फ्रिज में 1 घंटे तक सेट होने के लिए रख दें। तय समय के बाद फ्रिज से ट्रे निकाल लें। तैयार है गुलाब नारियल बर्फी। मनचाहे पीस में काटकर सर्व करें।

# इस बार त्योहार पर बनाएं खाजा मिठाई

**अगर आप त्योहार के मौके पर स्वीट्स में कुछ डिफरेंट बनाने की सोच रही हैं, तो आप आंध्र प्रदेश की यह फेमस रेसिपी ट्राई कर सकती हैं।**

भारत अपनी परंपराओं और स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए जाना जाता है। हर राज्य की अपनी अलग संस्कृति और खान-पान है। यहां हर उत्सव को खास तरीके से मनाया जाता है, कई पारंपरिक व्यंजन भी बनाए जाते हैं। अब दीपावली का त्योहार भी आने वाला है। त्योहार के मौके पर सभी के घरों में मिठाइयां बनने लगती हैं। ज्यादातर घरों में महिलाएं लड्डू बनाना पसंद करती हैं। लेकिन अगर आप इस बार त्योहार के मौके पर स्वीट्स में कुछ डिफरेंट बनाने की सोच रही हैं, तो आप आंध्र प्रदेश की फेमस मिठाई खाजा की यह रेसिपी ट्राई कर सकती हैं।
आपको बता दें कि यह आंध्र प्रदेश की एक पारंपरिक डिश है, जिसे मैदा और शुगर सिरप में डीप करके तैयार किया जाता है। इसे लोग खास त्योहार के मौके पर बनाना पसंद करते हैं। हालांकि, इसे कई नामों से पुकारा जाता है जैसे आंध्र चिरोटी, खाजा आदि। साथ ही, यह डिजर्ट बिहार में भी काफी लोकप्रिय है और बहुत से लोग इसे बिहारी खाजा के नाम से भी जानते हैं। आप इसे बहुत ही आसानी से बना सकती हैं, कैसे? आइए जानते हैं.

## बनाने की विधि

- खाजा मिठाई बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में मैदा छान लें और फिर इसमें सभी सामग्रियों जैसे बेकिंग पाउडर, घी आदि डालें और अच्छी तरह से मिक्स कर लें।
- अब आप आटे में पानी डालें और उसे अच्छी तरह से गूंथ लें। फिर 20 मिनट के लिए अलग रख दें।
- जब आटा अच्छी तरह से सेट हो जाए, तो आटे को रोल करें और आटे की बराबर मात्रा में लोइयां बना लें।
- अब सारी लोइयों को रोटी की तरह पतला-पतला बेल लें और साइड में बेल कर रख लें।
- अब आपको खाजा बनाना है, इसके लिए आप एक प्लेट में रोटी रखें और उसके ऊपर मैदा, घी लगा लें। ताकि आटे (रोटी) की लेयर आपस में चिपके नहीं।
- फिर उसके ऊपर दूसरी रोटी रखें और इसी तरह आप सारी बेली हुई रोटियों की परत बना लें।
- अब इन रोटियों को फोल्ड करके एक रोल बना लें। फिर रोल को साइड से पतला-पतला (ज्यादा नहीं) खाजा के शेप में काट लें।
- अब धीमी आंच पर कढ़ाही में तेल गर्म कर लें। जब तेल गर्म हो जाए, तो खाजा को डीप फ्राई कर लें।
- अब आपको चाशनी बनानी है, इसके लिए आप एक बर्तन में चीनी और पानी डालें और चाशनी तैयार कर लें।
- अब तले हुए खाजा को एक एक करके चाशनी में डाल दें और कुछ देर इसे ही छोड़ दें।
- फिर कुछ देर बाद चाशनी से खाजा निकल लें और अपने मेहमानों को सर्व करें।



# 4 हजार करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में एक्शन

**-ईडी ने प्रमोटर्स की 503 करोड़ की संपत्तियां जब्त कीं**

नागपुर। प्रवर्तन निदेशालय नागपुर ने 4,037 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी केस में 5 राज्यों में कार्रवाई की है। एजेंसी ने महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश में 503.16 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की हैं। ये संपत्तियां 24 अक्टूबर को जब्त की गई थीं। इसके साथ ही जब्त की गई कुल संपत्ति लगभग 727 करोड़ रुपए हो गई है। मामला कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उनके प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स मनोज जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, अभिषेक जायसवाल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप के तहत हुई जांच से जुड़ा है। कुर्क संपत्तियों में बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड, शेयर, कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और मनोज कुमार जायसवाल और उनके परिजन के अलावा कई शेल कंपनियों के नाम ली गई प्रॉपर्टी शामिल हैं।

**ब्याज समेत 11 हजार करोड़ से ज्यादा का हेर-फेर**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। यूनियन बैंक के मुताबिक आरोपियों ने लोन लेने के लिए प्रोजेक्ट डीटेल में हेरफेर की और इसके बाद बैंक के फंड को डायवर्ट किया था। इसके चलते बैंक को 4,037 करोड़ रुपए, ब्याज समेत 11,379 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इससे पहले इस मामले में ईडी ने नागपुर, कोलकाता और विशाखापत्तनम में कई जगह तलाशी अभियान चलाकर आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए थे। ईडी ने अपराध की आय भी जब्त की थी। जिसमें 223.33 करोड़ रुपए के लिस्टेड शेयर और सिक्योरिटी, म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट और बैंक बैलेंस शामिल थे। साथ ही 55.85 लाख रुपए की नकदी भी जब्त की थी।

# अखनूर में 3 आतंकी मारे गए, बह आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी, 5 घंटे चले एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने मार गिराया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सोमवार को सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया। सुबह 7ः26 बजे लाइन ऑफ कंट्रोल के पास भट्टल इलाके में इन आतंकियों ने आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी। हालांकि इसमें जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। आतंकी फायरिंग के बाद जंगल की ओर भाग गए थे। सेना ने इलाके को घेर कर सर्च ऑपरेशन चलाया। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया। इससे पहले 24 अक्टूबर को बारामूला में सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें 3 जवान और 2 पोर्टर की जान गई थी।

**मंदिर में मोबाइल ढूंढ रहे थे आतंकवादी**

सुरक्षाबलों ने बताया कि, आतंकवादी भट्?टल इलाके में जंगल से लगे शिव आसन मंदिर में एक मोबाइल ढूंढ रहे थे। उन्हें किसी को कॉल करनी थी। इसी दौरान आर्मी की एंबुलेंस गुजरी और आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि आतंकवादी पिछली रात बॉर्डर पार करके अखनूर में आए थे।

# महाराष्ट्र के साथ बड़ा भेदभाव कर रहे हैं मोदी : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र के साथ भेदभाव कर रहे हैं और देश की आर्थिक राजधानी को गुजरात के बड़ोदरा में स्थानांतरित करने के लिए काम कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि टाटा की एयरबस बनाने के महाराष्ट्र के नागपुर में लगने वाली फैक्ट्री का श्री मोदी ने वडोदरा से उद्घाटन कर आर्थिक राजधानी को बदलने का संकेत दे कर उन्होंने महाराष्ट्र के घावों पर नमक छिड़कने का काम किया है, लेकिन अब भेदभाव की राजनीति नहीं होने दी जाएगी। श्री खेड़ा ने प्रधानमंत्री से पूछा ऽमोदी जी। महाराष्ट्र से भेदभाव क्यों। नागपुर में लगने वाले टाटा एयरबस सी- 295 फैसिलिटी का वडोदरा में उद्घाटन कर महाराष्ट्र के ज़ख्म पर नमक छिड़क रहे हैं। देश की आर्थिक राजधानी गुजरात ले जाने की साज़िश की जा रही है।' उन्होंने कहा, 'आपकी सरकार के दबाव में गुजरात भेजे गये 17 बड़े उद्योग। वेदांता फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर प्लांट से लेकर टाटा एयरबस यही नहीं, इंटरनेशनल फायनेंशियल सर्विसेज़ सेंटर (आईएफएससी), डॉयमंड ट्रेड सेंटर, बल्क ड्रग पार्क वगैरह, वगैरह भी महाराष्ट्र से छीन लिए गए। भेदभाव और बंटवारे की सियासत अब नहीं चलेगी।'

# पांच साल के मासूम बेटे का कत्ल कर पिता ने खुद को लगाई आग

चित्रकूट। चित्रकूट जिले में एक पिता ने रात में मासूम के रोने से इस कदर गुस्सा हुआ कि तेजधार हथियार से अपने ही बेटे को मौत की नींद सुला दी, इसके बाद खुद को आग लगा ली। यह घटना चित्रकूट जिले के मऊ थाना क्षेत्र के दुवारी गांव की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपने हाथों से अपने मासूम बेटे की जान ले ली। आरोपी की पहचान 35 राजकुमार निषाद के तौर पर हई है, जबकि उसका बेटे का नाम सत्यम था, जो महज पांच साल का था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपने पांच वर्षीय बेटे की गर्दन कुल्हाड़ी से काटकर उसकी हत्या कर दी और फिर अपने घर के अंदर खुद को भी आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि रविवार की देर शाम को आरोपी पिता ने इस वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और फिर अस्पताल पहुंचाया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि रात में जब वह सो रहा था तो उसके रोने पर उसे गुस्से आ गया। उसी गुस्से में उसने आपा खो दिया और अपने बेटे की हत्या कर दी। मऊ क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक राजकरन ने बताया कि आग लगाने के बाद आरोपी ने शोर मचाया, जिसके बाद पड़ोसियों ने किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला और राजकुमार को बचाया। उन्होंने बताया कि हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है और आरोपी राजकुमार से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुति' के 'महादुखी' काल का अंत होगा-अखिलेश यादव

**लखनऊ (एजेंसी)।** विपक्षी दलों के समूह 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को दावा किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संयुक्त और संगठित राजनीतिक रणनीति से भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली 'महायुति' के 'महादुखी' काल का अंत होगा।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर महाराष्ट्र के निवासियों और मीडियाकर्मियों को संबोधित एक अपील में सपा प्रमुख यादव ने महाराष्ट्र चुनाव में महायुति के खिलाफ एकजुटता दिखाने का आह्वान करते हुए दावा किया, ''संयुक्त और संगठित राजनीतिक रणनीति से भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुति' के 'महादुखी' काल का अंत होगा।'' उन्होंने इस अपील के सबसे अंत में प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, ''महाराष्ट्र के दुश्मनों को हराने के लिए और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए वचनबद्ध और संकल्पबद्ध-आपका अखिलेश।''



अपने पोस्ट की शुरुआत में अखिलेश यादव ने कहा, ''प्रिय महाराष्ट्रवासियो और मीडियाकर्मियो, आपकी जागरुकता से महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव 'महाराष्ट्र' को भाजपा की साजिशों से भरी तोड़-फोड की नकारात्मक राजनीति और सांप्रदायिक सियासी दांव पेचों से मुक्ति दिलाएगा।''

उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा, ''संयुक्त विपक्ष की सकारात्मक रणनीति और परस्पर समायोजन को भाजपा की नकारात्मक राजनीति समझ ही नहीं पा रही है। महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को धीरे-धीरे खत्म करने के भाजपाई षड्यंत्र का खुलासा महाराष्ट्र की जनता के सामने हो गया है।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा ने महाराष्ट्र के समाज के ऐतिहासिक सौहार्द और भाईचारे को भी तोड़ा है और राजनीतिक दलों को भी। भाजपा चाहती है कि महाराष्ट्र को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से इतना कमजोर कर दिया जाए कि महाराष्ट्र के हाथ से देश के आर्थिक नेतृत्व की लगाम छीनकर किसी और के हाथ में दी जा सके।''

# पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया लगभग पूरी

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में सीमा को लेकर सहमति बनने के बाद भारत-चीन सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है। इनमें दो बड़े बिंदू बने देपसांग और डेमचोक शामिल हैं। कहा जा रहा है कि अब अगले महीने से पेट्रोलिंग भी शुरू हो सकती है। हालही में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। खबर है कि जब दोनों पक्ष पूर्वी लद्दाख में सीमा पर सेना के पीछे हटने की पुष्टि कर देंगे, तब डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया पूरी होने का ऐलान होगा। दोनों पक्ष एलएसी पर अक्टूबर से ही पेट्रोलिंग शुरू कर सकते हैं। इसके बाद गश्त को लेकर अप्रैल 2020 की स्थित दोबारा स्थापित होगी। हथियारों से लैस जवान पेट्रोलिंग करेंगे। रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि सैनिकों के पीछे हटना पहला कदम होगा और उम्मीद है कि भारत 2020 वाली पेट्रोलिंग की स्थिति पर लौट जाएगा।


**अगला कदम तनाव कम करना- विदेश मंत्री**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अगला कदम तनाव कम करना है, जो तब तक नहीं होगा जब तक भारत को यकीन नहीं हो जाता कि दूसरी तरफ भी यही हो रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में, भारत ने घोषणा की कि उसने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त करने को लेकर चीन के साथ समझौता कर लिया है। मुंबई में जयशंकर ने कहा कि देपसांग और डेमचोक में गश्त करने और पीछे हटने पर आम सहमति बन गई है।

# फर्जीवाड़े में पूजा खेड़कर पिता भी निकले कई गुना आगे, तलाकशुदा या शादीशुदा?

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेड़कर के कथित जाति प्रमाण पत्र फर्जीवाड़े के मामले के बाद उनके पिता, दिलीप खेड़कर, अब एक नए विवाद में फंस गए हैं। दिलीप खेड़कर ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अहमदनगर दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है, जिसमें उन्होंने खुद को तलाकशुदा बताया है। लेकिन, उनके पूर्व चुनावी हलफनामों में उन्होंने खुद को शादीशुदा बताते हुए पत्नी मनोरमा खेड़कर के साथ संयुक्त संपत्तियों का विवरण दिया था। यह कथन उनकी पारिवारिक स्थिति पर सवाल उठा रहा है।

दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिलीप और मनोरमा खेड़कर का तलाक जून 2010 में ही हो चुका था। 2009 में दोनों ने आपसी सहमति से तलाक के लिए पुणे की फैमिली कोर्ट में अर्जी दी थी, जिसके बाद एक साल में तलाक मंजूर हुआ। इसके बावजूद, 2019 के लोकसभा चुनाव के हलफनामे में दिलीप ने मनोरमा को अपनी पत्नी बताते हुए संपत्ति विवरण साझा किया और उनके निवास को अनडिवाइडेड हिन्दू फैमिली बताया। इसी के साथ, तलाक के बाद भी



दोनों एक ही घर में साथ रहे हैं, जिससे उनकी पारिवारिक स्थिति पर और भी संदेह उत्पन्न होता है।

यह विवाद ऐसे समय पर उठा है जब दिलीप खेड़कर राजनीति में सक्रिय हो रहे हैं, वहीं उनकी बेटी पूजा खेड़कर पर भी गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर यूपीएससी परीक्षा पास करने और आईएएस की ट्रेनिंग प्राप्त करने के आरोप लगे हैं। पूजा पर दिल्ली में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच इसकी जांच कर रही है। दिलीप खेड़कर के चुनावी हलफनामे में दिए गए वैवाहिक स्थिति के विरोधाभास से लोगों के मन में संदेह पैदा हुआ है। चुनावी दस्तावेज़ों में सत्यता और पारदर्शिता का महत्व है, और ऐसे में खेड़कर परिवार की यह स्थिति एक बड़ा सवाल खड़ा कर रही है।

# बीजेपी अकेले सरकार नहीं बना सकती, बड़ी पार्टी जरुरी बन सकती है

**-विधानसभा चुनाव के बीच देवेंद्र फडणवीस के बयान से चुनावी माहौल गर्माया**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। महायुति और महा विकास अघाड़ी दोनों पार्टियां अपनी-अपनी तैयारियों में जुटी हैं। इसी बीच बीजेपी के वरिष्ठ नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बयान ने चुनावी माहौल को और गर्मा दिया है। फडणवीस ने कहा कि बीजेपी राज्य में अकेले सरकार नहीं बना सकती, लेकिन सबसे ज्यादा वोट और सीटें हासिल कर सबसे बड़ी पार्टी बनकर जरुर उभरेगी। उन्होंने दावा किया कि महायुति गठबंधन को चुनाव में स्पष्ट बढ़त मिलेगी और इस गठबंधन के दम पर ही सरकार बनाएगी।

फडणवीस ने साफ कहा कि बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट), और एनसीपी (अजीत गुट) के साथ मिलकर एक मजबूत महायुति गठबंधन बना है जो चुनाव



में निर्णायक बहुमत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सफलता तय करने बीजेपी को अपने उम्मीदवारों के चयन में समायोजन करना पड़ा है। फडणवीस ने बताया कि गठबंधन में तालमेल जरूरी है और इसमें कई उम्मीदवारों को टिकट न मिलने पर दुःख होता है, लेकिन यह चुनावी रणनीति का हिस्सा है।

फडणवीस के बयान साफ हो गया है कि बीजेपी को अकेले चुनावी जीत की बजाय गठबंधन पर भरोसा है। महाराष्ट्र में कुल 288 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में बीजेपी ने अब तक 121 उम्मीदवारों की घोषणा की है। वहीं, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित गुट) भी ज्यादातर सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुके हैं।

वहीं महाविकास अघाड़ी (एमवीए), जिसमें शिवसेना (उद्धव गुट), एनसीपी (शरद पवार गुट), और कांग्रेस शामिल हैं ने भी ज्यादातर सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। एमवीए का कहना है कि इस चुनाव में वह महायुति को कड़ी चुनौती देंगे। महायुति और एमवीए के बीच यह चुनाव एक टक्कर में तब्दील हो रहा है।

फडणवीस का बयान बताता है कि बीजेपी राज्य में अकेले चुनाव लड़ने के बजाय महायुति के सहयोग से चुनावी मैदान में उतरना चाहती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला महाराष्ट्र के जटिल राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए लिया है। महायुति का लक्ष्य है कि वे बहुमत हासिल कर महाराष्ट्र की सरकार का नेतृत्व कर सकें। महायुति और एमवीए के बीच की कड़ी टक्कर में कौन बाजी मारेगा, यह देखने बड़ा दिलचस्प होगा।

# विदेश मंत्री जयशंकर का स्टूडेंट्स को सुझाव: अंतरराष्ट्रीय मामलों की हासिल करें जानकारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चाहे पढ़ाई का विषय कोई भी हो, छात्रों को वैश्विक घटनाओं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बारे में अपडेट रहना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मामलों की जानकारी

हासिल करने पर स्टूडेंट्स को ध्यान देना चाहिए। यह सुझाव विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्टूडेंट्स से बात करते हुए दिए। उन्होंने इस मौके पर अपने पिता से मिली प्रेरणा का जिक्र किया। जयशंकर ने कहा कि आज के सूचना युग में हर तरह की जानकारियां आसानी से उपलब्ध हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही गतिविधियों को समझना आसान हो गया है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि सजग युवा देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत पहचान दिला सकते हैं। उन्होंने कहा, आप चाहे अंतरराष्ट्रीय संबंधों की पढ़ाई करें या नहीं, लेकिन आपको इस बारे में अच्छी तरह वाकिफ रहने की जरूरत है। दुनिया हमारे दरवाजे पर है, यह अच्छा भी है और बुरा भी। विदेश मंत्री ने कोविड-19 महामारी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे एक घटना जो चीन में हुई लेकिन पूरी दुनिया को प्रभावित किया। उन्होंने छात्रों को विश्व में हो रही गतिविधियों पर नजर रखने और उन्हें आकार देने के लिए प्रेरित किया। जयशंकर ने अपनी शिक्षा और



कूटनीति के क्षेत्र में यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि कैसे उनके पिता ने उन्हें व्यावहारिक अंतरराष्ट्रीय संबंधों में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, मैंने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में मास्टर डिग्री की थी, लेकिन मेरे पिता ने मुझसे पूछा कि क्या मैं वही अध्ययन करना चाहता हूं जो अन्य लोग कर रहे हैं या कुछ नया करना चाहता हूं। उनके इस सवाल ने मेरे करियर के दिशा-निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जयशंकर ने युवाओं से आग्रह किया कि वे वैश्विक मामलों में गहराई से जुड़ें। हमें दर्शक नहीं बनना चाहिए, हमें खेल का मैदान नहीं बनना चाहिए, बल्कि हमें एक खिलाड़ी बनना होगा। विदेश मंत्री के इस संदेश ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अंतरराष्ट्रीय मुद्दों से अवगत रहें और अपनी पढ़ाई के साथ-साथ वैश्विक संदर्भों में भी रुचि विकसित करें।

# ओवैसी पर भड़के गिरिराज सिंह, कहा- हिंदुओं में अफ़वाह मत फैलाइए

**पटना (एजेंसी)।** असदुद्दीन ओवैसी पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह भड़क गए हैं। उन्होंने ओवैसी पर पर हिंदुओं में अफ़वाह मत फैलावे का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ओवैसी जैसे लोग अफ़वाह और भ्रम फैलाते हैं कि मुसलमान आने वाले 80-90 सालों में भी हिंदुओं की बराबरी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि हिंदुओं में अफ़वाह मत फैलाइए। 1951 में उनकी संख्या 2.5 से 2.8 करोड़ थी। आज सरकारी आंकड़ों के हिसाब से आप 17 करोड़ हैं, अघोषित आंकड़े कहते हैं कि आप 25 करोड़ हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि हिंदू 30 करोड़ से बढ़कर 90 करोड़ हो गए। हम तीन गुना बढ़ गए, जबकि आपकी जनसंख्या 7 गुना बढ़ गई। इससे पहले असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के खिलाफ किशनगंज में



उनकी 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' के दौरान की गई विवादित टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। एआईएमआईएम ने वरिष्ठ भाजपा नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए किशनगंज कोर्ट में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

रैली के दौरान की गई अपनी टिप्पणी को लेकर केंद्रीय मंत्री को खासकर मुस्लिम समुदाय से भारी विरोध का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। केंद्रीय मंत्री ने 22 अक्टूबर को किशनगंज में 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' निकाली। लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने लोगों से अपने घरों में ÷भाले, तलवार और त्रिशूल÷ का भंडार रखने का आग्रह किया, जिसका इस्तेमाल देवताओं की पूजा और ÷आत्मरक्षा÷ के लिए किया जा सके।

# हिमाचल के कालापानी में सीएम सुक्खू ने गुजारी रात, ऐसा करने वाले पहले सीएम

**-रिटायर्ड शिक्षक के घर पर रात गुजारी**

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने हालिया दौरे में डोडरा क्वार में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। वे पहले मुख्यमंत्री बने हैं, जिन्होंने इस दुर्गम क्षेत्र में रात बिताकर कई मिथक को तोड़ दिया। डोडरा क्वार को अक्सर कालापानी के नाम से जाना जाता है, और यह क्षेत्र शिमला जिले में स्थित है। यहां पहुंचना और रुकना दोनों ही बेहद चुनौतीपूर्ण माने जाते हैं। सीएम सुक्खू ने लोगों से मिलने और उनकी संस्कृति को समझने के लिए हरदयाल खेपन नामक रिटायर्ड शिक्षक के घर पर रात बिताई। वे शनिवार शाम को करीब 7ः45 बजे उनके घर पहुंचे, जहां परिवार के लोगों ने



सीएम सुक्खू का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने अलाव के पास बैठकर परिवार से बातचीत की और स्थानीय परंपराओं के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान, उन्होंने सरकार आपके दरवाजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आठ गांवों की महिलाओं ने मिलकर पारंपरिक भोजन तैयार किया, इसमें स्थानीय व्यंजन जैसे सिड्डू, ओगला, चियौन (स्थानीय मशरूम) और राजमा की सब्जी शामिल थी। इस मौके पर, उन्होंने पारंपरिक बेटू और कोड़ा रोटी का भी आनंद लिया। सुक्खू के स्वागत में गांव की महिलाओं की मेहनत को सभी ने सराहा, और लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री की मेजबानी हमारे लिए गर्व की बात है, क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। रविवार की सुबह, उन्होंने ढांडारवाड़ी- दूसरे महिला मंडल की महिलाओं के साथ नाश्ता किया, जो इस क्षेत्र की स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है।

सीएम सुक्खू का यह कदम न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह दर्शाता है कि सरकार अब दूरदराज के इलाकों में भी अपनी उपस्थिति और संवाद स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# महाराष्ट्र चुनाव : शरद पवार गुट मेरे भतीजे युगेंद्र को चुनाव लड़ाकर गलती कर रहा : अजीत पवार

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बारामती विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करते हुए कहा, मैंने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को लोकसभा में उतारकर गलती की थी। अब शरद पवार गुट ने मेरे भतीजे युगेंद्र पवार को उतारकर वही गलती दोहरा दी है। बारामती विधानसभा सीट पर इस बार चुनाव और भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि एनसीपी प्रमुख शरद पवार के गुट ने अजीत पवार के खिलाफ उनके भतीजे युगेंद्र पवार को उम्मीदवार के तौर पर उतारा है। युगेंद्र पवार, अजीत पवार के छोटे भाई श्रीनिवास पवार के बेटे हैं और पहली बार चुनावी मैदान में उतरे हैं।

**अजीत ने माना सुप्रिया के खिलाफ पत्नी को लड़ाकर गलती की थी**

अजीत पवार ने ऐसा कहकर पारिवारिक मतभेदों और आंतरिक संघर्षों की तरफ इशारा किया है। उनके अनुसार, जैसे उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपनी पत्नी को सुप्रिया सुले के खिलाफ खड़ा करके एक गलती की थी, उसी तरह शरद पवार ने युगेंद्र पवार को उम्मीदवार बनाकर उसी राह पर चलने का चुनावी जोखिम उठाया है। पिछले लोकसभा चुनाव में सुप्रिया सुले ने सुनेत्रा पवार को हराया था। जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में अजीत पवार ने इस सीट पर बड़ी लीड के साथ जीत दर्ज की थी। लेकिन अब पार्टी में बंटवारे के बाद बारामती की जनता एक बार फिर चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है।

# त्योहारी सीजन में 30 फीसदी बढ़ेगी इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री

## - बाजार में एआई से लैस उत्पादों की मांग रहेगी अधिक

**नई दिल्ली ।**



त्योहारी सीजन में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री पिछले साल की तुलना में 30 फीसदी तक बढ़ने की उम्मीद है। उद्योग जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि त्योहारी सीजन में प्रीमियम यानी महंगे उत्पादों की मांग अधिक है। लोग ऊर्जा दक्षता, उच्च क्षमता और बड़े आकार वाले टीवी, फ्रीज खरीदने के लिए अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आईओटी प्रौद्योगिकी संचालित उत्पादों में भी रुचि दिखा रहे हैं। उद्योग निकाय उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण निर्माता संघ (सिएमा) ने कहा कि सभी श्रेणियों की बिक्री में अच्छी वृद्धि देखने को मिल रही है। गोदरेज अप्लायंसेज के एक अे धिकारी ने कहा` कि अच्छे मानसून की वजह से त्योहारी बिक्री में तेजी आई है। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स मंचों पर त्योहारी बिक्री के दौरान हमने पिछले साल की तुलना में 70 फीसदी से अधिक की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि वॉशिंग मशीन और फ्रिज के प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ी है। खास बात है कि इस बार छोटे शहरों के बाजारों से भी प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ी है, जो उत्साहजनक है। सोनी इंडिया के एक अे धिकारी ने कहा बड़ी स्क्रीन वाले और खासकर 55 इंच व उससे अधिक बड़ी स्क्रीन वाले टीवी की मांग में तेजी है।

# वैश्विक भुगतान में अमे रिकी डॉलर की अहम भूमिका, यूरो में गिरावट

## - पिछले दो वर्षों में डॉलर का अंतरराष्ट्रीय भुगतान लेन-देन में उपयोग 9 प्रतिशत अंक बढ़ गया

**अनुसार पिछले दो वर्षों में अमेरिकी डॉलर का अंतरराष्ट्रीय भुगतान लेन-देन में उपयोग 9 प्रतिशत अंक बढ़ गया है।**

**मुंबई ।**

वैश्विक भुगतान में अमेरिकी डॉलर की हिस्सेदारी 49 फीसदी तक पहुंच गई, जो 12 वर्षों में सबसे अधिक है। हाल ही में एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। स्विफ्ट रिपोर्ट के डेटा के अनुसार पिछले दो वर्षों में अमेरिकी डॉलर का अंतरराष्ट्रीय भुगतान लेन-देन में उपयोग 9 प्रतिशत अंक बढ़ गया है। इस दौरान यूरो की हिस्सेदारी 39 फीसदी से घटकर 21 फीसदी पर आ गई है, जो कि एक दशक में सबसे कम है। इसलिए अमेरिकी डॉलर वैश्विक मुद्रा के रूप में अपनी प्रमुखता बनाए रखे हुए है और यह स्थिति स्पष्ट है कि इस मामले में कोई अन्य मुद्रा इसकी तुलना में नहीं आ पा रही है। यूरो की घटती



हिस्सेदारी के पीछे विभिन्न आर्थिक और राजनीतिक कारण हो सकते हैं, जिनमें यूरोपीय संघ की आर्थिक स्थिरता, व्यापार संतुलन और अन्य अंतरराष्ट्रीय घटनाएं शामिल हो सकती हैं।

# फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी ने अपने आगामी आईपीओ की वैल्यूएशन में कटौती की

## - ब्लैकरॉक और कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड 1.4 अरब डॉलर आईपीओ में निवेश करेंगे

**नई दिल्ली ।**

देश की प्रमुख फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी ने अपने आगामी आईपीओ की वैल्यूएशन में कटौती की है, इसके बाद अब 11.3 अरब डॉलर आंकी गई है। यह मूल्यांकन स्विगी के शुरुआती लक्ष्य 15 अरब डॉलर से लगभग 25 प्रतिशत कम है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि बाजार में अस्थिरता और हाल ही में ह्युंडै इंडिया के आईपीओ की कमजोर लिस्टिंग के चलते निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा है। ब्लैकरॉक और कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (सीपीपीआईबी) 1.4 अरब डॉलर के इस आईपीओ में निवेश करेंगे, जो इस साल देश का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, स्विगी ने यह फैसला इसे लिए` लियास ताकि निवेशकों की रुचि को बनाए रखते हुए कमजोर प्रतिक्रिया से बचा जा सके। स्विगी का यह आईपीओ 5 नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की वैश्विक अनिश्चितता के बीच आ रहा है, जिससे बाज़ार में अस्थिरता और बढ़ने की संभावना है। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने बड़े निवेशकों से परामर्श करके अपने आईपीओ की वैल्यूएशन घटाने का निर्णय लिया। भारतीय शेयर बाजार में चार सप्ताह से गिरावट जारी है, जिससे बेंचमार्क निफ्टी 50 इंडेक्स अपने ऊपरी स्तर से 8 प्रतिशत तक गिर चुका है। हाल ही में हुंडई इंडिया के शेयरों की कमजोर लिस्टिंग और विदेशी निवेशकों द्वारा बिकवाली ने भी बाजार की स्थिति को प्रभावित किया है। खुदरा निवेशकों की ओर से ठंडा रिस्पॉन्स मिलने के कारण ह्युंडै इंडिया के शेयर अपने डेब्यू पर 7.2 प्रतिशत गिर गए थे, जिससे बाजार में मूल्यांकन को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। स्विगी के इस कदम के बावजूद भारतीय आईपीओ बाजार में उत्साह बना हुआ है। इस साल अब तक लगभग 270 कंपनियों ने 12.57 अरब डॉलर की राशि जुटाई है, जो 2023 में जुटाए गए 7.4 अरब डॉलर की तुलना में अधिक है।

# इस हफ्ते बाजार में किसी नए आईपीओ की नहीं होगी लिस्टिंग

## एक नवंबर को दिवाली के उपलक्ष्य में बाजार बंद रहेगा




**नई दिल्ली ।**

इस त्योहारी हफ्ते में नए आईपीओ की उम्मीद करने वाले निवेशकों को निराशा हो सकती है, क्योंकि आगामी सप्ताह में कोई नया आईपीओ नहीं आएगा। हालांकि इस हफ्ते आठ आईपीओ की लिस्टिंग होगी, जिनमें प्रमुख नाम वारी एनर्जीज लिमिटेड का है। दिवाली के कारण इस हफ्ते शेयर बाजार में हलचल थोड़ी धीमी रहने की संभावना है। इस हफ्ते बाजार केवल चार दिन खुलेगा, क्योंकि एक नवंबर को दिवाली के उपलक्ष्य में बाजार बंद रहेगा। हालों` कि इस दिन शाम 6 बजे से 7 बजे तक एक घंटे के लिए विशेष मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र आयोजित किया जाएगा, जो निवेशकों के लिए एक शुभ अवसर माना जाता है। आठ आईपीओ की लिस्टिंग में तीन आईपीओ मेन बोर्ड पर हैं, जबकि बाकी पांच आईपीओ एसएमई (छोटे और मझोले उद्यम) सेगमेंट में हैं। मेन बोर्ड के तीन प्रमुख आईपीओ में वारी एनर्जीज, दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, और गोदावरी बायोरिफाइनरीज लिमिटेड शामिल हैं। एसएमई सेगमेंट के पांच आईपीओ में प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड, दानिश पावर लिमिटेड, यूनाइटेड हीट ट्रांसफर लिमिटेड, ओबीएससी परफेक्शन लिमिटेड, और उषा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड शामिल हैं। यह आईपीओ लिस्टिंग छोटे निवेशकों के लिए अच्छा अवसर साबित हो सकती है।

इसके अलावा आगामी समय में भारतीय शेयर बाजार में एक बार फिर से आईपीओ की बहार देखने को मिल सकती है। जानकारी के अनुसार, करीब 26 कंपनियाँ 72,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ लाने की योजना बना रही हैं। साथ ही, 55 अन्य कंपनियां भी सेबी की मंजूरी का इंतजार कर रही हैं, जिनके माध्यम से वे 89,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती हैं।

# 1,25,000 रुपए किलो तक पहुंच सकती है चांदी

## - 86,000 रुपए तक पहुंच सकती हैं सोने की कीमत

**मुंबई ।**




इस साल सोने की कीमत में 33 फीसदी की तेजी आई है लेकिन चांदी की कीमत में 46 फीसदी की बढ़त देखी जा चुकी है। हाल में चांदी की कीमत एक लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंची थी। सुरे क्षित` निवेश के` लिए निवेशक चांदी का रुख कर रहे हैं। साथ ही इसका इंडस्ट्रियल उपयोग भी बढ़ रहा है। यही वजह है कि इसकी कीमत में तेजी आ रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का कहना है कि मध्यम से लंबी अवधि में चांदी का प्रदर्शन सोने के बराबर या उससे बेहतर हो सकता है। अगले 12 से 15 महीनों में एमसीएक्स पर चांदी की कीमत 1,25,000 रुपए प्रति किलो और कॉमेक्स पर 40 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने की उम्मीद है। फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म का कहना है कि मध्यम अवधि में सोने की कीमत 81,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और लंबी अवधि में 86,000 रुपए तक पहुंच सकती हैं। कॉमेक्स पर सोने के मध्यम अवधि में 2,830 डॉलर और लंबी अवधि में 3,000 डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सोना हाल के वर्षों में लगातार सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एसेट्स में से एक रहा है। इस साल सोने की कीमतें कॉमेक्स और घरेलू बाजारों दोनों पर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। बाजार के एक जानकार ने कहा कि 2024 में बाजार की अनिश्चितताओं, दरों में कटौती की उम्मीदों, बढ़ती मांग और रुपये में गिरावट के कारण कीमतों में उल्लेखनीय तेजी आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद के महीने सोने की निकट अवधि की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण होंगे। इस साल कीमती धातुओं में तेजी के दो प्रमुख कारक फेडरल रिजर्व से दरों में कटौती की उम्मीद और मध्य पूर्व में बढ़ रही भू-राजनीतिक हलचल है। दिवाली में सेंटिमेंट पॉजिटिव रहने का अनुमान है।

# सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज दूसरी तिमाही का कंसोलिडेट नेट प्रॉफिट 28 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई ।**

सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही का कंसोलिडेट नेट प्रॉफिट 28 प्रतिशत बढ़कर 3,040 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 2,375 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बताया कि दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 13,645 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष सामाना तिमाही में यह 12,486 करोड़ रुपये थी। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक दिलीप सांघवी ने बताया कि सन ने हाल ही में फिलोजेन के साथ एक समझौते के द्वारा अपनी विशेष 'पाइपलाइन' को मजबूत किया है, ताकि फाइब्रोमुन को मंजूरी मिलने पर उसका व्यावसायीकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि फाइब्रोमुन के साथ त्वचा विशेषज्ञों के लिए कंपनी के उत्पादों की श्रृंखला का और विस्तार हुआ है।




# पंजाब नेशनल बैंक का मुनाफा दो गुना से अधिक होकर 4,306 करोड़ रुपये रहा

**मुंबई ।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने सोमवार को अपने जुलाई-सितंबर अवधि के नतीजों का ऐलान किया। बैंक का मुनाफा 2024-25 की दूसरी तिमाही में दो गुना से अधिक होकर 4,306 करोड़ रुपये रहा। पब्लिक सेक्टर बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,756 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। पीएनबी ने बताया कि सितंबर तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 34,447 करोड़ रुपये हो गई। यह पिछले साल की समान तिमाही में 29,383 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा तिमाही के दौरान बैंक ने ब्याज से 29,875 करोड़ रुपये की आय दर्ज की, जो एक साल पहले की इसी समान अवधि में 26,355 करोड़ रुपये से अधिक है। एसेट क्वालिटी के मोर्चे पर बैंक के ग्रॉस नॉन-परफार्मिंग एसेट (एनपीएस) में सुधार दिखाई दिया है। यह एक साल पहले के 6.96 प्रतिशत से घटकर सितंबर तिमाही में ग्रॉस लोन का 4.48 प्रतिशत हो गया। इसी तरह, शुद्ध एनपीए या फंसा हुआ कर्ज पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में 1.47 प्रतिशत से घटकर 0.46 प्रतिशत हो गया। वहीं, पीएनबी बैंक का कंसोलिडेट मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 4,714 करोड़ रुपये हो गया। यह एक साल पहले की इसी अवधि में 1,990 करोड़ रुपये था। बैंक ने बोर्ड की तरफ से मंजूर नीति के अनुरूप 350 करोड़ रुपये का फ्लोटिंग प्रावधान किया है। 30 सितंबर तक बैंक के पास 500 करोड़ रुपये का फ्लोटिंग प्रोविजन है।

# पहले स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट के साथ रियलमी जीटी7 प्रो का अनावरण




**नई दिल्ली ।** रियलमी ने पहले स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट के साथ रियलमी जीटी7 प्रो लॉन्च किया है। जीटी सीरीज शक्तिशाली प्रदर्शन और प्रीमियम डिजाइन को एक साथ लाने की रियलमी के विजन को मूर्त रूप देती है। इस अनूठे संयोजन ने रियलमी को प्रतिस्पर्धी स्मार्टफोन बाजार में एक मजबूत पहचान स्थापित करने में मदद की है, जो उन उपयोगकर्ताओं को आकर्षित करता है, जो अपने डिवाइस में स्टाइल और सब्सटेंस दोनों चाहते हैं। रियलमी जीटी7 प्रो में अनोखे रंग विकल्प, बनावट और फ़िनिश शामिल हैं, जो लाल ग्रह की बीहड़ सुंदरता को दर्शाते हैं। डिवाइस के बैक पैनल को मार्स डिजाइन कहा जाता है, जिसमें मंगल ग्रह के इलाके की याद दिलाने वाली एक विशिष्ट बनावट है, जिसे उन्नत मल्टी-लेयर एंटी-ग्लेयर तकनीक के माध्यम से हासिल किया गया है। यह सिर्फ दिखावट के बारे में नहीं है, बनावट वाली सतह एक अनूठा स्पर्श अनुभव प्रदान करती है, जो अंतरिक्ष अन्वेषण की अवधारणा को जीवंत करती है। ब्रह्मांडीय थीम को जोड़ते हुए, जीटी7 प्रो में अंतरिक्ष यान से प्रेरित सूक्ष्म स्पेस व्यूपोर्ट डेको तत्व और एक प्लैनेटरी रिंग टेक्सचर शामिल है, जिसमें सैकड़ों धातु के तार-ड्राइंग टेक्सचर शामिल हैं, जो आकर्षक तरीकों से प्रकाश को पकड़ते हैं। जीटी7 प्रो में क्वाड-कर्व्ड डिस्प्ले है, जो डिवाइस के समग्र भविष्य के अनुभव को बढ़ाता है। जहां फ्लैगशिप स्मार्टफोन अक्सर भारीपन से जूझते हैं, वहीं रियलमी का डिजाइन विकल्प इसके सावधानीपूर्वक संतुलन को दर्शाता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद , निवेशकों को 4.5 लाख करोड़ का हुआ लाभ

**मुम्मई ।**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। वहीं गत सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव रहा था। आज दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 602.75 अंक करीब 0.76 फीसदी बढ़कर 80,005.04 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 158.35 अंक तकरीबन 0.65 फीसदी की बढ़त के साथ 24,339.15 के स्तर पर बंद हुआ। इसके अलावा मिडकैप, स्मॉलकैप इंडेक्स भी बढ़त पर बंद हुए।

अमेरिकी बाजारों में अनिश्चितता के कारण निवेश सतर्कता बरत रहे हैं। वहीं आज सुबह बाजार की शुरुआत हल्की तेजी के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 273 अंक करीब 0.34 फीसदी बढ़कर 79,675 और एनएसई का निफ्टी 74.35 अंक तकरीबन 0.31 फीसदी ऊपर आकर 24,255 पर था।

दिवाली से पहले बाजार में आई इस तेजी के कारण निवेशकों को 4.5 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 24 के शेयर आज बढ़त पर बंद हुए। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर सबसे ज्यादा लगभग 3 फीसदी बढ़ा। । 2024-25 की दूसरी तिमाही में मुनाफा बढ़ने से बैंक के शेयर में आज उछाल देखा गया । बैंक ने शनिवार को दूसरी तिमाही के परिणाम जारी किये थे। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदानी पोर्ट्स, टाटा स्टील, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी बढ़कर बंद हुए।


वहीं दूसरी ओर दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और मारुति के शेयर आज नीचे आये।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में गिरावट से भी बाजार को बल मिला है। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में तेजी, वैश्विक बाजारों से मजबूत रुझान और घरेलू निवेशकों की लगातार




खरीदारी से बाजार में उत्साह का माहौल रहा। , विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 3,036.75 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। इससे पहले आज सुबह वै श्विक बाजारों से मिल रहे मिश्रित रुझानों की वजह से भारतीय शेयर बाजार में जारी गिरावट पर हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को ब्रेक लग गया। बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स, बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 सोमवार को बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 410 अंक की बढ़त के साथ 79,812 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 106 अंक की बढ़त के साथ 24,286 पर कारोबार कर रहा था।

# उड़ान ने लाइटहाउस कैंटन, स्ट्राइड वेंचर्स और अन्य से 300 करोड़ जुटाए




**- देश भर में किराना स्टोर तथा छोटे व्यवसायों के लिए पसंदीदा भागीदार के रुप में अपनी स्थिति मजबूत करेगी**

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन बिजनेस-टू-बिजनेस मंच उड़ान ने लाइटहाउस कैंटन, स्ट्राइड वेंचर्स, इनोवेन कैपिटल और ट्राइफेक्टा कैपिटल से लगभग 300 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। कंपनी ने सोमवार को कहा कि वित्त पोषण समूह ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सामूहिक रूप से उड़ान में करीब 300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस धन का उपयोग देश भर में किराना स्टोर तथा छोटे व्यवसायों के लिए पसंदीदा भागीदार के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए किया जाएगा। बयान में कहा गया कि कंपनी अपनी सूक्ष्म बाजार रणनीति के जरिये अपनी भौगोलिक पहुंच का विस्तार करने, परिचालन को अनुकूलित करने, गो-टू-मार्केट (जीटीएम) क्षमताओं को बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखला प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और नए सूक्ष्म-पूर्ति केंद्र खोलने के लिए इस राशि का उपयोग करेगी। उड़ान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ऋण वित्तपोषण का नवीनतम दौर पिछली 10 तिमाहियों में कंपनी द्वारा हासिल की गई तिमाही-दर-तिमाही लगातार वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह वित्तपोषण हमारी वित्तीय स्थिति को और मजबूत करेगा और हमें प्रमुख रणनीतिक पहलों पर दोगुना जोर देने की सुविधा प्रदान करेगा जैसे कि परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए हमारे क्लस्टर' मॉडल का विस्तार करना जिससे हम लाभप्रदता के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए अपनी बाजार स्थिति को मजबूत कर सकें।

# भारतीय शेयर बाजार को लेकर बुरी खबर..........चिंता में निवेशक

**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार इन दिनों अनिश्चितता और उतार-चढ़ाव के दौर से गुजर रहा है। दरअसल विदेशी निवेशकों की भारी निकासी के बाद अब निवेशकों के लिए एक और चिंताजनक खबर आई है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति निवेशकों के भरोसे में कमी का संकेत दे रही है, और आने वाले समय में बाजार में गिरावट का सिलसिला फिर से शुरू होगा है। अक्टूबर महीने में कैश मार्केट टर्नओवर 7 महीने के निचले स्तर पर है। वर्तमान में रोजाना का कैश टर्नओवर औसतन 1.15 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले महीने की तुलना में 12.5 प्रतिशत कम है। यह गिरावट निवेशकों की सर्तकता को दिखाती है, जो वैश्विक बाजार में उठापटक और युद्ध की तनावपूर्ण स्थिति के कारण उत्पन्न हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे निवेशकों में डर है कि बाजार में तेज गिरावट आ सकती है।



शेयर बाजार में कैश मार्केट टर्नओवर का मतलब है कि निवेशकों ने प्रतिदिन औसतन कितनी खरीद-फरोख्त की। अक्टूबर में यह आंकड़ा लगातार चौथे महीने गिर रहा है, जो दिखाता है कि निवेशकों का बाजार पर विश्वास घट रहा है। बाजार जानकारों के अनुसार, निवेशक बाजार के वैल्यूएशन को लेकर चिंतित हैं, और यही कारण है कि कैश मार्केट टर्नओवर में कमी आई है। लंबी अवधि के निवेशकों की हिस्सेदारी केवल 10 प्रतिशत रह गई है, जबकि शॉर्ट टर्म निवेशकों का हिस्सा बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में भारतीय बाजार अपने 52 सप्ताह के शीर्ष स्तर से करीब 8 प्रतिशत नीचे है, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप में 9 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस स्थिति में विदेशी निवेशकों ने लगभग 87,000 करोड़ रुपये का निवेश बाजार से निकाल लिया है, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ा है।



# रुपया 84.08 पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया सपाट रुप से 84.08 पर बंद हुआ। आज सुबह विदेशी पूंजी की भारी निकासी के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में एक पैसे की बढ़त के साथ 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.08 पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद एक पैस की बढ़त के साथ 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.08 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.28 फीसदी की गिरावट के साथ 104.54 पर रहा।

# गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के कोच पद से इस्तीफा दिया

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ मतभेद पैदा होने के कारण अपनी नियुक्ति के छह महीने के अंदर ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। भारत की 2011 में वनडे विश्व कप की चैंपियन टीम के कोच रहे 56 वर्षीय कर्स्टन को पीसीबी ने इस साल अप्रैल के आखिर में मुख्य कोच नियुक्त किया था। पीसीबी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ''पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आज घोषणा की कि जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे पर पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के कोच होंगे। गैरी कर्स्टन ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।''

इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि टेस्ट टीम के कोच गिलेस्पी ने पीसीबी से स्पष्ट कर दिया है कि वह चार नवंबर से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर ही सीमित ओवरों की टीम के कोच पद की जिम्मेदारी संभालेंगे तथा उनकी इन प्रारूप में स्थायी कोच बनने में दिलचस्पी नहीं है। सूत्र ने कहा, ''गिलेस्पी ने बोर्ड को सूचित कर दिया है कि जिंबॉब्वे के खिलाफ और उसके बाद होने वाले सीमित ओवरों के मैचों के लिए उन्हें कोई दूसरा कोच नियुक्त करना होगा।''

पीसीबी ने कर्स्टन के अचानक लिए गए इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया लेकिन सूत्रों ने पुष्टि की कि ऑस्ट्रेलिया और जिंबॉब्वे दौरे के लिए टीम का चयन करने और नया कप्तान नियुक्त करने के लिए उनकी राय नहीं लिए जाने से दक्षिण अफ्रीका का यह पूर्व क्रिकेटर नाखुश था। इससे पहले पीसीबी ने टीम के चयन से जुड़े उनके अधिकार वापस ले लिए थे, जिसे मतभेद का मुख्य कारण माना जा रहा है। टीम का चयन करना अब विशेष रूप से चयन समिति का क्षेत्र है। सूत्र ने कहा, ''बोर्ड ने जिस तरीके से उनके चयन के अधिकार वापस लिए उससे कर्स्टन खुश नहीं थे और उन्होंने इस्तीफा देने से पहले रविवार को पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के सामने भी यह बात स्पष्ट कर दी थी।''

सूत्रों के अनुसार गिलेस्पी भी जल्द इस्तीफा दे सकते हैं क्योंकि वह भी मौजूदा बदलाव से खुश नहीं हैं कि टीमों का चयन अब केवल चयन समिति द्वारा किया जाता है और कोचों की इसमें कोई भूमिका नहीं है। दक्षिण अफ्रीका का यह पूर्व बल्लेबाज पाकिस्तान की टीम से जुड़ने से पहले इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स



का बल्लेबाजी कोच था। पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम को तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाना है। उसकी टेस्ट टीम ने हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में इंग्लैंड को 2-1 से हराया था।

# शमी के नहीं होने के बाद भी भारतीय गेंदबाजी काफी मजबूत, हल्के में नहीं लेगी ऑस्ट्रेलिया : मैकडोनाल्ड

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि अगले माह होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी नहीं खेलेंगे पर इसके बाद भी भारतीय गेंदबाजी आक्रमक को कमजोर नहीं माना जा सकता है। मैकडोनाल्ड के अनुसार भारतीय टीम के पास जो रिजर्व तेज गेंदबाज हैं। वे भी काफी अच्छे हैं। कोच के अनुसार पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की कमी खलेगी पर उनकी जगह लेने वाले कई अच्छे गेंदबाज हैं। गौरतलब है कि शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण गत वर्ष हुए एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के बाद से ही भारतीय टीम से बाहर हैं। उनका सर्जरी भी हुई थी जिसके बाद वह अभी तक फिट नहीं हो पाये हैं। अभी वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हैं। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई।



मैकडोनाल्ड ने कहा, ' शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खलेगी। तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। वहीं तेज गेंदबाजी अक्रमकण की कमान मुख्य गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पास रहेगी।

मैकडोनाल्ड ने कहा, 'लेकिन हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके इन खिलाड़ियों को हम हल्के में बिल्कुल भी नहीं लेंगे। ऑस्ट्रेलिया घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज सैम कोन्स्टास को अपनी टीम में चुन सकता है। वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत कर सकते हैं।

# तब हम अंतिम ओवर में हारे थे : मैक्सवेल

**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए कई रिकॉर्ड बनाए हैं। मैक्सवेल ने अपनी किताब द शोमैन में अपनी आईपीएल यात्रा के बारे में भी बताया है। मैक्सवेल 2014 में किंग्स इलेवन पंजाब में शामिल हुए थे। उनकी टीम तब फाइनल में पहुंची थी पर वहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से हार गयी गई। मैक्सवेल ने इस आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 552 रन बनाए थे। पंजाब के साथ अपने अपने सफर को याद करते हुए मैक्सवेल ने कहा कि हम उस समय अंतिम ओवर में हार गए थे। इस किकेटर ने कहा कि आपका कितना भी अच्छा क्यों न हो पर ट्रॉफी के बिना सब बेकार है। साल 2014 के बाद पंजाब का प्रदर्शन गिर गया और वह अंक तालिका में आखिरी स्थानों पर रही। मैक्सवेल ने इसको लेकर कहा कि तब टीम के लिए कठिन समय था और एक युवा खिलाड़ी के रूप में उनके लिए इसे स्वीकार करना मुश्किल रहा था।



2017 में मैक्सवेल की एक बार फिर पंजाब टीम में वापसी हुई। तब वीरेनद्र सहवाग टीम मेंटर बन गये थे। वहीं मैक्सवेल को कप्तानी मिली। मैक्सवेल ने कहा कि टीम बनते ही स्पष्ट हो गया था कि इसपर सहवाग का प्रभाव है। उन्होंने कोच जे अरुणकुमार के साथ मिलकर फैसले लेने की जिम्मेदारी ली, जिससे खिलाड़ियों और कोचों के बीच भ्रम पैदा हो गया। जिसका प्रभाव टीम पर पड़ा। मैक्सवेल ने कहा कि एक मुकाबले में इशांत शर्मा को आखिरी समय पर टीम में जगह दे दी गई जोकि निर्णय लेने में अव्यवस्था को दिखाता था। टीम पर सहवाग की पकड़ बढ़ती गई। जिससे उनके बीच मतभेद भी बढ़ने लगे। और निराशाजनक सीज़न के बाद मैक्सवेल और सहवाग के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया।

# करियर के आखिरी कुछ वर्षों में मैं जो भी क्रिकेट खेल रहा हूं, उसका लुत्फ उठाना चाहता हूं: धोनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में खेल जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं। धोनी ने पिछले सत्र में रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने के बाद काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी। इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी। आईपीएल में सभी फ्रेंचाइजी को मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी। इस साल सीएसके द्वारा धोनी को एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा जा सकता है।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रविवार की रिपोर्ट के मुताबिक धोनी ने गोवा में कुछ दिन पहले आयोजित एक प्रचार कार्यक्रम में कहा, ''मैं अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल सका हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं खेल का वैसे ही आनंद लेना चाहता हूं जैसे कि बचपन में हम शाम चार बजे बाहर जाते थे और खेलते थे, बस खेल का आनंद लेते थे। जब आप खेल को पेशेवर तौर पर खेलते हैं तो कई बार उसका लुत्फ उठाना मुश्किल हो जाता है। मैं जो भी करता हूं उसमें भावनाएं और प्रतिबद्धताएं जुड़ी होती हैं, लेकिन मैं अगले कुछ वर्षों तक खेल का आनंद लेना चाहता हूँ।''

पिछले सप्ताह चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी आगामी सत्र में खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे। धोनी ने 2023 में बाएं घुटने की सर्जरी कराने के बाद 2024 के आईपीएल सत्र के दौरान निचले क्रम में बल्लेबाजी की। भारत के पूर्व कप्तान ने बताया कि यह निर्णय मुख्य रूप से टी20 विश्व कप से पहले युवा भारतीय खिलाड़ियों को मैदान में समय बिताने का मौका देने के लिए किया गया था। धोनी ने कहा, ''मेरी सोच सरल थी, अगर अन्य लोग अपना काम अच्छा कर रहे हैं तो मुझे ऊपरी क्रम में आने की जरूरत क्यों है।''

उन्होंने कहा, ''अगर आप विशेष रूप से पिछले साल (सत्र) के बारे में बात कर रहे हैं, तो टी20 विश्व कप टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली थी। इसलिए हमें उन लोगों को मौका देना होगा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में थे।'' भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, ''हमारी टीम (सीएसके) में (रविंद्र) जडेजा और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी थे जिन्हें भारतीय टीम में आने के लिए खुद को साबित करने का मौके चाहिये थे। मेरे लिए इसमें कुछ भी नहीं था, कोई चयन नहीं और अन्य



चीजें। इसलिए मैं (निचले क्रम में खेलते हुए) अच्छा हूं और मैं जो कर रहा था उससे मेरी टीम खुश थी।

# अब टेनिस खेलते हुए नजर आयेंगे फोर्लान

मोंटेवीडियो । उरुग्वे के पूर्व फुटबॉलर डिएगो फोर्लान अब टेनिस खेलते हुए नजर आयेंगे। फोर्लान अगले माह एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट के युगल मुकाबले में खेलकर पेशेवर टेनिस में उतरेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा है कि 45 साल के फोर्लान क्ले कोर्ट उरुग्वे ओपन में अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया के साथ खेलेंगे। यह टूर्नामेंट 11 नवंबर से शुरू होगा।



फोर्लान ने साल 2019 में ही फुटबॉल को अलविदा कह दिया था। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के अलावा फोर्लान मैनचेस्टर यूनाइटेड, एटलेटिको मैड्रिड, इंटरनेजियोनेल और पेनारोल जैसे क्लबों से खेला है। उन्होंने उरुग्वे को 2010 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचाने और 2011 में कोपा अमेरिका खिताब जीतने में भी सहायता की थी। फोर्लान पिछले साल से ही आईटीएफ मास्टर्स टूर्नामेंट खेल रहे हैं। उनके पिता पाब्लो फोर्लान ने भी फुटबॉल करियर के खत्म होने के बाद टेनिस खेला था। उरुग्वे के इस पूर्व स्ट्राइकर ने कहा, 'मेरे पिता ने 41 साल की उम्र में खेलना शुरू किया था अब मैं भी वहीं करना चाहता हूं।

# कमाई में युवराज से कहीं आगे हैं धोनी



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और ऑलराउंडर युवराज सिंह अपने दौर के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने जहां साल 2007 और 2011 के विश्वकप जीते। वहीं इसमें धोनी के अलावा युवराज के ऑलराउंड प्रदर्शन की भी अहम भूमिका रही। युवराज अपने आक्रामक खेल के लिए जाने जाते हैं। इन दोनो ने ही खेल से करोड़ों की कमाई की है। संन्यास के बाद भी इनकी लोकप्रियता में कम नहीं आयी है और ये दोनो ही कई कंपनियों के ब्रांड एबेसेडर हैं पर एक रिपोर्ट के अनुसार कमाई के मामले में धोनी, युवराज से काफी आगे हैं। महेन्द्र सिंह धोनी की बात करें तो धोनी की कुल नेट वर्थ 1000 करोड़ से अधिक है। उनकी कमाई का मुख्य जरिया ब्रांड एंडोर्समेंट और क्रिकेट है। धोनी आज भी क्रिकेट खेल रहे हैं. आईपीएल में खेलने के लिए उन्हें 12 करोड़ रुपए मिलते हैं। ब्रांड एंडोर्समेंट करने के लिए वह करोड़ों की राशि लेते हैं। वह ड्रीम 11 समेत कई अन्य कंपनियों जैसी कंपनियों के लिए प्रचार करते हैं. धोनी के पास कार, बाइक्स का भी एक बड़ा कलेक्शन है.

# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा, सलीमा टेटे को कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में 11 से 20 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सलीमा टेटे की अगुवाई में सोमवार को 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की गई। नवनीत कौर को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। भारत ने पिछले साल रांची में हुए आयोजन में खिताब जीता था लेकिन उसके बाद से टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है।

इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा। टीम के चयन और टूर्नामेंट के लिए उनकी तैयारी पर मध्य पंक्ति की खिलाड़ी सलीमा ने कहा, 'एक और बड़े टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक शानदार एहसास है। हम गत चैम्पियन के रूप में टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। यह इसे और भी खास बनाता है।'

उन्होंने कहा, 'हमने कड़ी ट्रेनिंग की है।



हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के साथ एक मजबूत टीम है। हमारा लक्ष्य अपने खिताब की रक्षा करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था।' टीम में गोलकीपर की भूमिका अनुभवी सविता और उभरती प्रतिभा बिचू देवी खारीबाम साझा करेंगी। रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के पास होगी। मध्यपंक्ति में टेटे का साथ नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, और लालरेम्सियामी टीम को मजबूती प्रदान करेंगी।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग टीम की मारक क्षमता को बढ़ाएंगी। सुशीला और ब्यूटी चोट से उबरने के बाद टीम से वापसी कर रही है। भारतीय उपकप्तान नवनीत ने कहा, 'हमें अपनी तैयारी और एक दूसरे के साथ पर भरोसा है। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना उत्साहजनक है और हम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, ÷सलीमा के साथ खेलने का अनुभव बहुत अच्छा रहा और हम इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

**भारतीय टीम**

**गोलकीपर:** सविता, बिचू देवी खारीबाम।

**डिफेंडर:** उदिता, ज्योति, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुशीला चानू पुखरामबम, इशिका चौधरी।

**मिडफील्डर :** नेहा, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी।

**फॉरवर्ड :** नवनीत कौर, प्रीति दुबे, संगीता कुमारी, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग।

# अब तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम लगाएगी पूरा जोर



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के लिए यहां 1 नवंबर से मेहमान टीम न्यूजीलैंड के साथ होने वाला तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच बेहद अहम होगा। भारतीय टीम का लक्ष्य वानखेड़े स्टेडिमय में होने वाले इस मैच को हर हाल में जीतना रहेगा। पहले दो मैचों में हार से भारतीय टीम के हाथों से सीरीज पहले ही निकल गयी है। इसके अलावा उसके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की संभावनाओं पर भी प्रभाव पड़ा है। अब देखना है कि इस मैच में भारतीय टीम की क्या रणनीति होती है। अब भारतीय टीम के सामने वानखेड़े में कीवी टीम के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच में न सिर्फ प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती होगी, बल्कि डब्ल्यूटीसी को ध्यान में रखकर मुकाबला भी जीतना होगा। घरेलू धरती में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन ने कई सवाल खड़े किए हैं। इससे कोच, कप्तान और अनुभवी बल्लेबाजी विराट कोहली भी निशाने पर हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ न तो गंभीर की कोचिंग काम आई और न ही कप्तान रोहित की रणनीति। जबकि, विराट कोहली बल्ले से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी में भी वो पुरानी धार नजर नहीं आई। अब सवाल यह है कि जब खिलाड़ी ही विफल रहेंगे तो अन्य खिलाड़ियों से क्या उम्मीद की जाए। पिछले 12 साल में टीम इंडिया को अपने ही घर में पहली बार किसी टीम से टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है और अब उसके सामने एक बड़ा खतरा है क्लीन स्वीप का। न्यूजीलैंड ने तो इतिहास बना दिया लेकिन अब टीम इंडिया क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी। अगर, कीवी टीम वानखेड़े टेस्ट भी जीतने में सफल होगी तो यह एक बड़ा रिकॉर्ड होगा क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम का घर पर कभी भी लगातार तीन मैच नहीं हारी है। माना जा रहा है कि तीसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया मुंबई में 30 और 31 अक्टूबर को अभ्यास करेगी। ये सत्र सभी खिलाड़ियों के लिए अनिवार्यहोगा। रोहित, कोहली और बुमराह जैसे सीनियर प्लेयर्स को भी आराम नहीं मिलेगा।

# सेंटनर ने भारतीय बल्लेबाजों की पोल खोली : साइमन डूल

पुणे। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल ने कहा है कि भारतीय टीम की हार के लिए उसके बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन सबसे बड़ा कारण रहा है। डूल के अनुसार भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों को खेलने में असफल रहे। भारतीय बल्लेबाज बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के सामने बेबस दिखे। सेंटनर ने दूसरे टेस्ट में 13 विकेट विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलायी। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'यह धारणा गलत साबित हुई है कि भारतीय बल्लेबाज स्पिन के बेहतर खिलाड़ी हैं, सेंटनर ने उनकी पोल खोल दी है। मुझे लगता है कि उनके पास बेहतर स्पिनर हैं जिससे वे विपक्षी बल्लेबाजों पर अंकुश लगा देते हैं। डूल ने कहा कि न्यूजीलैंड का स्पिन आक्रमण विश्व स्तरीय नहीं है और उनके सामने भारतीय बल्लेबाजों का कमजोर प्रदर्शन उनके लिए चिंता का कारण बन गया है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आपको इस तरह के अच्छे विकेटों पर खेलने की आदत हो जाएगी। लेकिन जब पिच टर्न लेना शुरू करती है तो आपकी कमजोरी सामने आ जाती है। भारत लंबे समय तक टर्निंग विकेट पर खेलता रहा है। उसके पास अब भी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं। डूल ने कहा, 'उनके गेंदबाज अन्य टीमों को कम स्कोर पर आउट करने में सक्षम हैं पर इस टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने उसके बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया जबकि हमारी टीम के पास विश्व स्तरीय स्पिन गेंदबाजी आक्रमण नहीं है।

# चिराग चिक्कारा अंडर-23 विश्व चैंपियन बने, किर्गिस्तान के कराचोव को हराकर जीता गोल्ड

**सिडनी (एजेंसी)।** तिराना (अल्बानिया) ÷चिराग चिक्कारा अंडर-23 विश्व चैंपियन बनने वाले तीसरे भारतीय पहलवान बन गए हैं जिसकी मदद से भारत ने यहां चल रहे इस आयु वर्ग टूर्नामेंट में एक स्वर्ण और रजत सहित नौ पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे चिक्कारा ने किर्गिस्तान के अब्दिमालिक कराचोव पर अंतिम सेकंड में 4-3 से जीत दर्ज की। वह पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के बाद अंडर-23 चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।

सहरावत ने 2022 में इस प्रतियोगिता के इसी वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि रीतिका हुडा पिछले साल 76 किग्रा वर्ग में जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। रवि कुमार दहिया ने 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। चिक्कारा ने फाइनल में पहुंचने से पहले प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में गौकोटो ओजावा को 6-1 से, अंतिम आठ चरण में इयुनुस इवबातीरोव को 12-2 से और सेमीफाइनल में एलन ओरलबेक को 8-0 से हराया।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल श्रेणी में भारत के पदकों में दो कांस्य पदक भी शामिल हैं। इससे वह 82 अंक लेकर टीम तालिका में ईरान (158), जापान (102) और अजरबैजान (100) से पीछे चौथे स्थान पर है। भारत ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल में दो और कांस्य पदक जीते, जिससे इस वर्ग में देश के पदकों की संख्या चार हो गई। विक्की ने पुरुषों की 97 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और यूक्रेन के यूरोपीय जूनियर चैंपियन इवान प्राइमाचेंको को 7-2 से हराकर कांस्य पदक जीता।

विक्की ने पहले दौर में जॉर्जिया के मेरब सुलेमानिश्विली को और क्वार्टरफाइनल में मोल्दोवा के राडू लेफ्टर को हराया था लेकिन सेमीफाइनल में वह ईरान के महदी हाजीलोइयन मोराफा से हार गए थे। पुरुषों की 70 किग्रा फ्रीस्टाइल में सुजीत कलकल ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ताजिकिस्तान के मुस्तफो अखमेदोव को 13-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। सुजीत ने पहले दौर में जॉर्जी एंटोनोव जिजगोव को 10-0 से, प्री-क्वार्टर में तुग्सजर्गल एर्डेनेबैट को 7-4 से और क्वार्टर फाइनल में नारेक पोहोसियन को 6-1 से हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में वह मैगोमेद बसिहर खानिएव से 4-8 से हार गए थे।

इससे पहले अभिषेक ढाका ने कांस्य पदक जीता था। इस तरह से भारत ने फ्रीस्टाइल में चार पदक (एक स्वर्ण और तीन कांस्य) जीतकर अपने पिछले साल के प्रदर्शन में सुधार किया। पिछले साल भारत ने फ्रीस्टाइल वर्ग में दो कांस्य पदक जीते थे। भारतीय महिला कुश्ती टीम ने भी एक रजत और तीन कांस्य पदक जीत कर अच्छा



प्रदर्शन किया। अंजलि ने 59 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि नेहा शर्मा (57 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और मोनिका (68 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। इसके अलावा विश्वजीत मोरे ने पुरुषों के 55 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में कांस्य पदक जीता।

# शमी ने प्रशंसकों से माफी मांगी , कहा शीध्र वापसी करुंगा

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाने के लिए प्रशंसकों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से माफी मांगी है। शमी को पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए शामिल नहीं किया गया है। साथ ही कहा कि मैं शीध्र ही वापसी करुंगा। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर सीरीज खेलनी है। शमी ने सर्जरी के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना 'रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है पर उनके घुटनों की सूजन अभी तक ठीक नहीं हुई है। इस कारण उनकी वापसी नहीं हो पायी है। शमी ने हालांकि कहा था कि उन्हें कोई दर्द नहीं है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, 'मैं प्रयास कर रहा हूं और दिन-प्रतिदिन अपनी गेंदबाजी फिटनेस को ठीक करेन का प्रयास कर रहा हूं। मेरा लक्ष्य भी मैच के लिए तैयार होने के लिए लाल गेंद से घरेलू क्रिकेट खेलना रहेगा। सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से भी माफी मांगता हूं पर बहुत जल्द मैं लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए तैयार रहूंगा। शमी चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद नवंबर के पहले सप्ताह में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी मैच में खेलकर वापसी कर सकते हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए नहीं चुना गया।

# हेमंत सरकार में गांवों तक नहीं पहुंची बुनियादी सुविधाएं: बाबूलाल मरांडी

बिभा संवाददाता



**धनवार :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को गिरिडीह जिले की धनवार विधानसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में परिवारवाद, भ्रष्टाचार एवं घुसपैठ को समाप्त करने और राज्य में रोटी, माटी और बेटी बचाने का संकल्प लेकर धनवार विधानसभा सीट से नामांकन किया है। हमें विश्वास है कि धनवार के साथ-साथ पूरे राज्य की जनता भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनाएगी।

इस दौरान उन्होंने कहा, मैंने प्रेस के लोगों से कहा था, मैं तीसरी दुनिया से आता हूं। जब उनसे पूछा गया कि यह तीसरी दुनिया क्या होती है, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वह जगह है जहां आने-जाने के लिए सड़कें नहीं होतीं, नदी में पुल-पुलिया नहीं होते, और गांवों तक बिजली नहीं पहुंचती। वहां शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव होता है।

कांग्रेस के सरकार में गांव से आने-जाने के लिए कोई साधन नहीं था। कांग्रेस पार्टी ने 60 साल तक देश में राज की, लेकिन कभी भी गांवों की इन्होंने चिंता नहीं की। उन्हें कभी नहीं लगा कि गांवों में भी लोग रहते हैं। उन्होंने किसान मजदूरों के लिए कुछ नहीं सोचा। कांग्रेस ने उनकी चिंता कभी नहीं की। जब केंद्र में बीजेपी की सरकार थी तब झारखंड राज्य बन गया। मैं झारखंड का पहला मुख्यमंत्री बना।

बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि गठबंधन सरकार और सीएम हेमंत सोरेन से मेरे द्वारा अपील की गई थी कि जो पारा टीचर हैं, जिन्होंने टेट पास किया है उन सबका आप समायोजन कर दीजिए। हमने कहा था कि जो टेट पास नहीं हैं, उनकी वेतन वृद्धि कर दीजिए, लेकिन उन्होंने कुछ भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेतृत्व में सरकार बनी थी तब पारा शिक्षकों की भी बहाली भाजपा सरकार ने कराई थी। अगर राज्य में भापजा की सरकार बनेगी तो उनके वेतन में वृद्धि की जाएगी। साथ ही जनता से भाजपा के पंचप्रण का संकल्प पूरा करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनेगी तो गोगो दीदी योजना को पहले कैबिनेट में लागू की जाएगी। योजना के तहत महीने की 11 तारीख को मां बहनों के खाते में 2100 रुपये डाली जाएगी। झारखंडियों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। साल में पर्व के अवसर पर 2 गैस सिलैंडर मुफ्त में मिलेगा। साथ ही बीए और एमए पास कर रोजगार के लिए इधर उधर भटकने वाले बच्चों को दो हजार रुपये 2 साल तक दिया जाएगा, ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो सकें और अपने मां बाप पर 2 साल तक बोझ नहीं बन सके।

उन्होंने कहा कि झारखंड में 2 लाख 87 हजार सरकारी नौकरी के लिए पद खाली हैं। बीजेपी का संकल्प है कि सरकार बनते ही पहले कैबिनेट में निर्णय लिया जाएगा। अगले साल के 15 नवंबर तक यानी एक वर्षों के अंदर में एक लाख सरकारी नौकरी में बहालियां होगी। और पांच वर्षों में 2 लाख 87 हजार पदों को भरने का काम किया जाएगा। उसका भी कैलेंडर बनाया जाएगा। परीक्षा कब होगी, रिजल्ट कब आएगा, नियुक्ति पत्र कब मिलेगा यह सब सुनिश्चित की जाएगी। ताकि गड़बड़ी की कोई गुंजाइस ही नहीं रहे।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पार 21 लाख गरीबों का घर बनाया जाएगा। यह पूरे पांच वर्षों में पूरा होगा। भाजपा सरकार में पांच वर्षों के बाद कोई भी गरीब मकान के बिना नहीं रहेंगे। भाजपा जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने केंद्र में भाजपा की सरकार बनते ही गांव में गरीबों के तीन करोड़ मकान की योजना को स्वकृती दे दी। पीएम मोदी के नेतृत्व में मुफ्त में 5 किलो अनाज भी गरीबों को मिल रहा है। स्वास्थ्य की सुविधआएं भी मिल रही है। 5 लाख रुपये तक की आयुष्मान योजना और साथ ही गैस का कनैक्शन और उसके साथ-साथ किसानों के खाते में पैसे भी जा रहे हैं। झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनेगी तो विकास की रफतार तीव्र होगी।

बाबूलाल मरांडी के नामांकन के मौके पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी, भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। नामांकन से पहले बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह स्थित अपने घर में पूजा-पाठ किया और मां तथा बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। वे चांदी का मुकुट पहनकर नामांकन के लिए निकले।

## रमा एकादशी पर रमापति वेंकटेश्वर का उद्यास्तमन सेवा हुआ

**रांची :** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में कार्तिक कृष्ण पक्ष की रमा एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर सर्वान्तयार्मी अखिललोक लोकेश्वर भगवान श्रीपद्मावती वल्लभ का उद्यास्तमन सेवा के अन्तर्गत महाभिषेक का आयोजन हुआ। इसमें सर्वप्रथम विश्वरूप दर्शन कराया। फिर सुप्रभातम्, श्रीवेंकटेश स्तोत्रम्, वेंकटेश प्रपत्ति, मंगलाशासनम्, वेंकटेश ध्यानम और करावलंबम्को विधान पूर्वक संपन्न कर के वासुदेव मुद्रा, संकर्षण मुद्रा, प्रद्युम्न मुद्रा, अनिरुद्ध मुद्रा आदि अनेकों मुद्रा को प्रदर्शन करते हुए प्रत्येक उपचार - प्रत्युपचार को धूप, दीप, चंदन, कुंकुम, तुलसीदल, पुष्पादि के साथ संपन्न कर- के तिरुवाराधन हुआ। फिर पुरुषसूक्त न्यास, और श्रीसूक्त न्यास विधि के बाद सहस्त्रधारा, कलशधारा, शंखधारा और चक्रधारा के उपक्रम से पृथक-पृथक दूध, दधि, हरिद्रानुलेपन, चंदनलेपन, गंगाजल, शहद और नारियल युक्त जल से महाभिषेक हुआ। नदन्तर श्रृंगार रस सागर भगवान का वस्त्र और विभिन्न प्रकार के आभूषणों से अलंकार समर्पण हुआ और फिर नयनानन्ददायक मोतियों और गुलाब के पुष्प राशियों से भव्यातिभव्य श्रृंगार निवेदन किया। नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से बारी-बारी मंत्रों के गायन पूर्वक महाआरती की गयी। साँवादाना का खीर, कद्दू और कुटू आटा का तरुआ, आलू-साबुदाना की खिचड़ी, खीरा का रायता, फल और मेवा कर बालभोग नैवेद्य करके सम्पूर्ण सिद्धियों के स्वामी श्रीहरिका चतुःश्लोकी, दशावतार स्तोत्रम्, भगद्ध्यान सोपानम्, अभीतिस्तवः और दयाशतकम् आदि अनेकानेक उत्कृष्ट स्तोत्रों से स्तवन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची-जयनगर-रांची स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**रांची(बिभा) :** दिवाली एवं छठ त्यौहार के अवसर पर ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08105/08106 रांची - जयनगर - रांची स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08105 रांची - जयनगर स्पेशल, यात्रा प्रारंभ दिनांक 02/11/2024 एवं 09/11/2024 को रांची से प्रस्थान करेगीं (कुल 2 ट्रिप)। इस ट्रेन का रांची प्रस्थान शनिवार 21:50 बजे, मुरी आगमन 23:00 बजे प्रस्थान 23:02 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 00:05 बजे प्रस्थान 00:10 बजे, धनबाद आगमन 02:40 बजे प्रस्थान 02:50 बजे, जसीडीह आगमन 05:40 बजे प्रस्थान 05:42 बजे, बरौनी आगमन 10:40 बजे प्रस्थान 10:45 बजे एवं जयनगर आगमन रविवार 15:15 बजे होगा। ट्रेन संख्या 08106 जयनगर - रांची स्पेशल यात्रा प्रारंभ दिनांक 03/11/2024 एवं 10/11/2024 को जयनगर से प्रस्थान करेगीं (कुल 2 ट्रिप)। इस ट्रेन का जयनगर प्रस्थान रविवार 17:00 बजे, बरौनी आगमन 20:50 बजे प्रस्थान 21:00 बजे, जसीडीह आगमन 00:53 बजे प्रस्थान 00:55 बजे, धनबाद आगमन 04:05 बजे प्रस्थान 04:15 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 06:20 बजे प्रस्थान 06:25 बजे, मूरी आगमन 07:25 बजे प्रस्थान 07:27 बजे एवं रांची आगमन सोमवार 09:00 बजे होगा। इन ट्रेनों में जनरेटर यान के 02 कोच एवं वातानुकूलित 3-टियर के 17 कोच होंगे।

### दिवाली व छठ को लेकर रांची - गोरखपुर - रांची स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**रांची(बिभा) :** दिवाली एवं छठ त्यौहार के अवसर पर ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08629/08630 रांची - गोरखपुर - रांची स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08629 रांची - गोरखपुर स्पेशल, यात्रा प्रारंभ दिनांक 30/10/2024, 06/11/2024 एवं 13/11/2024 को रांची से प्रस्थान करेगीं (कुल 3 ट्रिप)। इस ट्रेन का रांची प्रस्थान बुधवार 16:50 बजे, मुरी आगमन 18:28 बजे प्रस्थान 18:30 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 19:43 बजे प्रस्थान 19:48 बजे, धनबाद आगमन 21:40 बजे प्रस्थान 21:45 बजे, जसीडीह आगमन 00:32 बजे प्रस्थान 00:34 बजे, पटना आगमन 04:55 बजे प्रस्थान 05:05 बजे, छपरा आगमन 07:30 बजे प्रस्थान 07:40 बजे एवं गोरखपुर आगमन गुरुवार 11:30 बजे होगा। ट्रेन संख्या 08630 गोरखपुर - रांची स्पेशल यात्रा प्रारंभ दिनांक 31/10/2024, 07/11/2024 एवं 14/11/2024 को गोरखपुर से प्रस्थान करेगीं (कुल 3 ट्रिप)। इस ट्रेन का गोरखपुर प्रस्थान गुरुवार 15:30 बजे, छपरा आगमन 19:00 बजे प्रस्थान 19:10 बजे, पटना आगमन 22:00 बजे प्रस्थान 22:10 बजे, जसीडीह आगमन 02:17 बजे प्रस्थान 02:19 बजे, धनबाद आगमन 05:00 बजे प्रस्थान 05:05 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 07:00 बजे प्रस्थान 07:05 बजे, मुरी आगमन 07:58 बजे प्रस्थान 08:00 बजे एवं रांची आगमन शुक्रवार 09:25 बजे होगा। इन ट्रेनों में जनरेटर यान का 01 कोच, एसएलआरडी का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 04 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 06 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 07 कोच, वातानुकूलित 2-टियर के 02 कोच, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी सह 2-टियर संयुक्त कोच का 01 कोच, कुल 22 कोच होंगे।

### धनबाद मंडल के सभी कार्यालयों एवं परिसरों में सफाई अभियान चलाया गया




**धनबाद(बिभा) :** स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत, भारतीय रेल द्वारा आयोजित स्पेशल कैम्पैन 4.0 के तहत, धनबाद मंडल के सभी कार्यालयों, संस्थागत भवनों, रेलवे स्कूलों, रेलवे ट्रैकों और स्टेशनों, ट्रेन जल निकायों (नदियों, झीलों, तालाबों, नालों) और रेलवे परिसरों में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया।

### धनबाद में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गयी



**धनबाद (बिभा):** सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 (28 अक्टूबर से 03 नवंबर) के तहत आज मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के अनुपालन की शपथ दिलायी गयी ।

### पहला कदम दिव्यांग स्कूल ने एक अस्थाई स्टॉल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण में लगाया



**धनबाद(बिभा) :** पहला कदम दिव्यांग स्कूल (नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट) द्वारा एक अस्थाई स्टॉल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद के प्रांगण में लगाया गया जिसका मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा एवं पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अध्यक्षा गरिमा सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलित करके उदघाटन किया गया। उन्होंने दिव्यांग बच्चों द्वारा बनायी गई सामग्री को खरीदकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अन्य सदस्याएं, मंडल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### हरमू नदी में मिला युवक का शव, इलाके में सनसनी

**रांची(बिभा) :** राजधानी रांची के हरमू नदी में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। शव फल मंडी के पीछे नदी के किनारे बरामद किया गया। स्थानीय लोगों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद हिंदपीढ़ी और अरगोड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस को आशंका है कि युवक की हत्या की गई है और शव को हरमू नदी में फेंका गया है या फिर पानी में बहकर शव वहां पहुंचा है। फिलहाल, पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और शव के पहचान के लिए प्रयासरत है। स्थानीय लोग घटना को लेकर चिंतित हैं और पुलिस से जल्द ही मामले का खुलासा करने की मांग कर रहे हैं। इलाके में सुरक्षा की स्थिति को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का समाधान निकाला जाएगा।

## आरपीएफ हटिया और फ्लाइंग टीम ने अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**रांची :** रांची रेल मण्डल मे आरपीएफ कमांडेंट, पवन कुमार द्वारा बनाई गई आरपीएफ कि फ्लाइंग टीम इस समय रेलवे मे शराब तस्करों के लिए विशेष रूप से सक्रिय दिख रहा है उसी क्रम मे दिनांक 27.10.2024 को सहायक सुरक्षा आयुक्त रांची अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व मे ऑपरेशन सतर्क के अंतर्गत आरपीएफ पोस्ट हटिया के उपनिरीक्षक दीपक कुमार साथ मे अन्य स्टाफ और फ्लाइंग टीम के एएसआई रवि शेखर साथ मे अन्य स्टाफ द्वारा हटिया स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर एक व्यक्ति को संदेहास्पद अवस्था मे बैठा देखा गया। उसके पास जाकर पूछताछ के क्रम मे उसने अपना नाम रौशन कुमार उम्र 19 वर्ष पता बहुआरा, राजा पाकर, वैशाली बिहार बताया तथा उसके पास बैग मे रखे सामान के बारे मे पूछने पर उसके अंदर शराब कि बोतलों को रखना बताया। उसके बैग चेक करने पर उसमे 12 शराब को बोतले अनुमानित मूल्य 12600 रुपए जिसके बारे मे उस व्यक्ति ने उसे बिहार ले जाकर उचे कीमतों मे उसे बेचना बताया। बाद मे उन शराब को बोतलों को आरपीएफ के रवि शेखर द्वारा जप्त कर व्यक्ति को गिरफ्तार करके दिनाक 28.10.2024 को आबकारी विभाग रांची को सौप दिया गया।

### गोवर्धन पूजा व अन्नकूट पर्व 2 नवंबर को मनाया जाएगा

## गोवर्धन पूजा त्योहार मे प्रकृति के साथ मानव का सीधा संबंध: संजय सर्राफ

बिभा संवाददाता

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि गोवर्धन पूजा पर्व 2 नवंबर को मनाया जाएगा। सनातन धर्म में गोवर्धन पूजा को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे अन्नकूट पर्व के नाम से भी जाना जाता है यह पर्व दीपावली के दूसरे दिन मनाया जाता है। इस वर्ष गोवर्धन पूजा का पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 1 नवंबर को सांय 6 बजकर 16 मिनट से प्रारंभ हो रहा है तथा इसका समापन अगले दिन 2 नवंबर को रात 8 बजकर 21 मिनट पर होगा। इसलिए गोवर्धन पूजा 2 नवंबर को होगा। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा संबंध है। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोक कथा है गोवर्धन पूजा में गोधन अर्थात गायों की पूजा की जाती है। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती है उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती है। गाय संपूर्ण मानव जाति के लिए पूजनीय और आदरणीय है गाय के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए इस दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। मान्यता के अनुसार एक बार भगवान इंद्र बृजवासियों से क्रोधित हो गए और भारी बारिश कर दी भगवान इंद्र के प्रकोप से बृजवासियों को बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली से उठा लिया था तभी से हर वर्ष गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व इंद्रदेव पर भगवान श्री कृष्ण की जीत का प्रतीक है। यह त्यौहार प्रकृति को समर्पित है। इस पर्व पर लोग गाय के गोबर से भगवान श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन पर्वत का चित्र को बनाकर उनकी उपासना करते हैं तथा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। साथ ही प्रभु के प्रिय भोग अर्पित किया जाता है। तथा कढ़ी और अन्नकूट चावल का भोग लगाया जाता है ? इस कार्य को करने से साधक को सुख समृद्धि में वृद्धि होती है।

### ईसीआरकेयू ने कुसुंडा में चलाया जनसंपर्क अभियान

**धनबाद :** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी ईसीआरकेयू आज जनसंपर्क अभियान के तहत कुसुंडा में एक गेट मीटिंग और सभा का आयोजन किया गया जिसमें पी डब्लू आई और आरआरआई केबिन मे जनसंपर्क अभियान चलाया गया जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने एआईआरएफ और ईसीआरकेयू के ऊपर उपलब्धियां पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों को बताया की ट्रैकमैन ट्रॉलीमैन कीमैन गेटमैन को यूनियन और फेडरेशन में कितनी काम की है आज रेलवे में एलडीसीइ ओपन टू ऑल एआईआरएफ की देन है ट्रैकमैन को 4200 की ग्रेड पे के लिए एआईआरएफ लड़ रही है आज जो रेलवे में पे कमीशन है प्रोडक्टिविटी लिंक बोनस मिल रही है रेलवे में पेंशन मिल रही है यह सभी उपलब्धियां एआईआरएफ के लड़ाई की वजह से मिल रही है एवं आने वाले समय में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन आपके बेहतरीन के लिए लड़ाई लड़ते रहेगी।

## आम जनता की बचत को केवाईसी की औपचारिकता के नाम पर फ्रीज करने की कार्रवाई पर रोक लगाओ : सीपीएम

बिभा संवाददाता

**रांची :** हाल में ही हुए एक सर्वेक्षण में पाया गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा ₹केवाईसी औपचारिकताओं₹ के पूरा न होने के कारण बैंक खातों को बड़े पैमाने पर फ्रीज कर दिया गया है. बैंकों की इस कार्रवाई से छोटी बचत करने वाले बैंकों के ग्राहकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है. - केवाईसी का मतलब है 'अपने ग्राहकों को जानें' - इसकी वजह से झारखंड में अनगिनत लोग अपनी बचत तक पहुंचने से वंचित रह गए हैं.

ऐसे कई उदाहरण हैं जहां नाम पते या किसी अन्य जानकारी में विसंगतियां हैं, जिनकी जिम्मेदारी सरकारी एजेंसियों को उठानी चाहिए, जिसके कारण कई लोगों के बैंक खाते अपने आप फ्रीज हो गए हैं। फिर भी, खाताधारक अपनी बचत तक पहुंचने के लिए खुद को जटिल नौकरशाही के जाल में फंसा हुआ पाते हैं, जबकि सरकारी एजेंसियों ने जानबूझकर उपेक्षा दिखाई है या इस व्यापक समस्या की ओर से आंखें मूंद ली हैं।

साथ ही ग्रामीण इलाकों में सरकारी क्षेत्र के बैंक शाखाओं में स्टाफ कि व्यापक कमी है जिसके कारण बैंक इन ग्राहकों का केवाईसी समय पर कर पाने में असमर्थ हैं निजी क्षेत्र के बैंक सरकारी स्कीम के लाभुकों के खाते नहीं खोलते हैं और अपर्याप्त स्टाफ वाले सरकारी बैंक शाखाओं में केवाईसी का लंबा बैक-लॉग बना हुआ है साथ ही केवाईसी का फार्म भी सप्ताह में एक बार दिया जाता है. गौरतलब है कि बैंकिंग क्षेत्र में कर्मचारियों कि संख्या दिन ब दिन घटती जा रही है और नए बहाली के मामले में केन्द्र सरकार की कोई दिलचस्पी नहीं है.

ऐसे में इसका खामियाजा ग्रामीण गरीब जनता को उठाना पड़ रहा है । सीपीआई(एम) मांग करती है कि बैंकों के ग्रामीण शाखाओं में पर्याप्त कर्मचारियों की बहाली हो और सरकारी एजेंसियों द्वारा दस्तावेजों में विसंगतियाँ अविलंब दूर की जाए ।

## सीमा सुरक्षा बल ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया आयोजन



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग :** सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार मेरु कैंप हजारीबाग में के0 एस0 बन्याल, महानिरीक्षक प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल मेरु कैंप में दिनांक 28 अक्टूबर से 03 नवंबर 2024 तक श्रृखंलाबद्ध कडी के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ के0 एस0 बन्याल महानिरीक्षक प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरु कैंप, हजारीबाग नें प्रशासनिक भवन में कैंप में उपस्थित समस्त अधिकारियो, अधीनस्थ अधिकारियो व कार्मिकों को भ्रष्टाचार के खिलाफ शपथ दिलाकर किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का पहला कदम लोगों को भ्रष्टाचार तथा उसके परिणामों के बारे में जागरूक करना है। बल मुख्यालय के दिशा निदेर्शों के तहत पूरे देश में सभी सीमा सुरक्षा बल कार्यालयों में इस शपथ का आयोजन किया जाना है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरदार वल्लभ भाई पटेल जिन्हें उनकी अटूट साहस और सकंल्प के लिए भारत के लौह पुरूष के रूप में जाना जाता है, के जन्म सप्ताह में मनाया जाता है। ज्ञातव्य है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की एकता, अखण्डता तथा भारत के पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिसका हम सभी को अनुकरण करना चाहिए।

## संविधान हमारे कानूनी ढांचे का पूरक: डॉ. वंदना

बिभा संवाददाता



**रांची :** हमारे देश के संविधान में इस तरह की बुनियादी संकल्पना है, जिससे देश की शासन प्रणाली और कानूनी ढांचे को संबल हासिल होता है। अधिवक्ता डॉ. वंदना सिंह ने उक्त बातें कहीं। वे सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'एक्सपैंडिंग होराइजन ऑफ कॉन्स्टिट्यूशन एंड कांस्टीट्यूशनलिज्म इन इंडिया' विषय पर आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर अपने विचारों को रख रही थी। उन्होंने संविधानवाद की व्याख्या करते हुए इसे कानून का शासन, उचित जवाबदेही और व्यक्ति विशेष के अधिकारों की रक्षा से जुड़ा हुआ बताया। मौलिक अधिकारों को बरकरार रखने और इसके क्रियान्वयन के लिए विभिन्न न्यायालयों द्वारा की गई पहल पर भी उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विश्व के सबसे लंबे भारतीय संविधान में अंतर्निहित समानता और अधिकारों से युक्त सामाजिक और आर्थिक न्याय की संकल्पना पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने देश के राजनैतिक- आर्थिक और सामाजिक परिवर्तनों के लिए संविधान के रचनाकारों को इसका श्रेय दिया। प्रभारी कुलपति माननीय श्री एस. बी. डांडीन ने भारतीय संविधान को देश के जनमानस का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने भारत के संविधान को प्रगतिशील करार देते हुए इसे भावी कानूनों और नीतिगत निर्णयों का पूरक बताया। कार्यक्रम में डिपार्मेंट आफ लॉ की इंचार्ज सुश्री कोमल गुप्ता ने स्वागत भाषण और धन्यवाद प्रस्ताव श्रीमती श्वेता सिन्हा ने दिया। अतिथियों का परिचय एवं विषय प्रवेश श्री राजीव रंजन ने किया। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता श्री आकाशदीप, डॉ. आर. के. सिंह, हरिबाबू शुक्ला एवं विवि के अन्यान्य शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति माननीय श्री बिजय कुमार दलान और माननीय डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

### पहले चरण के मतदान के लिए तमाड़, रांची, हटिया, कांके और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए रैन्डमाइजेशन

**रांची :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त पोलिंग पार्टियों एवं माइक्रो आब्र्जवर का सेकेंड रैन्डमाइजेशन किया गया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में किये गए रैन्डमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी, राँची श्री वरुण रंजन, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रेक्षक/पुलिस प्रेक्षक, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश यादव, सभी विधानसभा क्षेत्रों के निवार्ची पदाधिकारी, जिला सूचना पदाधिकारी श्री राजीव कुमार, सहायक जिला सूचना पदाधिकारी श्री रीमा कुजूर एवं अन्य संबधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। विधानसभा क्षेत्र तमाड़, राँची, हटिया, कांके और माण्डर के लिए पोलिंग पार्टियों और माइक्रो आब्जर्वर का रैन्डमाइजेशन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने धनतेरस लक्की ड्रा कुबेर का खजाना का आयोजन



**रांची(बिभा) :** समर्पण शाखा द्वारा धनतेरस लकी ड्रॉ कुबेर का खजाने का आयोजन किया गया ।यह आयोजन अग्रसेन भवन अप्पर बाजार में किया गया। जिसमें सात सांत्वना पुरस्कार और 1 बंपर पुरस्कार समेत कुल 101 चांदी के सिक्के दिए गए । जिसमें की बंपर पुरस्कार में 21 चांदी के सिक्के साथ ही प्रथम पुरस्कार 17 चांदी के सिक्के द्वितीय पुरस्कार में 13 चांदी के सिक्के तृतीय पुरस्कार में 11 चांदी के सिक्के दिए गए। इस प्रकार कुल 101 सिक्के दिए गए । शाखा द्वारा दिवाली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें संस्था की 60 से अधिक सदस्यों की भागीदारी रही ।सभी ने हर्ष उल्लास के साथ दिवाली मिलन समारोह मनाया जिसमें होजी और भी कई तरह की गेम्स खेले गए। साथ ही लजीज व्यंजनों का भी आनंद उठाया गया। संस्था द्वारा जोड़े गए कुल 17 नए सदस्यों को भी स्वागत स्वरुप वेलकम किटऔर पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया ।कार्यक्रम सयोजिका सुमिता लाठ, किरण खेतान , मीनू अग्रवाल , पूजा सरावगी ने मिलकर पूरे कार्यक्रम की तैयारी की । मौके पर अध्यक्ष, सचिव के साथ शाखा की अन्य सदस्य उपस्थित थी । संस्था द्वारा होने वाले आगामी 17 नवंबर को पहली बार महिलाओं के लिए वूमेंस प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है ।यह कार्यक्रम झारखंड लेवल पर किया जा रहा है। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच की चार शाखाओं की भागीदारी रहेगी ।साथ ही विजेता ट्रॉफी लॉन्च कर इसकी शुरूआत की गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### अवैध होर्डिंग्स के विरूद्ध निगम की कार्रवाई शुरू



**रांची(बिभा) :** रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चौक-चौराहों तथा क्षेत्रों में विज्ञापन के लिए होर्डिंग्स अधिष्ठापित करने हेतु निगम की अनुमति अनिवार्य है। निगम क्षेत्र में विभिन्न एजेंसी के द्वारा विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स लगाई जाती है। नगर आयुक्त के क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि बहुत सारे विज्ञापन पट्ट / होर्डिंग्स अवैध तरीके से बिना एनओसी प्राप्त किये अधिष्ठापित किये गये है, जिसके कारण शहर की सुंदरता खराब हो रही है एवं निगम को राजस्व की क्षति भी हो रही है। नगर आयुक्त के आदेशानुसार कार्यहित में बाजार शाखा के स्तर से टीम गठित कर अवैध विज्ञापन पट्ट / होर्डिंग्स के विरूद्ध कार्रवाई शुरू की गई है जिस क्रम में आज अरगोड़ा क्षेत्र में अधिष्ठापित सभी होर्डिंग्स की जांच की गई एवं अवैध होर्डिंग को हटाया गया। यह अभियान प्रतिदिन चलाया जाएगा एवं निगम क्षेत्रांतर्गत सभी अवैध विज्ञापन पट्ट / होर्डिंग्स को हटवाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्ठिकोण से पुराने जर्जर भवनों पर अधिष्ठापित होर्डिंग्स की जाँच करते हुए समुचित करने का निदेश दिया गया है।

### डॉ अजीत ने मुंबई में बवासीर बीमारी पर दिया व्याख्यान




**रांची(बिभा) :** सदर अस्पताल के लेजर एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत कुमार ने मुंबई में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय समिट अंश-2024 में बवासिर बीमारी के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिया।
इस समिट में AIIMS , BHU एवं अन्य संस्थानों के पूर्व निदेशक विभागध्यक्ष एवं वरीय सर्जनों के साथ साथ -साथ लगभग 900 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया। बवासीर (पाइल्स) एवं भेरिकोज भेन बिमारी पर मुंबई में आयोजित दो दिवसीय समिट में, डॉक्टर अजीत ने बवासीर बीमारी के लक्षण,ग्रेडिंग ,बचाव एवं इलाज के विभिन्न अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में बताया। डॉ अजीत ने बताया की यह एक जीवन शैली से संबंधित बीमारी है। आजकल के बदलते जीवनशैली एवं खान-पान के कारण यह महामारी का रूप लेते जा रही है ,लगभग आधी आबादी इस बिमारी से ग्रसित हैं। इस बीमारी के मुख्य लक्षण है मलद्वार से खून आना, खुजली एवं मांस का बाहर आना। इस बीमारी से बचाओ के लिए डॉक्टर अजीत में बताया कि टॉयलेट में फोन लेकर नहीं जाना चाहिए , पैखाना में ज्यादा जोर नहीं लगाना चाहिए, खाने में फाइबर युक्त भोजन लें (साग,सब्जी,फल,फूल सलाद) एवं पानी का प्रयोग ज्यादा करें (2-3 लीटर कम से कम ) इस बिमारी के इलाज में सकलेरोथेरेपी, आरबीएल,आधुनिक लेजर तकनीक एवं सर्जरी का अहम रोल है। 40 वर्ष से ज्यादा उम्र के मरीजों को खून आने की अगर शिकायत होती है, तो पूरी जांच करानी चाहिए,कैंसर की खतरे को जानने के लिए।

# झामुमो-कांग्रेस की पाप की लंका को जलाकर राख करेगी भाजपा : शिवराज

बिभा संवाददाता



**रांची :** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सोमवार को झारखंड की गिरिडीह विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी निर्भय कुमार शाहबादी और देवघर विधानसभा से उम्मीदवार नारायण दास के नामांकन कार्यक्रम में सम्मिलत हुए और दोनों प्रत्याशियों ने शिवराज सिंह की मौजूदगी में नामांकन जमा किया। साथ ही श्री चौहान ने दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जेएमएम और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, झारकंड में बहनें अपमानित हो रही हैं, लेकिन हेमंत सोरेन और इरफान अंसारी ये याद रखो कि, एक बहन द्रोपदी के अपमान पर महाभारत हो गया था और कौरवों का वंश सहित विनाश कर दिया गया था। एक सीता माता के अपमान पर रावण का वंश सहित खात्मा हो गया था। मां सीता का अपमान करने वालों का क्या हुआ यह सारी दुनिया जानती है। इसलिए मैं आज का रहा हूं, बहन बेटियों का अपमान करने वाले जेएमएम और कांग्रेस की पाप की लंका को जलाकर भाजपा के कार्यकर्ता राख कर देंगे और झारखंड में भाजपा के सुशासन का सूर्य उदय होगा।
केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, जेएमएम और कांग्रेस की सरकार के रहते झारखंड कभी भी सुखी नहीं रह सकता है। जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार में आज झारखंड की क्या हालत हो गई है। यहां हर दिन बहनें अपमानित की जा रहीं हैं। बहनों का सम्मान सुरक्षित नहीं है। राहुल गांधी कहते हैं कि, मैं मोहब्बत की दुकान चलाता हूं और झारखंड में उनकी मोहब्बत की दुकान इरफान अंसारी चला रहे हैं। ये क्या मोहब्बत की दुकान चलाएंगे, बहन बेटियों का अपमान करने वाले असल में नफरत के सौदागर हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि, अभी हमारी बहन श्रीमती सीता सोरेन जी को इरफान अंसारी ने अपमानित करने का काम किया है। श्रीमती सीता सोरेन सम्मानित नेता हैं, शिबू सोरेन जी की बहू हैं, स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी की धर्मपत्नी और यहां के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आदरणीय भाभी है। भाभी को तो हमारे यहां माँ का दर्जा दिया जाता है। इरफान अंसारी ने सीता सोरेन जी के बारे में अपशब्द कहे और सीता सोरेन जी के देवर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुप्पी साधे बैठे हैं।
केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड में बेटियां सुरक्षित नहीं है, विदेशी घुसपैठिए आ रहे हैं। ये सरकार घुसपैठिए लेकर आ रही है, वोटर लिस्ट में नाम लिखवाती है, उनके आधार कार्ड बनवाती है, क्योंकि वो इनके वोट बैंक है। हमारी आदिवासी बेटियों को भ्रम में डालते हैं, उनसे विवाह किया जाता है, उनके नाम पर जमीन खरीदी जाती है और पंचायत पर कब्जा किया जाता है। शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड वासियों ये चुनाव केवल किसी सत्ता के स्वर्ण सिंहासन पर बैठने का चुनाव नहीं है बल्कि ये चुनाव झारखंड की धरती को बचाने का चुनाव है। संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी 44% थी, लेकिन अब केवल 28% रह गई है। यहां कौन आकर बस गया है..? कब तक सोते रहोगे..? याद रखना ये बेईमान सरकार फिर से आ गई तो 5 साल में झारखंड को पूरी तरह तबाह और बर्बाद कर देगी। झारखंड में रोटी, माटी, बेटी सुरक्षित नहीं है, यहां सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही रोटी, माटी, बेटी को सुरक्षित करेगी, ये भाजपा का संकल्प है।
केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि, कहते हैं कुंभकर्ण ऐसा था कि, वह 6 महीने सोता था और 6 महीने जागता था तो केवल खाता ही रहता था, लेकिन यहां जेएमएम और कांग्रेस के कुंभकर्ण तो 12 महीने ही खाते रहते हैं। ये सीमेंट, बालू, पत्थर, गिट्टी, कोयला सब खा गए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, दिल्ली से गरीब कल्याण योजना का फ्री राशन भेजते हैं, लेकिन ये हेमंत सोरेन की सरकार गरीबों का राशन तक डकार गई। झारखंड में गरीबों को राशन नहीं मिल रहा है। इतना ही नहीं ये तो पानी का पैसा भी खा गए, जल जीवन मिशन नरेंद्र मोदी जी ने बनाया ताकि, बहनों को पानी भरने कहीं बाहर नहीं जाना पड़े, पाइप लाइन बिछाकर घर में टोटी वाला नल लगाकर पीने का पानी देंगे, जल जीवन मिशन के लिए हजारों करोड़ रुपए नरेंद्र मोदी जी ने यहां भेजे हैं, लेकिन किसी भी गांव में नल नहीं लगा। मजदूरों के लिए मनरेगा का पैसा भेजा जाता है, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार मजदूरों का पैसा तक खा गई है। झारखंड में अत्याचार की अति और अन्याय की पराकाष्ठा है।

## ब्राउन शुगर बेचने से पहले गढ़वा का तस्कर गिरफ्तार, महिला खरीदार भी धराई

बिभा संवाददाता



**पलामू।** प्रतिबंधित मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की खेप पहुंचाने से पहले गढ़वा के तस्कर को गिरफ्तार किया गया। इस क्रम में महिला खरीदार को भी पकड़ा गया। तस्कर के पास से 11.40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इसका बाजार मूल्य 2 लाख 28 हजार है। खरीदार दंपति समेत तीन फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम कार्रवाई कर रही है। सोमवार को दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।
मेदिनीनगर शहर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चियांकी के सेमा टोला में कुछ संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले हैं। सूचना के बाद एक टीम गठित कर कार्रवाई की गयी। वहां से गढ़वा के सोनपुरवा के तस्कर संदीप कुमार गौड़ (42) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 11.40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। मौके से चियांकी के विजयनगर की दुर्गा देवी (40) को भी पकड़ा गया। दुर्गा खरीदार है। संदीप उसे ही ब्राउन शुगर बेचने के लिए आया हुआ था। संदीप को बाद में कसाई मुहल्ला के मोनू कुरेशी और उसकी पत्नी को ब्राउन सुगर देना था।
संदीप ने 24 अक्टूबर को बिहार के सासाराम के वीरेंद्र नामक युवक से ब्राउन शुगर की खरीदारी की थी। इस कार्रवाई में ब्राउन शुगर के अलावा एक मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल (जेएच03आर0316) बरामद की गयी है।

## पलामू पुलिस ने सर्च अभियान में दो नाली बंदूक और 12 बोर के दो जिंदा कारतूस किया बरामद

बिभा संवाददाता



**पलामू :** पलामू पुलिस के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक के आदेश के आलोक में सीआरपीएफ जी/93 और जिला बल के संयुक्त दल द्वारा हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के महुदंड और इसके आसपास के मतदान केंद्रों में एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। इस दौरान प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर माओवादी जोनल कमांडर नितेश यादव, संजय यादव उर्फ गोदराम, और ठेगन मियां द्वारा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से आम जनता में भय उत्पन्न करने हेतु नासो जमालपुर गाँव के उत्तर दिशा में जरदेवा पहाड़ के पास हथियार छिपाकर रखने की सूचना मिली थी। गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों द्वारा सघन सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें जंगल के अंदर जमीन में गाड़े गए दो नाली बंदूक और 12 बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।
छापामारी दल में सीआरपीएफ जी/93 बटालियन के कंपनी कमांडर के साथ कुंदन सिंह, चंदन सिंह चौहान, रविन्द्र कुमार शर्मा एवं सशस्त्र बल, संजय कुमार यादव, अनंत कुमार सिंह ,रमण यादव , कमलेश प्रताप सिन्हा शामिल थे।

## चार दिवसीय कार्यशाला में एनयूएसआरएल के बच्चों ने जाना कैसे बनती है डॉक्यूमेंट्री फिल्म


बिभा संवाददाता



**रांची :** राष्ट्रीय विधि अध्ययन और अनुसंधान विश्वविद्यालय (एनयूएसआरएल), रांची की केंद्रीय अनुसंधान और अध्ययन केंद्र (सीएसआरटीआर) ने टीम अखरा के साथ मिलकर चार दिवसीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म कार्यशाला का आयोजन किया।
यह कार्यशाला 21 अक्टूबर को शुरू हुई और आज इसका समापन हुआ। इस दौरान छात्रों ने डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने के विभिन्न पहलुओं पर गहन जानकारी प्राप्त की, जिसमें फ्रेमिंग, साउंड की तैयारी, और कहानी कहने की तकनीकें शामिल थीं। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों श्री मेघनाथ, श्री बिजू टोपो, और श्री रुपेश साहू ने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया।
कार्यशाला के अंतिम दिन, छात्रों ने अलग-अलग टीमों का गठन कर चार डॉक्यूमेंट्री फिल्में बनाई। विषयों में कैंपस की जीवनशैली, दोस्तों का महत्व, और पढ़ाई में तनाव से बचने के तरीके शामिल थे। विशेषज्ञों ने भी छात्रों को इन फिल्मों को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए।
कुलपति डॉ. प्रो अशोक आर. पाटिल ने उद्घाटन समारोह में बताया कि कैसे फिल्म और डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से छात्र अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जानकारी छात्रों को अपने कार्यों में सुधार करने में मदद कर सकती है। सीएसआरटीआर के फैकल्टी कंवेनर डॉ. जीसू केतन पटनायक ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे किसी मुद्दे को समझने और समझाने के लिए इस कौशल का उपयोग कर सकते हैं। फैकल्टी सदस्य राम चंद्र उरांव ने टीम अखरा का धन्यवाद दिया, जिन्होंने छात्रों को फिल्म निर्माण की नई विधा के बारे में जानकारी दी और इसके पीछे की तकनीकों को समझाया। कार्यशाला के अंतिम दिन छात्रों ने अपने सवाल भी रखे, जिनका उत्तर टीम अखरा ने दिया। इस दौरान छात्रों ने टीम अखरा की कई बेहतरीन डॉक्यूमेंट्री फिल्में भी देखीं, जो उन्हें फिल्म निर्माण के मूलभूत सिद्धांतों की समझ प्रदान करने में मददगार साबित हुईं।

## हीरो-होण्डा मोटरसाईकिल के साथ एक अवैध लोडेड देशी कट्टा बरामद

**गोड्डा(बिभा) :** अगामी विधानसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर रखते हुए वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार विजय कुमार केर-केट्टा ने अन्य पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ थाना क्षेत्र में आसूचना संकलन, बूथों के निरीक्षण हेतु भ्रमणशील थे। इसी क्रम में जब प्राथमिक विद्यालय, कोर्टिका के पास पहुँचे तो सामने से एक लाल रंग के मोटरसाईकिल पर सवार एक व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया, जो अचानक पुलिस गाड़ी को देखकर तेज गति से मोटरसाईकिल घुमाकर भागने का प्रयास करने लगा। मोटरसाईकिल घुमाने के क्रम में उक्त व्यक्ति मोटरसाईकिल सहित फिसलकर रोड पर गिर गया। पुलिस गाड़ी वहाँ पहुँचनेवाली थी कि उक्त व्यक्ति वहाँ से जंगल की ओर भागने लगा, जिसे पुलिस बल द्वारा दौड़ाकर पकड़ने का प्रयास किया गया किन्तु वह जंगल-झाड़ी एवं अंधेरा का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। तत्पश्चात उस व्यक्ति के द्वारा छोड़े गए मोटरसाईकिल की जाँच करने पर उक्त बिना पंजीकरण के हीरो-होण्डा मोटरसाईकिल के सीट के नीचे से एक अवैध लोडेड देशी कट्टा बरामद किया।.छापेमारी दल में विजय कुमार केरकेट्टा, अंकित कु० झा, सिरिल सोरेन, बोआरीजोर थाना सशस्त्र बल शामिल थे।



## राज्यस्तरीय खेलो झारखंड खो-खो प्रतियोगिता में रांची बनी चैंपियन

**अंडर 17 बालक एवं अंडर 19 बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में रांची चैंपियन**

**अंडर 17 बालक एवं अंडर 14 बालिका वर्ग में रामगढ़ चैंपियन**

**अंडर 19 बालक वर्ग में खूंटी चैंपियन, बालिका वर्ग में बना रनरअप**

बिभा संवाददाता



**रांची :** राज्यस्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 अंतर्गत खो-खो प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। सभी वर्गों के मुकाबले में टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल का लोहा मनवाया। आज हुए समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में विजयी खिलाड़ियों एवं टीमों को पुरस्कृत किया गया। अंडर 14 बालक वर्ग मुकाबले में गुमला विजेता बना। देवघर इस मुकाबले में रनरअप बना और पूर्वी सिंघभूम तीसरे पायदान पर रहा। देवघर के राज रजवाड़ को बेस्ट चेजर का पुरस्कार मिला। ज्ञानेंद्र उरांव को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला। अंडर 14 बालिका वर्ग मुकाबले में रामगढ़ विजेता बना। रांची की टीम रनरअप रही और गुमला तीसरे पायदान पर रहा। रांची की सानिया कुमारी को बेस्ट चेजर का पुरस्कार मिला। रामगढ़ की रूबी कुमारी को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला।
अंडर 17 बालक वर्ग मुकाबले में रांची विजेता बना। कोडरमा इस मुकाबले में रनरअप बना और सरायकेला तीसरे पायदान पर रहा। रांची के रोहित लोहरा को बेस्ट चेजर का पुरस्कार मिला। कोडरमा के पवन कुमार को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला। अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले में रामगढ़ विजेता बना। पलामू की टीम रनरअप रही और पूर्वी सिंघभूम तीसरे पायदान पर रहा। पलामू की साधना कुमारी को बेस्ट चेजर का पुरस्कार मिला। रामगढ़ की पुष्प कुमारी को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला।
अंडर 19 बालक वर्ग मुकाबले में खूंटी विजेता बना। साहिबगंज इस मुकाबले में रनरअप बना और गुमला तीसरे पायदान पर रहा। साहिबगंज के दुर्गेश कुमार को बेस्ट चेजर का पुरस्कार मिला। खूंटी के राहुल हजम को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला। अंडर 19 बालिका वर्ग मुकाबले में रांची विजेता बना। खूंटी की टीम रनरअप रही और बोकारो तीसरे पायदान पर रहा। खूंटी की करुणा रुंडा को बेस्ट चेजर का पुरस्कार मिला। रांची की रीना कुमारी को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला।

**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com